राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

वर्ष- 12 अंक - 30
लखनऊ, रविवार 15 सितंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





महाकुंभ के लिए पर्यटन विभाग ने की जोरदार तैयारी : जयवीर सिंह 03

डॉक्टरों की सभी मांगों को पर किया जाएगा विचार : ममता 12


## कृषि तथा किसान कल्याण पीएम मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता : शिवराज सिंह

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसान हितैषी हैं और कृषि तथा किसान कल्याण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। श्री चौहान ने यहां कहा कि मोदी सरकार ने किसानों के हित में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।

उन्होंने कहा कि किसान हितैषी मोदी सरकार ने किसानों के हित में निर्णय लेते हुए खाद्य तेलों के आयात शुल्क को शून्य से बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया है। अन्य मदों को जोड़ने पर कुल प्रभावी शुल्क 27.5 प्रतिशत हो जाएगा। इस कदम से सभी तिलहन किसानों ख़ासतौर से सोयाबीन और मूँगफली के किसानों को अच्छे भाव मिलेंगे जिनकी फसल अभी बाज़ार में आने वाली है। साथ ही रबी में तिलहन की बुवाई में बढ़ोतरी होगी और सरसों की फसल के भी अच्छे दाम मिल पायेंगे। श्री चौहान ने कहा कि इस निर्णय से सोया खली का उत्पादन बढ़ेगा और उसका निर्यात हो सकेगा।

## ज्ञानवापी को मस्जिद कहना दुर्भाग्य, ज्ञानवापी ही है विश्वनाथ धाम : योगी

### सीएम योगी ने दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विवि में 'समरस समाज के निर्माण में नाथपंथ का अवदान' विषयक संगोष्ठी को किया संबोधित

समृद्धि न्यूज



**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि आज जिस ज्ञानवापी को कुछ लोग मस्जिद कहते हैं वह साक्षात विश्वनाथ जी ही हैं।

मुख्यमंत्री योगी दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में 'समरस समाज के निर्माण में नाथपंथ का अवदान' विषयक संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन गोरखपुर विश्वविद्यालय और हिंदुस्तानी एकेडमी प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने संतों और ऋषियों की परंपरा को समाज और देश को जोड़ने वाली परंपरा बताते हुए आदि शंकर का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारतीय ऋषियों-संतों की परंपरा सदैव जोड़ने वाली रही है। इस संत-ऋषि परंपरा ने प्राचीन काल से ही समतामूलक और समरस समाज को महत्व दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पृश्यता को दूर करने पर ध्यान दिया गया होता तो देश कभी गुलाम नहीं होता। संत परंपरा ने समाज में छुआछूत और अस्पृश्यता को कभी महत्व नहीं दिया। यही नाथपंथ की भी परंपरा है।

नाथपंथ ने हरेक जाति, मत, मजहब, क्षेत्र को सम्मान दिया। सबको जोड़ने का प्रयास किया। नाथपंथ ने काया की शुद्धि के माध्यम से एक तरफ आध्यात्मिक उन्नयन पर जोर दिया तो दूसरी तरफ समाज के हरेक तबके को जोड़ने के प्रयास किए। उन्होंने कहा कि महायोगी गुरु गोरखनाथ जी की शब्दियों, पदों और दोहों में समाज को जोड़ने और सामाजिक समरसता की ही बात है। उनकी गुरुता भी सामाजिक समरसता को मजबूत करने के लिए प्रतिष्ठित है।

### नाथपंथ की परंपरा के अमिट चिह्न विदेशों में भी हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि नाथपंथ की परंपरा के अमिट चिह्न सिर्फ देश के हर कोने में ही नहीं हैं बल्कि विदेशों में भी हैं। उन्होंने अयोध्या में गत दिनों तमिलनाडु के एक प्रमुख संत से हुई मुलाकात का उल्लेख करते हुए बताया कि उक्त संत से उन्हें तमिलनाडु के सुदूर क्षेत्रों की नाथपंथ की पांडुलिपियां प्राप्त हुई हैं। यहां गोरखनाथ जी से जुड़े अनेक साधना स्थल और नाथपंथ की परंपराएं आज भी विद्यमान हैं। कर्नाटक की परंपरा में जिस मंजूनाथ का उल्लेख आता है, वह मंजूनाथ गोरखनाथ जी ही हैं। महाराष्ट्र में संत ज्ञानेश्वर दास की परंपरा भी मत्स्येंद्रनाथ जी, गोरखनाथ जी और निवृत्तिनाथ जी की कड़ी है। महाराष्ट्र में रामचरितमानस की तर्ज पर नवनाथों की पाठ की परंपरा है। पंजाब, त्रिपुरा, असम, बंगाल आदि राज्यों के साथ ही वृहत्तर भारत और नेपाल, बांग्लादेश, तिब्बत, अफगानिस्तान, पाकिस्तान समेत अनेक देशों में नाथपंथ का विस्तार देखने को मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### चार धाम यात्रा : 40 श्रद्धालु ब्रदीनाथ-यमुनोत्री मार्ग पर फंसे

**पालनपुर।** उत्तराखण्ड में चार धाम की यात्रा पर गए पालनपुर के 40 श्रद्धालु ब्रदीनाथ-यमुनोत्री सड़क पर फंस गए हैं। उत्तराखंड में बारिश के कारण भूस्खलन से सड़क यातायात बंद कर दिया गया है। चमोली में ब्रदीनाथ हाइवे के वैकल्पिक मार्ग नंदप्रयाग से कोट कोठियालसेन मार्ग को भूस्खलन के कारण बंद कर दिया गया है। इसी तरह यमुनोत्री, ब्रदीनाथ हाइवे भी बंद किया गया है। इन सड़कों पर भूस्खलन के कारण पत्थर रास्ते पर गिरे हैं। प्रशासन इन्हें हटाने में जुटा है। बताया गया है कि थराली चेपडो के समीप थराली देवाल सड़क मार्ग पर भूस्खलन के कारण चीड़ के दो बड़े पेड़ धराशायी हो गए। इससे 12 घंटे से रास्ता बंद है। जेसीबी की मदद से इन्हें हटाने का प्रयास किया जा रहा है।

### मुंबई एयरपोर्ट पर 7.5 किलो सोने के साथ आठ गिरफ्तार

**मुंबई।** सीमा शुल्क विभाग (कस्टम विभाग) ने मुंबई एयरपोर्ट पर तस्करी के आरोप में आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 7.465 किलोग्राम सोना भी बरामद किया गया है। बरामद सोने की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 5.113 करोड़ रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपितों में मुंबई एयरपोर्ट के दो संविदा कर्मचारी भी हैं। मुंबई कस्टम विभाग के एक अधिकारी ने शनिवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि विभाग की ओर से गुरुवार एवं शुक्रवार को विशेष कार्रवाई की गई थी। उनके पास से कुल 4.655 किलोग्राम 24 कैरेट सोना बरामद किया गया। यह सोना बड़ी चालाकी से दो यात्रियों ने अपने पतलून की जेब में छिपाया था। दोनों यात्रियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### हरियाणा चुनाव : कांग्रेस ने तीन पर्यवेक्षक नियुक्त किए

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रचार अभियान और रणनीति को और मजबूती प्रदान करने के लिए शनिवार को कांग्रेस ने तीन पर्यवेक्षक नियुक्त किए। पार्टी ने अजय माकन, अशोक गहलोत और प्रताप सिंह बाजवा को पर्यवेक्षक बनाया है। अजय माकन राज्यसभा के सदस्य हैं। वह दिल्ली के पूर्व मंत्री भी रह चुके हैं। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत वर्तमान में राज्य में विधायक हैं। वहीं प्रताप सिंह बाजवा वर्तमान में पंजाब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं।

## हरियाणा में हमारी जीत तय

### प्रधानमंत्री मोदी ने कुरुक्षेत्र में चुनावी रैली में जनता से मांगा भाजपा के लिए समर्थन

▸ 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को पांच लाख तक का मुफ्त इलाज

एजेंसी



**कुरुक्षेत्र/नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कुरुक्षेत्र में चुनावी रैली में कहा कि हरियाणा में भाजपा की जीत की हैट्रिक तय है।

प्रधानमंत्री मोदी ने हरियाणा चुनाव के लिए अपनी पहली रैली को संबोधित करते हुए लोगों से आगामी राज्य विधानसभा चुनावों में लगातार तीसरी बार भाजपा को समर्थन देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, मैं एक बार फिर इस पवित्र भूमि पर भाजपा की सरकार बनाने के लिए आपका समर्थन मांगने आया हूं। आपने मुझे लगातार तीसरी बार दिल्ली में सेवा करने का अवसर दिया है और आज जो उत्साह मैं यहां देख रहा हूं, उससे यह स्पष्ट है कि भाजपा की हैट्रिक निश्चित है। मोदी ने जोश के साथ कहा कि हरियाणा के लोग अपनी बात पर अडिग रहने के लिए जाने जाते हैं और भाजपा ने भी यही सीखा है। हम जो वादा करते हैं, उसे पूरा करते हैं। उन्होंने कहा कि अभी कुछ दिन पहले ही हमने एक बड़ा फैसला किया है, जिसका लाभ हरियाणा के लाखों परिवारों को मिलेगा। भाजपा सरकार ने फैसला किया है कि 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी बुजुर्गों को अब 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। हमने कहा था कि भाजपा सरकार के पहले 100 दिन बड़े फैसलों के होंगे। 100 दिन से भी कम समय में हमने 15 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू की हैं और वंचितों के लिए 3 करोड़ घरों को मंजूरी दी है, जिससे उन्हें न केवल एक घर बल्कि एक स्थायी पता, उनके सपनों के लिए एक लॉन्चपैड मिला है। प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा के शासन रिकॉर्ड पर प्रकाश डाला तथा किसानों, गरीबों, युवाओं और महिलाओं को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से हाल में की गई पहलों का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने भाजपा के रिकॉर्ड की तुलना कांग्रेस से की तथा पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश में उसके प्रदर्शन की आलोचना की। उन्होंने कहा, हरियाणा का पड़ोसी हिमाचल प्रदेश है, जहां कुछ साल पहले कांग्रेस ने सरकार बनाई थी। हालांकि, हिमाचल प्रदेश में अब कोई भी खुश नहीं है और कांग्रेस ने वहां समाज के हर वर्ग के लिए झूठे वादे किए। कांग्रेस ने अपना एक भी वादा पूरा नहीं किया और सरकारी कर्मचारी अपने वेतन के लिए हड़ताल पर जाने को मजबूर हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष की आलोचना करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और कहा, कांग्रेस ने कभी भी लोगों की समस्याओं की परवाह नहीं की।

### महाराष्ट्र में फिर से एनडीए सरकार लाने का आह्वान



**मुंबई।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से महाराष्ट्र में फिर से एनडीए की सरकार लाने का आह्वान किया है। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा को बड़े भाई के रूप में सहयोगी दलों को संभालने की भी सलाह दी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शनिवार को मुंबई के लालबाग जाकर भगवान गणेश का दर्शन किया। नड्डा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और मुंबई भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार के साथ बांद्रा स्थित सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल भी गए और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की। नड्डा ने फडणवीस के सरकारी आवास पर राज्य के पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विधानसभा चुनाव की समीक्षा भी की। उन्होंने प्रदेश के भाजपा नेताओं से कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की राकांपा के साथ मिलकर लड़ना है। साथ ही अगर इनमें कोई कहीं कमजोर पड़ रहा है तो प्रदेश नेताओं को उनकी मदद करनी चाहिए, जिससे चुनाव में एनडीए के अधिक से अधिक प्रत्याशी जीत सकें।

## उत्तर प्रदेश में पांच पीपीएस अधिकारियों का तबादला



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लगातार प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के तबादले हो रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार की शाम को प्रान्तीय पुलिस सेवा संवर्ग (पीपीएस) के पांच अफसरों का स्थानांतरण हुआ है।

तबादलों के क्रम में अमित सक्सेना को पुलिस उपाधीक्षक ईओडब्ल्यू लखनऊ से पुलिस उपाधीक्षक कुशीनगर बनाया गया है। राजवीर सिंह गौर को पुलिस उपाधीक्षक एएनटीएफ मुख्यालय लखनऊ से पुलिस उपाधीक्षक बांदा, युवराज सिंह को पुलिस उपाधीक्षक अयोध्या से पुलिस उपाधीक्षक बुलंदशहर भेजा गया है। इसी तरह योगेन्द्र कुमार को पुलिस उपाधीक्षक साइबर क्राइम के पद से हटाते हुए पुलिस उपाधीक्षक अयोध्या बनाया गया है। वहीं, दिलीप सिंह प्रथम को पुलिस उपाधीक्षक बुलंदशहर से पुलिस उपाधीक्षक एलआईयू अलीगढ़ की जिम्मेदारी दी।

## सुरक्षाबलों ने बारामूला में मुठभेड़ में तीन आतंकवादियों को मार गिराया

एजेंसी



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में शनिवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में तीन आतंकवादियों को मार गिराया है। पुलिस ने बताया कि बारामूला जिले के पट्टन तहसील के चक टप्पर क्रीरी इलाके में हुई मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए। पुलिस ने बताया, बारामूला जिले के चक टप्पर क्रीरी इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच शुक्रवार देर शाम मुठभेड़ शुरू हुई थी। उन्होंने कहा, बीती रात खराब रोशनी के कारण अभियान स्थगित कर दिया गया था।

शनिवार सुबह अभियान फिर शुरू किया गया और मुठभेड़ में तीन आतंकवादियों का ढेर कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया, इलाके में तलाशी अभियान अभी भी जारी है। मारे गए आतंकवादियों की सही पहचान और उनके संगठन का पता लगाया जा रहा है। इस बीच, जम्मू डिवीजन के किश्तवाड़ जिले के चटरू गांव में आतंकवाद विरोधी अभियान अभी भी जारी है, जहां शुक्रवार को आतंकवादियों के एक समूह के साथ मुठभेड़ में सेना के दो जवान शहीद हो गए और दो अन्य घायल हो गए थे। बता दें कि चिनाब घाटी क्षेत्र के डोडा, किश्तवाड़ और रामबन जिलों में फैली आठ विधानसभा सीटों के साथ-साथ दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग, पुलवामा, शोपियां और कुलगाम जिलों की 16 सीटों पर पहले चरण में 18 सितंबर को मतदान होगा। जम्मू, कठुआ और सांबा जिलों में 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर चुनाव के दूसरे और तीसरे चरण में मतदान होगा। जम्मू डिवीजन के पहाड़ी जिलों पुंछ, राजौरी, डोडा, कठुआ, रियासी और उधमपुर में पिछले दो महीनों से अधिक समय से सेना, सुरक्षाबलों और नागरिकों पर आतंकवादी हमले हुए हैं। आतंकवादी घात लगाकर अचानक हमला करते हैं और फिर पहाड़ी क्षेत्रों के जंगलों में गायब हो जाते हैं। इन हमलों के लिए विदेशी आतंकवादियों के एक समूह को जिम्मेदार बताया जा रहा है।

## सपा विधायक की बढ़ीं मुश्किलें, नौकरानी की मौत मामले में एफआईआर दर्ज

**भदोही।** जिले विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के विधायक और उनकी पत्नी के खिलाफ नाबालिग नौकरानी को कथित रूप से प्रताड़ित करने और उसके साथ मारपीट करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। घरेलू नौकरानी को हाल ही में उनके घर से बरामद किया गया था। पुलिस के अनुसार, श्रम विभाग ने बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष पीसी उपाध्याय की सिफारिश पर शुक्रवार देर रात विधायक जाहिद बेग और उनकी पत्नी सीमा बेग के खिलाफमामला दर्ज किया। यह कार्रवाई सोमवार को विधायक के आवास पर एक अन्य किशोरी की आत्महत्या और उसके बाद मंगलवार को भदोही पुलिस और श्रम प्रवर्तन विभाग के कर्मियों द्वारा की गई छापेमारी के दौरान 17 वर्षीय लड़की को बचाए जाने के बाद की गई है।

## बारिश से भरभराकर गिरी घर की छत, दो बच्चों की दर्दनाक मौत

समृद्धि न्यूज

**मेरठ।** मेरठ में रुकरुक कर हो रही बारिश की वजह से एक घर की कच्ची छत भर भराकर गिर गई। मलबे में पूरा परिवार दब गया। आसपास के लोगों ने जैसे-तैसे मलबे में दबी महिला, उसके पति और बच्चों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक दो बच्चों की दर्दनाक मौत हो चुकी थी। घायल पति और गर्भवती पत्नी अस्पताल में भर्ती है। इस घटना के बारे में जिसने भी सुना उसी का दिल दहल गया।

मेरठ के देहात इलाके बहसूमा थाना के मोडखुर्द गांव में मशरूफ का मकान है। उनके घर की दीवारें तो ईंट की हैं, लेकिन छत कच्ची बनी हुई थी। कई दिन से हो रही बारिश से छत टपक रही थी, लेकिन मजबूरी और गरीबी की वजह से तंगहाली की जिंदगी जी रहे मशरूफ को नहीं पता था कि ये छत उसके परिवार पर कहर बनकर टूटेगी। बारिश पड़ रही थी और मशरूफ की पत्नी रूखसार, बच्चा बिलाल, इनाया और खुद मशरूफ भी छत के नीचे दब गए। लोग मदद के लिए दौड़ पड़े लेकिन तब तक बिलाल और इनाया की मौत हो चुकी थी, जबकि रूखसार और उनका पति मशरूफ गंभीर रूप से घायल हैं। बारिश की वजह से सभी लोग अपने घरों में थे। अचानक से तेज धमाके की आवाज आई तो लोग अपने घरों से बाहर निकले। पता चला कि मशरूफ के घर की कच्ची छत गिर गई है और उसके नीचे पूरा परिवार दब गया है।

## फर्जी चिट फंड कंपनी बनाकर करोड़ों की ठगी करने वाले पांच गिरफ्तार

**बाराबंकी।** चिट फंड कंपनी बनाकर गरीबों का लगभग 12 करोड़ रुपये धोखाधड़ी कर हड़पने वाले पांच शातिर अपराधियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ. अवधेश कुमार ने शनिवार को पत्रकार वार्ता फर्जी चिट फंड कंपनी का खुलासा किया। शहर की एलआईसी बिल्डिंग के पास वर्ष 2021 में फर्जी चिट फंड कंपनी का रजिस्ट्रेशन कराकर तेरह सौ लोगों का पैसा हड़पने वाली कंपनी का पर्दाफाश हुआ है। जिन लोगों ने इस कंपनी में पैसा जमा किया था उन लोगों की शिकायत पर कंपनी डायरेक्टर शैलेंद्र वर्मा, मैनेजर सौरभ वर्मा, उपेंद्र कुमार असिस्टेंट मैनेजर, अंकित कुमार यादव फील्ड ऑफिसर और महिला एजेंट रेखा, इसमें लिप्त पाए गए हैं।

## नक्शा पास नहीं होने पर प्रशासन ने वक्फ बोर्ड की 12 दुकानें सील की

समृद्धि न्यूज

▸ दुकानों के बाहर पुलिस बल भी तैनात 1986 में बनी थी दुकानें

**बिजनौर।** जिला एवं पुलिस प्रशासन ने शनिवार को कलक्ट्रेट कार्यालय के पास बनी वक्फ बोर्ड की 12 दुकानों को सील करते हुए नोटिस चस्पा कर दिया। दुकानों के बाहर पुलिस बल भी तैनात है। इन दुकानों का नक्शा पास नहीं होने पर यह कार्रवाई की गयी है।

थाना शहर कोतवाली के कलक्ट्रेट कार्यालय स्थित कचहरी वाली मस्जिद की 12 दुकानों को प्रशासन ने सील किया है। प्रशासन का कहना है कि विनियमित क्षेत्र द्वारा सभी दुकान मालिकों को नक्शा पास के कागज दिखाने के लिए कहा गया था। दुकान मालिकों द्वारा पास किया गया नक्शा नहीं दिखाये जाने पर इनकी दुकानों को सील किया गया है। दुकान मालिकों का कहना है कि सभी दुकानें कचहरी वाली मस्जिद की है जो वक्फ बोर्ड के आधीन है।

वर्ष 1986 में ये दुकानें बनाई गई थी, उस समय नक्शा पास कराने का कोई प्रावधान नहीं था। सभी दुकानदारों का कहना है कि वे सभी कागजों के साथ अधिकारियों से मिलेगें तथा उन्हें पूरे मामले की जानकारी देकर सील खोलने की अपील की जायेगी।

## लखनऊ में 13 नवंबर तक लागू रहेगी बीएनएसएस की धारा 163

**लखनऊ।** आगामी त्योहार व जयंती को देखते हुए लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट ने शनिवार को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू करने के आदेश दिए है। यह धारा 15 सितंबर से लागू की जाएगी है, जो 13 नवंबर तक रहेगी। पुलिस कमिश्नरेट की ओर से यह जानकारी दी गई कि बारवफात, विश्वकर्मा पूजा, अन्नत चतुर्दशी, महात्मा गांधी, शारदीय नवरात्रि, दशहरा पर्व, दीपावली और छठ पर्व, राजनीतिक गतिविधियों समेत अन्य महापुरूषों की जयंती को ध्यान में रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू की गयी है। इस दौरान बिना अनुमति के धरना प्रदर्शन, पैदल मार्च, सार्वजनिक स्थान पर पुतला दहन, अफवाह फैलाना, सोशल मीडिया के माध्यम से गलत प्रचार करना आदि पर प्रतिबंध रहेगा।

## पीसीएस जे परीक्षा केस में हाईकोर्ट ने मांगा राज्य से जवाब, सीबीआई से जांच कराने की मांग

▸ याची के वकील ने आयोग की भूमिका पर उठाए सवाल, 30 को फिर होगी सुनवाई

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** लोक सेवा आयोग की पीसीएस जे 2022 मुख्य परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं में गड़बड़ी के मामले में आयोग की ओर से की गई सिफारिश पर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से एक बार फिर से जवाब तलब किया है। कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि आयोग ने पूर्व में चयनित जिन दो अभ्यर्थियों को चयन से बाहर कर दो नए अभ्यर्थियों को चयन में शामिल करने की सिफारिश की है, उस पर सरकार ने क्या निर्णय लिया है। कोर्ट ने राज्य सरकार को इस पर जवाब दाखिल करने का समय दिया है। सीबीआई जांच और प्राथमिकी दर्ज कराने की उठी मांग पर कोर्ट ने याचिका करने वाले अभ्यर्थी की ओर से प्रस्तुत संशोधन अर्जी पर जवाब देने को कहा है। अर्जी में की गई सीबीआई से जांच कराने और प्राथमिकी दर्ज करने की मांग पर खास तौर से जवाब मांगा गया है। कोर्ट ने यह भी कहा है कि जब तक मामले की सुनवाई चल रही है, इस परीक्षा से सम्बंधित समस्त रिकॉर्ड सुरक्षित रखे जाएं।

### दो अन्य अभ्यर्थी भी पहुंचे कोर्ट

दो अन्य अभ्यर्थियों की ओर से भी अधिवक्ताओं ने कोर्ट में मेंशन कर कहा कि वह भी याचिका दाखिल कर रहे हैं। इस पर कोर्ट का कहना था कि उनकी याचिका दाखिल होने के बाद उस पर विचार किया जाएगा, जबकि श्रवण पांडे के अलावा दो अन्य अभ्यर्थियों की याचिका पर सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने इससे पूर्व सुनवाई पर आयोग द्वारा खुद ही परिणाम संशोधित कर दो अभ्यर्थियों को चयन से बाहर करने और दो को चयन में शामिल करने की संस्तुति पर सवाल उठाए थे। कोर्ट ने जानना चाहा था कि आयोग को यह शक्ति कहां से प्राप्त है और यदि ऐसा है तो इस पर गम्भीरता से विचार करने की आवश्यकता है। आयोग की ओर से हाईकोर्ट में हलफनामा दाखिल किया गया। राज्य सरकार ने और समय की मांग की। जिस पर कोर्ट ने मामले की सुनवाई 30 सितम्बर को करने का निर्देश देते हुए राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए कहा है।

सम्मान

### सपा अध्यक्ष ने पुस्तक कर्ण का विमोचन करते हुए साहित्यकारों को किया सम्मानित

## हिन्दी को बढ़ाने व संरक्षण के काम को और आगे बढ़ाएगी सपा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** दुर्योधन को भी यह पता था कि कर्ण अगर हमारे साथ है तो महाभारत जीती जा सकती है। कर्ण नहीं है हमारे साथ तो दूसरे पक्ष का मुकाबला नहीं कर पाएंगे। यह बातें समाजवादी पार्टी (सपा)के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को हिन्दी दिवस के अवसर पर आयोजित पुस्तक विमोचन कर्ण का विमोचन करते हुए कही। उन्होंने इस दौरान साहित्यकारों को सम्मानित किया। उन्होंने प्रदेश और देशवासियों समेत उपस्थित पत्रकारों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी।

अखिलेश यादव ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि आज उदयप्रताप सिंह को बधाई व धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने आज हिन्दी दिवस पर पुस्तक विमोचन कार्यक्रम और साहित्यकारों से मिलने का मौका दिया। इस दौरान उन्होंने विशेष तौर पर अब्दुल्ला बिस्मिल्ला को बधाई देता हूं। उनको सुनने के बाद उपस्थित लोगों के चेहरे पर बहुत दिनों बात उनको सुनकर जो खुशी थी उसके लिए उन्हें बधाई देता हूं। जब कभी कोई बड़ा कार्यक्रम हुआ तो उन्हें (अब्दुल्ला बिस्मिल्ला) को जरूर हम न्योता देंगे। सपा अध्यक्ष ने कहा कि आज हिंदी को जिस रूप में बढ़ाया जाना चाहिए था नहीं हुआ। आजादी के समय में भी हिंदी की बड़ी भूमिका रही है। भाषाओं का भी सम्मान किया जाना चाहिए। मैं भरोसा दिलाता हूं कि जिस तरह से राम मनोहर लोहिया जी, नेताजी ने हिंदी को बढ़ाने और संरक्षण के लिए जो काम किए हैं, उस काम को आगे बढ़ाएंगे।

### अखिलेश ने बसपा से गठबंधन टूटने पर फिर दी सफाई

पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए बसपा से गठबंधन टूटने को लेकर अखिलेश यादव ने फिर सफाई दी। उन्होंने कहा कि जो बसपा और सपा का गठबंधन था वह ऐसा गठबंधन था जो बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर और डॉ राम मनोहर लोहिया जी करना चाहते थे अपने जीवनकाल में, वो नहीं कर पाए। उस समय जब सपा–बसपा का गठबंधन था तब मैंने कहा था कि ये देश की राजनीति बदलेगा। लेकिन कुछ परिस्थितियां ऐसी रही कि वो गठबंधन ज्यादा नहीं चल सका। बात बहुत छोटी आई है। किसने किसका फोन नहीं उठाया और किसने किसको फोन किया। जिस समय सूचना मिली कि सपा बसपा का गठबंधन तोड़ दिया गया है उस समय मेरे बगल में एक बसपा के पुराने बड़े नेता बैठे थे। गठबंधन टूटने की चर्चा को लेकर सबसे पहले उनसे ही पूछा कि अब क्या करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें भी ऐसे ही धोखा मिला था आपको भी धोखा मिल गया।

### जम्मू में सपा भी लड़ेगी चुनाव

अखिलेश यादव ने कहा कि 370 के हटने के बाद पहली बार जम्मू कश्मीर में चुनाव हो रहा है। इसलिए अबकी बार समाजवादी पार्टी ने भी वहां पर चुनाव लड़ने का फैसला किया। इस विधानसभा चुनाव में पार्टी पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेगी।

# बाढ़ग्रस्त इलाकों में पहुंचे एडीएम ग्रामीणों को दिया भरोसा

- एडीएम ने देखी बाढ़चौकी, व्यवस्थाओं का लिया जायजा
- राजस्व अफसरों ने प्रभावित परिवारों से जाना दुखदर्द, मदद का दिया भरोसा

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बाढ़ की विभीषिका, नदियों में बढ़ने वाले जलस्तर को लेकर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल बेहद संजीदा है। बाढ़ प्रबंधन और जन-जीवन की सुरक्षा के दृष्टिगत डीएम ने सभी उप जिलाधिकारियो को न केवल विस्तृत दिशा निर्देश दिए है, बल्कि एसडीएम से नियमित संवाद कर अनुश्रवण भी कर रही है।

बाढ से प्रभावी ढंग से निपटने, उनके प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से संकट की घड़ी में हरसंभव सहायता के संकल्प के साथ डीएम के नेतृत्व, मार्गदर्शन में सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहे। शनिवार को अपर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने तहसील सदर क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र करदहिया मानपुर, जंगल नंबर-10, जंगल नंबर 11, गूम आदि गांव का बाढ़ दृष्टिगत निरीक्षण, बाढ़ चौकी मिलपुरवा का निरीक्षण, नाविकों एवं स्थानीय लोगो से वार्ता एवं हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। एडीएम ने एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह संग बाढ़ चौकी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। निर्देश दिए कि बाढ़ चौकी में तैनात कार्मिक सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वहन करें। प्राप्त सूचनाओं पर क्विक रेस्पॉन्ड करें। कम्युनिकेशन सिस्टम को मजबूत रखें, प्रभावित गांवों के प्रधान एवं संभ्रांत नागरिकों से संपर्क और समन्वय रखें। एडीएम ने करदहिया मानपुर सहित अन्य गांव का भ्रमण कर ग्रामवासियों से मुलाकात की और हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किया।

**धौरहरा।** एसडीएम राजेश कुमार, तहसीलदार आदित्य विशाल ने भ्रमणशील रहकर संभावित बाढ़ प्रभावित गांव बिंजहा, दुंडकी का दौरा कर उन्हें सतर्क और सचेत किया। आग्रह किया कि नदी के तटवर्ती इलाकों में बसे ग्राम वासी ऊंचे स्थानों पर शरण ले लें। किसी भी असुविधा पर स्थानीय लेखपाल राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार एवं उन्हें स्वयं सूचित करें। प्राप्त सूचना पर तहसील प्रशासन क्विक रेस्पॉन्ड करेगा। सरकार की मंशा के अनुरूप संकट की घड़ी में पूरा तहसील प्रशासन उनके साथ खड़ा रहेगा। ग्राम क्षेत्रों के स्थानीय लोगों से अपील की जाती है कि नदी के किनारे न जाये, नदी में नाव यात्रा न करें, रात्रि में सजग रहें तथा अपने-अपने ग्रामों में ऊँचे स्थानों पर रहे। अपरिहार्य स्थिति में 9454416578 पर सूचना दें।

## एसडीएम के नेतृत्व में बांटा गया लंच पैकेट



**पलिया।** एसडीएम कार्तिकेय सिंह पलिया तहसील बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रभावितों को राहत पहुंचाने के लिए स्वयं मुस्तैद नजर आए। एसडीएम कार्तिकेय सिंह के नेतृत्व में तहसीलदार आरती यादव और राजस्व टीमों के जरिए बाढ़ प्रभावित ग्राम गोविंदनगर, मजरा पश्चिम, निषादनगर, श्रीनगर, अतरिया, प्रेमनगर, मजगई आदि ग्राम में प्रभावितो को लंचपैकेट का वितरण कराया। बताते चलें कि शुक्रवार की रात एसडीएम कार्तिकेय सिंह पूरी रात इन क्षेत्रों में कैंप करते नजर आए।

**निघासन।** उप जिलाधिकारी राजीव कुमार निगम ने शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ से प्रभावित ग्राम रणनगर, गंगानगर, बनवीरपुर, जनकपुर, नयापिंड मजरा खरटिया, जसनगर का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान बाढ़ की स्थिति का अवलोकन करते हुए प्रभावित परिवारों से कुशलक्षेम से जानते हुए हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किया। एसडीएम ने ग्रामीणों से अपील की कि नदी और बाढ़ के पानी वाले क्षेत्र से दूर रहे। रपटा पार न निकले।

**गोला।** एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता और तहसीलदार सुखबीर सिंह ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण कर प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान एसडीएम और राजस्व टीमों ने क्रमशः प्रभावित गांव बेलहा सिकटिहा व बजेड़ा में 01–01 हजार, रेवतीपुरवा में 800, करसौर में 2000, रूरा सुल्तानपुर में 1400, गुजारा में 1600,अषाड़ी में 700 और जंगल नंबर 9 में 300 लंच पैकेट का वितरण किया।

# डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा थाना कोतवाली सदर में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे, जहां दोनो अफसरों ने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी। समाधान दिवस में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। डीएम-एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान सीओ सिटी रमेश चंद तिवारी, प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह सहित राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## आंधी बारिश से गिरी धान व गन्ने की फसल, हुआ नुकसान

**बिजुआ खीरी।** बुधवार से शुक्रवार तक हुई बारिश से जहां एक ओर किसानों की फसलों को फायदा पहुंचा है। वहीं बारिश के साथ तेज हवा ने खेतों में खड़ी फसलों को जमींदोज कर दिया है। जिससे किसानों का काफी नुकसान हुआ है। बुधवार रात से शुक्रवार तक हुई रुक रुक रिमझिम से तेज बारिश से धान, गन्ना की फसल को लाभ पहुंचता वहीं रात में चली तेज हवाओं के कारण तमाम किसानों की गन्ने की फसल धराशाई हो गई। जिससे उन्हें नुकसान हुआ है। लेट बारिश होने के कारण उन किसानों को भी नुकसान पहुंच रहा है जिनकी धान की फसल फूल पर है। क्षेत्र के अधिकांश किसानों ने बताया कि उन्होंने पहले ही अपने गन्ने की फसल बंधवा दी थी,पर तेज हवा ने उसे भी पलट दिया।

## लाखो की नकदी जेवर पर चोरों ने किया हाथ साफ

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत चौबीसी गांव स्थित एक घर में हुई चोरी में चोर लाखों रुपए की नगदी और जेवर चुराकर चंपत हो गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस छानबीन कर रही हैं। जानकारी के अनुसार गांव निवासी कैलाश कश्यप पुत्र चंदी का घर चौबीसी कमेला मार्ग पर नहर के किनारे स्थित है। खाना खाने पीने के बाद बीती रात परिवार के साथ सोने चले गए। सुबह जब उठे तो घर का नजारा देखकर दंग रह गए। रात्रि किसी समय छत पर चढ़े चोर दीवार में कटे बयाले के सहारे कमरे में उतरे और फिर बक्से और अलमारी को अपना निशाना बनाते हुए इनमें रखें गृह स्वामी की पत्नी पुत्र वधू व पुत्री के जेवर पर हाथ साफ करके चंपत हो गए।

# एसपी खीरी ने किया पुलिस यार्ड का निरीक्षण

- यार्ड में एक गार्ड रुम बनाया गया जिसमें पुलिस कर्मियों की हुई नियुक्ति

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा द्वारा थाना कोतवाली सदर की चौकी रामापुर के ग्राम रंगीलानगर में स्थित नव निर्मित पुलिस यार्ड का निरीक्षण किया गया। नव निर्मित पुलिस यार्ड बनकर तैयार हो गया है।

पुलिस यार्ड का उद्घाटन शीघ्र ही किया जाएगा। नव निर्मित पुलिस यार्ड करीब- 4300 वर्गमीटर में बना हुआ है। यार्ड में एक गार्द रुम बनाया गया जिसमें पुलिस कर्मियों की नियुक्ति कर दी गई है। नव निर्मित पुलिस यार्ड में सीसीटीवी कैमरा व सीसीटीवी कंट्रोल रूम एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध है। पुलिस अधीक्षक खीरी ने यार्ड का निरीक्षण करने के दौरान क्षेत्राधिकारी सदर, रमेश कुमार तिवारी व थाना प्रभारी सदर अम्बर सिंह को जनपद के समस्त थानों में खड़े वाहनों को यार्ड में शिफ्ट कराए जाने के हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। नव निर्मित पुलिस यार्ड में जनपद के सभी थानों के लावारिश, माल मुकदमाती व एक्सीडेंटल वाहन थानावार स्थान चिन्हित कर खड़े किए जाएंगे जिसका विवरण गार्द रुम के रजिस्ट्रार में भी रखा जाएगा। नव निर्मित पुलिस यार्ड बनने से थानों पर लावारिश, माल मुकदमाती व? एक्सीडेंटल वाहनों को खड़ा करने से निजात मिलेगी।

# सहकारी चीनी मिल के गन्ना कार्यालय में किसान मेला आयोजित



**तिकुनिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बेलरायां सरजू सहकारी चीनी मिल के गन्ना कार्यालय में नो दिवसीय किसान मेला का आयोजन किया गया है।इस दौरान मेला का उद्घाटन विधायक शशांक वर्मा ने फीता काटकर किया है। बाद में विधायक ने मेला में लगे शिविरों में कागजातों की गहनता से जांच किया है,वहीं मुख्य गन्ना अधिकारी ने किसानों से आधार कार्ड, मोबाइल, घोषणा पत्र जल्द जमा करने की अपील किया है।

किसान मेला का शुभारंभ विधायक शशांक वर्मा ने फीता काटकर किया है।बाद में विधायक ने मेला में लगे शिविरों में गन्ना प्रवेझको का परिचय लेकर कागजातों की जांच किया है। बाद में किसानों की हर संभव मदद करने के निर्देश अफसरों को दिया है। मेला में मुख्य गन्ना अधिकारी भीम कुशवाहा ने कहा कि गन्ना कार्यालय में किसान मेला 14 से लेकर 22 सितंबर तक रहेगा।सीसीओ ने किसानों से मेला में आधार कार्ड,मोबाइल नंबर,घोषणा पत्र जल्द जमा करने की अपील किया है। इस मौके पर विधायक शशांक वर्मा, सीसीओ भीम कुशवाहा, गन्ना ज्येष्ठ निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार दुबे,रमाशंकर पांडे,ध्रुव वर्मा, रामसेवक वर्मा के अलावा गन्ना प्रवेझक रवि कुमार अशोक कुमार सहित तमाम गन्ना किसान मौजूद रहे हैं।

# बाढ़ प्रभावित गांव मिलिक व पीएचसी चंदवापुर पड़री का सीएमओ ने किया निरीक्षण

- सीएचसी अधीक्षक को निर्देशित किया कि जहां पर भी दवाओं की है कमी ,वहां पर तत्काल दवाओं को उपलब्ध कराएं

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



सीएचसी खमरिया के बाढ़ प्रभावित गांव मिलिक व पीएचसी चंदवापुर पड़री का सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ सीएचसी अधीक्षक डॉ पंकज कुमार भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के दृष्टिगत उन्होंने निरीक्षण किया।

ग्राम मिलिक में बाढ़ प्रभावित चौकी का निरीक्षण किया, दवाओं की उपलब्धता को देखा, आशाओं से बात की और बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों से भी मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी की जिस पर लोगों ने संतोष जाहिर किया। सभी आशाओं के पास दवाओं की उपलब्धता मिली।

इस दौरान उन्होंने सीएचसी अधीक्षक को निर्देशित किया कि जहां पर भी दवाओं की कमी है, वहां पर तत्काल अतिरिक्त दवाओं को उपलब्ध कराएं। इसके बाद वह पीएचसी चंदवापुर पड़री पर पहुंचे जहां पर डॉ आलोक कुमार, फार्मासिस्ट शिव प्रकाश द्विवेदी व सीएचओ इंद्रजीत कुमार योग प्रशिक्षक विजय कुमार मौजूद मिले। रजिस्टर का निरीक्षण करने पर पाया कि उनके द्वारा स्वयं रजिस्टर नहीं भरा जा रहा है। इसे लेकर उन्होंने सभी को अपना रजिस्टर स्वयं भरने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सीएचसी अधीक्षक डॉ पंकज कुमार को कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जहरीले जीवों के काटने का खतरा भी बढ़ गया है। इसे देखते हुए वह यह सुनिश्चित करें कि एंटी स्नेक बाइट व डॉग बाइट के इंजेक्शन भी सभी बाढ़ राहत चौकिया पर उपलब्ध रहे।

# नाबालिग की मौत, परिजन ने लगाया पुलिस पर पिटाई का आरोप

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



फरधान थाना क्षेत्र के अतर्गत ग्राम सिसावां कला निवासी नाबालिग युवक को फरधान थाना की पुलिस ने चोरी के आरोप में पिटाई कर दी। आरोप है कि पुलिस की पिटाई से युवक की मौत हो गई। ग्राम सिसावां कला निवासी आकाश भार्गव उर्फ पंडित (16) पुत्र टाईं लाल भार्गव को फरधान थाने की पुलिस ने सिसावां कला बाजार में रखे एक खोखे में चोरी के आरोप में पूछताछ के लिए पकड़कर थाना फरधान लेकर गयी थी जहां पुलिस कर्मियों के द्वारा उसकी पिटाई थाने में की गई। हालत बिगड़ गई तो पुलिस ने उसे छोड़ दिया। परिवारीजनों ने आनन फानन में पीड़ित को लखीमपुर इलाज के लिए ले गए। हालत ज्यादा बिगड़ जाने पर चिकित्सको ने लखनऊ रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान आकाश की मौत हो गयी जिसके बाद गाव में कोहराम मच गया और ग्रामीणों ने दो ट्रालियों से परिवारीजनों के साथ शव को लेकर थाना पहुचे। समाचार लिखे जाने तक शव को सड़क पर रखकर परिजनों द्वारा सड़क जाम किया जाता रहा।

## गाजे बाजे के साथ मनाया गया पंचम श्री गणपति महोत्सव



**मैंगलगंज खीरी।** सातवे दिन भगवान गणपति का हवन पण्डित शिव कुमार, अमन शुक्ल शास्त्री के द्वारा वैदिक मन्त्रो के उच्च स्वर से ग्राम के कल्याण के लिए विधिवत हवन पूजन कर

पूरे नगर भृमण कराकर सात दिन की सेवा दी जिसमे प्रिंस उदय शुक्ल, कौस्तुभ तिवारी, प्राची, उदित शुक्ल, राजू सोनी, राजेश तिवारी, उत्सव शुक्ल, भरद्वाज, मुकेश अवस्थी, कुलदीप मिश्र, सुधेन्द्र तिवारी, करनेश, जितिन गुप्ता, शोभित गुप्ता, अभिनव, हिमांशु रस्तोगी, शिवम मिश्र, उमेश अवस्थी, सुनील, अजय, रौनक, निधि, गोपाल, विशाल, मोहन यादव, तरुण गुप्ता, विमल, मुनेंद्र, पीयूष मिश्र, मुकेश अवस्थी, कौशलेंद्र मृदुल अवस्थी सहित सैकड़ों भक्तो ने लालपुर मैगलगंज से उत्तर वाहिनी गोमती नदी मढ़िया घाट में भगवान गणपति का विसर्जन किया गया। विसर्जन के समय समस्त ग्राम वासियो व नगर वासियो के आँखे नम हो गयी और सभी लोगो ने कहा जाते गणपति बप्पा मोरया मंगलमर्ति मोरया अगले वर्ष तुम जल्दी आना।

# चोरी के आरोपी की इलाज के दौरान लखनऊ में मौत

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



लखीमपुर खीरी के फरधान थाना क्षेत्र के सिसावाकला के एक युवक को की इलाज के दौरान लखनऊ में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है पुलिस मृतक आकाश को पूछताछ के लिए कुछ दिन पहले लाई थी। थाने में रखकर उसे टार्चर किया। जिससे वह गंभीर रूप से बीमार हो गया था। इसलिए उसकी मौत हो गई। नाराज़ परिजनों थाना के गेट के सामने लखीमपुर गोला मार्ग पूरी तरह से जाम कर दिया। मौके पर कहीं थानों की पुलिस एवं एडिशनल एसपी परिजनों को समझने में जुटे। थाना क्षेत्र के गांव सिसावाकला निवासी आकाश राज को 3 सितंबर को पुलिस चोरी के आरोप में पूछताछ के लिए थाने लाई थी। पुलिस ने पूछताछ दो-तीन दिन लगातार थाने में करती रही। मृतक आकाश के भाई सुभाष कुमार राज ने बताया पुलिस उन्हें पकड़कर लाई थी।

उसके भाई ने चोरी नहीं की थी फिर भी मारपीट कर जबरन से चोरी कबूल करने के लिए तीन-चार दिन टार्चर करते रहें। छह सितम्बर को जब आकाश की तबीयत बिगड़ गई तो बुलाकर परिजनों को सौंप दिया था। आकाश की हालत नाजुक देख परिजन उसे लखीमपुर एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराने ले गए थे। जहां हालांकि नाजुक डॉक्टर ने एक दिन इलाज करने के बाद हालत नाजुक लखनऊ रेफर कर लिया था। जहां इलाज के दौरान शनिवार को आकाश राज 17 वर्ष की मौत हो गई। नाराज परिजन ट्राली से भरकर शव को लेकर फरधान थाने के गेट के सामने रखकर हंगामा करने लगे। लखीमपुर गोला मार्ग पूरी तरह से जाम कर दिया। परिजनों का आरोप है पुलिस की मार से आकाश घायल हो गया था। जिससे उसकी मौत हो गई। दोषी पुलिस कर्मियों पर सख्त कार्रवाई कर की जाए। तब भी वह रास्ता खोलेंगे एवं उचित मुआवजा दिलाने की भी मांग कर रहे हैं। एडिशनल एसपी पवन गौतम, सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी, कोतवाली सदर अंबर सिंह, थाना शारदा नगर प्रभारी बृजेश कुमार मौर्य, थाना खीरी प्रभारी अजीत कुमार, गोला कोतवाली प्रभारी रमेशचंद्र पांडे समेत भारी पुलिस बल परिजनों को समझने में जुटा है। वहीं सड़क जाम होने से वाहनों की लंबी लाइन लग गई आने जाने वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है देर रात खबर लिखे जाने तक सड़क जाम रही।

# युगल व समूह नृत्य प्रतियोगिता में अमन पुरी ने बांधा समां

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जेसीआई लखीमपुर खीरी द्वारा आयोजित जेसी जनसंपर्क सप्ताह के अन्तर्गत पंचम दिवस लेट्स डांस टुगेदर (युगल एवं समूह नृत्य प्रतियोगिता) आयोजित का आयोजन हुआ। कार्यक्रम कुमार उत्कर्ष की अध्यक्षता, अमित अग्रवाल के संयोजन, शुभम टण्डन व अनिमेष गुप्ता के निर्देशन तथा तुषार गर्ग के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुयी। प्रतियोगिता का संचालन सचिन अग्रवाल व शुभम टण्डन द्वारा किया गया। निर्णायक के रूप में शाहजहांपुर के ताल डांस इन्स्टीट्यूट के नितेश गुप्ता, संगीत के क्षेत्र में अपनी विशेष रुचि रखने वाली आर्य कन्या डिग्री कालेज की असिस्टेंट प्रोफेसर विमलेश पटेल व नृत्य विधा में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके अमन पुरी शामिल हुये। अमन पुरी की की विशेष प्रस्तुति ने प्रतियोगिता में समां बांध दिया। देर रात तक चले कड़े मुकाबले के बीच युगल नृत्य प्रतियोगिता में रितेश व पियूष की जोड़ी विजेता, मुस्कान संग रजनी उपविजेता व अमन व निखिल की जोड़ी तृतीय स्थान पर रहीं। समूह नृत्य प्रतियोगिता एलएसडांस एकेडमी के फैज़,ज़ैद, रितिक, पियूष के समूह ने विजेता ट्राफी अपने नाम की। फैजन के समूह को उपविजेता तथा अर्पिता, नैंसी, सुदीक्षा, प्रीति व मुस्कान के समूह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

## हाई टेंशन तार पकड़कर युवक ने की आत्महत्या



**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत कल्लिया रामपुर के मजरा चांदपुर में युवक ने हाई टेंशन लाईट का तार पकड़ कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। ज्ञात हो गांव के उत्तर दिशा में बने सिंचाई के लिए ट्यूबल पर जाकर शाम लगभग सात बजे कुलदीप उर्फ छोटू 18 ने पहले मोबाइल से अपना वीडियो बनाया जिसमें कह रहा है की रंजीत के ससुर से कह देना कि रामकुमार का लड़का मर रहा है सबसे कह देना उनकी लड़की मरी है अब रामकुमार का लड़का भी मर रहा है मरने वाला झूठ नहीं बोलता उक्त बातें कह कर उसने वीडियो बंद कर दिया वहीं पर लगे ट्रांसफार्मर के ऊपर चढ़कर तार पकड़ लिया जिससे कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

कुछ समय पहले बड़े भाई रंजीत कुमार पंजाब में मजदूरी करने पत्नी के साथ गया था जहां पर पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। जिसको लेकर मायके पक्ष ने हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। मौके पर पहुंचे एसएचओ मितौली राजूराव ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

# विभागीय अनदेखी से समाप्त हो रहा गांधी पार्क का वजूद

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**



ग्राम पंचायत मूड़ा खुर्द की बाजार में बना गांधी पार्क अतिक्रमण और गंदगी की चपेट में है। जिम्मेदारों की लापरवाही से बीते स्वतंत्रता दिवस पर भी किसी ने पार्क की साफ-सफाई कराना उचित नहीं समझा। शनिवार को लगने वाली साप्ताहिक बाजार वाले दिन लोग इस गांधी पार्क में अपनी बाइकें खड़ी करते है। जिससे यह पार्क मोटरसाइकिल स्टैंड बनकर रह गया है।

विकासखंड बिजुआ क्षेत्र में मूड़ा सवारान की बाजार में स्थित गांधी पार्क ब्लॉक बिजुआ का इकलौता गांधी पार्क है। जो जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण अतिक्रमण और गंदगी की चपेट में है। जिस महात्मा गांधी ने देश के नाम पर अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया उन्हीं के पार्क की आज यह दशा है कि आज पार्क को कोई पूछने वाला नहीं है। बीते स्वतंत्रता दिवस पर भी किसी ने भी पार्क की साफ सफाई करना उचित नहीं समझा। एक समय था जब स्कूली बच्चे सड़क पर से ही बापू को नमन करने के बाद ही स्कूल जाते थे। लेकिन अब गांधी पार्क के सामने खोखे रखे होने के कारण गांधी पार्क सामने से दिखाई ही नहीं देता। आज तक गांधी पार्क के सामने रखे खोखे हटाने का किसी ने प्रयास तक नहीं किया। बदलते हालात में आज राष्ट्रपिता के पार्क को कोई कोई पूछने वाला नहीं है जिससे गांधी पार्क का वजूद खतरे में है।

# नपा अध्यक्षा ने पार्क आवंटन के लिए दी सहमति

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



पिछले दिनों पड़ी भीषण गर्मी, आए दिन होते मौसम के बदलाव, गिरते-कटते, कम हो रहे वृक्षों की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए कुछ अलग और अच्छा करने की भावना के फल स्वरूप गठित हुए पर्यावरण मित्र समूह एक ओर जहां नगर में सुव्यवस्थित पौधारोपण कर धरा को सजाने, इसे हरा भरा बनाने, जन सामान्य को जागरूक करने का अनुकरणीय कार्य कर रहा है वहीं दूसरी ओर वाटिका स्थापना और पार्क को अंगीकृत कर संवारने की दिशा में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। इसी क्रम में पर्यावरण मित्र समूह कोर कमेटी के सदस्यों राम मोहन गुप्त, रश्मि महेंद्रा, कुमकुम गुप्ता एवं सीमा गुप्ता ने समूह की संरक्षक एवं नगर पालिका परिषद लखीमपुर की अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव से भेंट कर एक सार्वजनिक पार्क के आबंटन हेतु अनुरोध पत्र प्रस्तुत किया। विभिन्न संस्थाओं और सेवियों के सहयोग से पर्यावरण मित्र समूह द्वारा सफलतम रूप से चलाई जा रही वृक्षारोपण की मुहिम की सराहना करते हुए नगर पालिका परिषद अध्यक्ष द्वारा शीघ्र ही पार्क आवंटन हेतु सहमति प्रदान की गई। नियमतः आबंटन उपरांत पर्यावरण मित्र समूह पार्क के रख-रखाव, पौधरोपण और साज-सज्जा का कार्य करेगा।

इस अवसर पर पौधारोपण संरक्षण हित अद्यतन प्रदान किए जा रहे सहयोग के लिए पर्यावरण मित्र समूह द्वारा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डा इरा श्रीवास्तव जी को एक पौधा-एक पुरोधा÷ प्रशस्ति पत्र भी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/गति शक्ति यूनिट/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत है– **1. ई निविदा संख्या**:–NER-LJN-GS-2024-08 (Two Packet System), **कार्य का नाम**:–पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ:– उप मुख्य इंजीनियर/गतिशक्ति/लखनऊ जं. के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत गोरखपुर स्टेशन पर 2 लूप लाइनों, शंटिंग नेक के साथ 03 स्टेबलिंग लाइनों, पुरानी पिट लाइन–2 को प्लेसमेंट लाइन में संशोधित करने का प्रावधान।, **अनुमानित लागत (रु)**:– 121255453.11, **अग्रिम धन (रु)**:– 756300.00, **समापन अवधि**:–24 माह, **2. ई निविदा संख्या**:–NER-LJN-GS-2024-09, **कार्य का नाम**:– पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ:– गोरखपुर में उप मुख्य इंजीनियर/गतिशक्ति/लखनऊ जं, के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत वाशिंग पिट लाइन नं.1 को ध्वस्त करना एवं मानक कैमटेक डिजाइन पिट के अनुसार पुनर्निर्माण।, **अनुमानित लागत (रु)** :– 80035763.67, **अग्रिम धन (रु)**:– 550200.00, **समापन अवधि**:– 12 माह, **1.** उपरोक्त ई–निविदा संख्या NER-LJN-GS-2024-8-9 के लिये ई–निविदा दिनांक 08.10.2024 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी।, **2.** उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक/गति शक्ति यूनिट**

**मुजाधि/डब्लू–247** **लखनऊ**

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**

# दो अक्टूबर तक चलेगा स्वच्छता अभियान योगी सरकार देगी स्वच्छता ही सेवा अवार्ड

**नौ श्रेणियों में दिया जाएगा स्वच्छता अवार्ड**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** योगी सरकार हर साल की भांति इस बार महात्मा गांधी की जयंती पर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि देने के लिए प्रदेश में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान स्वच्छता ही सेवा का आयोजन करती है।

नगर विकास विभाग ने अभियान के लिए कार्ययोजना बनाई है। इसके अंतर्गत योगी सरकार 2 अक्टूबर को स्वच्छता के क्षेत्र में शानदार काम करने वाले सफाई मित्रों समेत अन्य लोगों को स्वच्छता ही सेवा अवार्ड से सम्मानित करेगी। अवार्ड 9 श्रेणियों में दिया जाएगा। जनभागीदारी के साथ सहयोगियों और विशिष्ट पहलों को सम्मानित किया जाएगा। अवार्ड को पाने वालों का चयन राज्य और जनपद स्तर पर चयन समिति करेगी।15 दिनों तक चलने वाला अभियान दैनिक आधार पर थीम आधारित और आईईसी गतिविधियों के माध्यम से पूरा कराया जाएगा। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत नगरीय निकायों विभिन्न आयोजन होंगे।कार्यक्रम के अंतिम दिन 2 अक्टूबर यानि गांधी जयंती को कार्यक्रमों के समापन पर शानदार काम करने वालों को राज्य और जनपद स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। स्वच्छता ही सेवा 2024 अवार्ड्स के तहत 9 श्रेणियों में पुरस्कार दिए जाएंगे। इन श्रेणियों में स्वच्छता की भागीदारी, स्वच्छता लक्षित इकाई-सीटीयू ट्रांसफॉर्मेशन, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर, स्वच्छ फूड स्ट्रीट्स, एसबीएम कल्चर फेस्टिवल्स, एसबीएम वेस्ट टू आर्ट इंस्टॉलेशंस, पब्लिक एडवोकेसी, पार्टनर्स और स्पेशल इनीशिएटिव्स को शामिल किया गया है।

## मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए भाजपा को मजबूत करें : शर्मा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के नेतृत्व में शनिवार को लखनऊ के पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र की बूथ संख्या 300 में भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान चलाया गया। उन्होंने उस क्षेत्र के निवासियों के घर-घर जाकर लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई और लोगों को विकसित भारत के लिये अभियान से जुड़ने को प्रेरित किया। मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए सभी को मिलकर भाजपा को मजबूत करना होगा। मोदी के नेतृत्व में देश सभी क्षेत्रों में तेज गति से आगे बढ़ रहा।

# दबंगों ने महिला की जमीन पर कब्जा किया

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के बीकेटी थाना इलाके में एक महिला ने दबंगों पर जमीन कब्जा करने का आरोप लगाया है। समाधान दिवस के मौके पर महिला ने मामले की शिकायत की।

पुलिस ने मदद का भरोसा दिया। नया गंज थाना डालीगंज की रहने वाली रीता साहू पत्नी राज साहू ने पुलिस से शिकायत की। उन्होंने बताया कि बीकेटी के नवीकोट नंदना गांव में 2400 वर्ग फीट जमीन हाउसिंग कंपनी से साल 2002 में खरीदा था। महिला का कहना है कि जमीन पर पिलर भी बनवाई थी। अशोक कुमार अवस्थी निवासी नवीकोट नंदना ने पिलर गिराकर जमीन पर बाउंड्री बना लिया।

जमीन को अपना बना रहा है और खाली करने से इनकार कर रहा है। समाधान दिवस पर पुलिस ने जल्द कार्रवाई का भरोसा दिया है। समाधान दिवस पर पहुंची एक और महिला सरोज पत्नी राजेश सिंह जो गल्बमंडी अमीनाबाद की रहने वाली है। पुलिस को बताया कि नवीकोट नंदना में उन्होंने 1200 वर्ग फीट जमीन बीकेटी के रहने वाले प्लॉटर सुभाष साहू से 2003 में खरीदी थी। जमीन के पैसे भी दिए गए थे। सरोज का कहना है कि प्लाट बेचने वाले सुभाष साहू के साथ अमित मिश्रा, मनोज यादव, अशोक अवस्थी ने मुझे इस जमीन की बजाए कहीं और जमीन देने की बात कही। लेकिन उसकी एरिया ज्यादा होने की वजह से 2 लाख रुपए मांगे। महिला का कहना है कि दूसरी जमीन भी वीकोट नंदना में थी। मैंने जमीन की नींव भरवा लिया। काम शुरू कराने पहुंची तो मुझे रोक दिया गया। गाली गलौज की गई। सुभाष के लोगों ने कहा कि यहां तेरी कोई जमीन नहीं है। भाग जा नहीं तो अंजाम बुरा होगा। मैं डर के मारे वहां से जान बचाकर भाग गई। महिला ने सुभाष के खिलाफ सख्त कार्रवाई और अपनी जमीन की गुहार पुलिस से लगाई है।

### व्यापार मंडल ने प्रस्तावित टैक्स स्थगित करने पर जताया आभार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को नगर निगम महापौर सुषमा खर्कवाल से मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने सर्राफा व्यवसायियों पर नगर निगम द्वारा कोई नया टैक्स न लगाने की योजना स्थगित करने पर आभार जताया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल व्यापारियों ने इस मुद्दे पर चर्चा करते हुए मेयर को बताया कि वर्तमान में सर्राफा व्यवसायियों को पहले से ही विभिन्न प्रकार की कर-व्यवस्था और प्रशासनिक बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। नए टैक्स लगाने से उनके व्यवसाय पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। लखनऊ महानगर सर्राफा संरक्षक और ऑल इंडिया ज्वेलर्स और गोल्ड स्मिथ फेडरेशन के संयोजक उत्तर प्रदेश विनोद महेश्वरी ने इस मुद्दे पर नगर निगम के सकारात्मक दृष्टिकोण की सराहना की।

## खबरें एक नजर में

### हिमालय की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए हुआ कार्यक्रम



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज ।** संस्कृति के संरक्षण सर्वधन एवंत विकास हेतु समर्पित ''आर्टस एण्ड कल्चरल सोसाइट'', लखनऊ शाखा रानीखेत उत्तराखण्ड द्वारा सेन्ट्रल नोडल एजेन्सी, उत्तर पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, दीमापुर, नागालैण्ड, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से हिमालय की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण सर्वधन एवं विकास तथा कला और संस्कृति के दृश्य श्रव्य कार्यक्रमों के माध्यम से प्रचार प्रसार तथा पारम्परिक सांस्कृतिक संगीत नृत्य कार्यक्रम का आयोजन नैन्सी कॉन्वेंट, ज्योलिकोट जनपद नैनीताल, उत्तराखण्ड में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रीमती सरिता आर्या, विधायक नैनीताल तथा विशिष्ट अतिथि संजय सिंह डायरेक्टर नैन्सी कॉन्वेंट के सयुंक्त तत्वावधान दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। संस्था के अध्यक्ष भरत सिंह बिष्ट तथा संरक्षक मद्यन सिंह बिष्ट ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत प्रतीक चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंट कर किया गया।

### 67 यूपी बटालियन एनसीसी ने मनाया विश्व प्राथमिक उपचार दिवस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज ।** 67 यूपी बटालियन एनसीसी द्वारा विश्व प्राथमिक उपचार दिवस पर भव्य आयोजन लखनऊ सीएमओ ऑफिस के सहयोग से किया। 67 यूपी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल पुनीत श्रीवास्तव और प्रशासनिक अधिकारी कर्नल जे पी मिश्रा तथा सूबेदार मेजर रंजीत कुमार और लखनऊ के सीएमओ ऑफिस से डाक्टर उमेश सचान द्वारा किया गया। समाज को प्राथमिक उपचार हेतु सहज एवं जागरूक करने के लिए कटिबद्ध 67 यूपी वाहिनी एनसीसी ने अपने 219 कैडेटों को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान डाक्टर सचान ने बताया कि विश्व प्राथमिक उपचार दिवस पर, लोगों को प्राथमिक उपचार के महत्व के बारे में शिक्षित करने और उन्हें प्राथमिक उपचार प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन कभी भी कर सकते हैं जिसका उद्देश्य प्रथम सहायता के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना और लोगों को आपातकालीन स्थितियों में प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया करने के लिए प्रशिक्षित करना है इस आभियान से किसी भी व्यक्ति को प्रशिक्षित कर सकते है कि कैसे आपातकालीन स्थिति में प्रतिक्रिया करें और आवश्यक उपचार प्रदान करें।

### डिप्लोमा इंजीनियर्स रक्तदान शिविर का उद्घाटन करेंगे मंत्रीगण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज ।** डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ लखनऊ मण्डल द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हृदय सम्राट स्व. आर.के. दत्त के परिनिर्वाण दिवस पर रक्तदान, वृक्षारोपण, दरिद्रनारायण भोज और संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। मण्डल स्तर पर विश्वेश्रैया प्रेक्षागृह लोक निर्माण विभाग में इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और अतिविशिष्ट अतिथि राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग कुँवर बृजेश सिंह करेगें। मण्डल अध्यक्ष इं. राजर्षि त्रिपाठी और सचिव इं. प्रदीप कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रदेश के डिप्लोमा इंजीनियर्स इस तरह का आयोजन अपने अपने जिले में करेंगें। लक्ष्य के अनुसार तीन हजार यूनिट रक्तदान का तय किया गया है। इसके अलावा वृक्षारोपण, दरिनारायण भोज के साथ तकनीकि सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दू पर संगोष्ठी की जाएगी। रक्तदान के लिए मेडिकल कालेज, बलरामपुर चिकित्सालय, श्यामाप्रसाद मुर्खजी चिकित्सालय और एसजीपीजीआई की डाक्टर्स टीम मौजूद रहेगी। उन्होंनें बताया कि भारत में प्रतिवर्ष 15 सितंबर को अभियन्ता दिवस (इंजीनियर्स डे) के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन भारत के महान अभियन्ता एवं भारतरत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया का जन्मदिन है। एम् विश्वेश्वरैया भारत के महान इंजिनियरों में से एक थे, इन्होंने ही आधुनिक भारत की रचना की और भारत को नया रूप दिया। इंजीनियरिंग के क्षेत्र में समर्पण भारत के लिए असाधारण योगदान दिया।

### मंगेश-यादव के परिवार के लिए एक करोड़ का मुआवजा मांगा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज ।** मोहनलालगंज में मंगेश यादव के एनकाउंटर के खिलाफ विरोध मार्च निकाला गया। इस प्रदर्शन में सपा के पूर्व विधायक अमरीष पुष्कर और समाजवादी छात्रसभा के राष्ट्रीय महासचिव मनोज पासवान भी मौजूद रहे। प्रदर्शन में वीरांगना ऊदादेवी गौरव मंच के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय को महामहिम राज्यपाल के नाम 10 सूत्रीय ज्ञापन भी सौंपा। प्रदर्शन करने वालों ने कहा कि मंगेश यादव (जौनपुर) और अर्जुन पासी (रायबरेली) के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जाए। इसके साथ ही जिन परिवारों को सरकारी आवास नहीं दिया गया है, उन्हें सरकारी आवास मिले। वहीं 69000 शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों के लिए भी न्याय की मांग की। सभा को सम्बोधित करते हुए मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने कहा कि प्रदेश में दलित और पिछड़े वर्गों पर अत्याचार बढ़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि निजीकरण के जरिए आरक्षण को कमजोर किया जा रहा है और दलित-पिछड़े, अल्पसंख्यक समाज के लोग शोषण का शिकार हो रहे हैं।

### आर्यकुल कॉलेज में मनाया गया हिंदी दिवस



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज ।** लखनऊ के बिजनौर स्थित आर्यकुल कॉलेज में हिंदी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्रबंध निदेशक डॉ.सशक्त सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज का दिवस भारत को जोड़ने वाली भाषा के प्रति सम्मान और गर्व का बहुत ही शुभ अवसर है। 1949 में 14 सितंबर को ही भारत की संविधान सभा में हिंदी को देश की औपचारिक भाषा का दर्जा दिया गया था। इस दिन का उद्देश्य हिंदी भाषा के प्रयोग को बढ़ावा देना और लोगों को हिंदी के महत्व के बारे में जागरूक करना है। शिक्षा विभाग की व्याख्याता विनीता दीक्षित ने कहा हिंदुस्तान को हिंदी भाषा का गुरु देश माना जाता है। इस अवसर पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भाषण, नाटक और नित्य के माध्यम से हिंदी की महत्ता तथा उसकी उपयोगिता के बारे में बताया। कार्यक्रम में डिप्टी डायरेक्टर मैनेजमेंट, पत्रकारिता और शिक्षा विभाग की डॉ. अंकिता अग्रवाल, फार्मेसी विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. आदित्य सिंह, फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष बी.के सिंह, शिक्षा विभाग के एचओडी प्रणव पांडेय, प्रियंका केशरवानी, ममता पांडे, विनीता दीक्षित, दीप्ति सिंह, आकांक्षा सैनी, मोहिनी सिंह आदि मौजूद रहे।

### टाटा प्ले क्लासिक टीवी पर 'ऑफिस ऑफिस' की होगी वापसी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज ।** प्रतिष्ठित रापा (रेडियो एवं टीवी एडवरटाईजिंग प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया) अवार्ड्द्वारा 2001-02 में सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी का पुरस्कार जीतने वाले ऑफिस ऑफिस के प्रसारण के लगभग 25 साल बाद आज भी दर्शक इसे भूल नहीं पाए हैं। यह धारावाहिक एक बार फिर टाटा प्ले क्लासिक पर हर शनिवार और रविवार को शाम 4.30 बजे प्रसारित होने के लिए तैयार है। इस धारावाहिक में पंकज कपूर ने मुसद्दीलाल का किरदार निभाया है, जो अमर हो गया है। इस किरदार में उन्होंने अपने अभिनय से जान फूंक दी है। इस किरदार द्वारा उन्होंने चित्रण किया है कि एक सरकारी कार्यालय में व्यक्ति को किन उलझनों का सामना करना पड़ता है। ऑफिस ऑफिस दैनिक जीवन का प्रतिबिंब है। इसमें नौकरशाही से निपटने के दैनिक संघर्षों को व्यंगात्मक रूप में देखकर राहत और हल्कापन महसूस होता है। जिन लोगों ने ऑफिस ऑफिस देखकर बचपन बिताया, वो जानते हैं कि यह केवल एक हास्य नाटिका नहीं है। यह भारतीय टेलीविज़न के एक दौर का प्रतिनिधित्व करता है। 25 साल पुराना हो जाने के बाद भी इस धारावाहिक का विषय आज तक प्रासंगिक बना हुआ है। भ्रष्टाचार, काम न करने की इच्छा और आम आदमी के संघर्ष आज तक जारी हैं।

# सत्य व जीवन के रहस्यों को समझाती है श्रीमद्भागवत कथा : सीएम योगी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा सत्य और जीवन के रहस्यों को समझाने वाली कथा है। यह सफलता के चरम उत्कर्ष और जीवन के परम सत्य तक पहुंचने की कथा है। हमारे जीवन की दैनिक, पारिवारिक, समाजिक और व्यावहारिक घटनाएं श्रीमद्भागवत कथा के इर्द-गिर्द घूमती दिखाई देती हैं।

सीएम योगी गोरखनाथ मंदिर में युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की 55वीं एवं राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की 10वीं पुण्यतिथि समारोह के उपलक्ष्य में शनिवार अपराह्न श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ के शुभारंभ अवसर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। मंदिर के दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में व्यासपीठ का पूजन करने के बाद उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण मोक्ष ग्रंथ है। मोक्ष का अर्थ केवल जीवन से मुक्ति तक सीमित नहीं है। मोक्षदायी भागवत कथा का अर्थ व्यक्ति जिस क्षेत्र में हो, उसमें पारंगत होने, उसके रहस्यों को जानने और सफलता के चरम पहुंचने की कथा से है।

सीएम योगी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा और भगवान श्रीराम की लीला से जुड़ी कथाएं सनातन जनमानस में अत्यंत लोकप्रिय हैं। सनातन धर्म के इन दो देवों (श्रीराम और श्रीकृष्ण) ने जनमानस को जितना प्रभावित किया है, उतना व्यापक दृष्टांत पूरी दुनिया में कहीं और नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि ऐसे दौर में जब हर व्यक्ति व्यस्त है, उन स्थितियों में भी श्रद्धालुओं का सप्ताह भर घंटों कथा श्रवण से जुड़ने की परंपरा है। श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा अपने अतीत व विरासत को झांकने अवसर भी प्रदान करती है। मुख्यमंत्री के संबोधन के उपरांत श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान व्यासपीठ पर विराजमान कथा व्यास, श्रीराम मंदिर गुरुधाम काशी से पधारे जगद्गुरु अनंतानंद द्वाराचार्य काशीपीठाधीश्वर स्वामी डॉ. रामकमल दास वेदांती जी ने कराया।

### अचानक नहीं प्राप्त हो सकता मोक्ष

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मोक्ष अचानक नहीं प्राप्त हो सकता। इसके लिए धर्म का आचरण करते हुए नैतिक माध्यम से अर्थोपार्जन करना होगा। इस मार्ग पर चलकर कामनाओं की सिद्धि होने पर मोक्ष प्राप्ति में भी सफलता मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मोक्ष प्राप्ति के इसी रहस्य को समझाती है। श्रीमद्भागवत महापुराण में लीला भगवान श्रीकृष्ण की है लेकिन शब्दावली वेद व्यास जी की है जो जीवन के रहस्यों का उद्घाटन, सनातन मूल्यों और उत्कर्ष से जुड़ी है।

### धर्म केवल उपासना विधि नहीं

सीएम योगी ने कहा कि सनातन में यह अक्षुण्ण मान्यता है कि धर्म केवल उपासना विधि नहीं है। पूजा पद्धति, धर्म का एक हिस्सा हो सकता है लेकिन सम्पूर्ण धर्म नहीं हो सकती। इसीलिए सच्चा हिंदू किसी एक पूजा पद्धति पर लकीर का फकीर नहीं रहा है। सीएम ने कहा कि जिस धर्म (सनातन) में इतनी व्यापकता हो, जीवन के उतार-चढ़ाव को समभाव से वही देख सकता है। किसी भी उतार-चढ़ाव में सनातन की व्यापकता बनी रही है।

### निकली श्रीमद्भागवत महापुराण की पोथी शोभायात्रा

श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ के शुभारंभ से पूर्व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में मुख्य मंदिर से कथा स्थल तक बैंडबाजे, शंख ध्वनि की गूंज तथा वेदपाठी विद्यार्थियों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महापुराण की पोथी शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के कथा स्थल पहुंचने पर गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने अखंड ज्योति स्थापित की। पोथी प्रतिष्ठा और कथा व्यास के विराजमान होने के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य यजमान ने व्यासपीठ की पूजा की।

# पुलिस कर रही केवल साजिश और फर्जी एनकाउंटर : अखिलेश यादव

**सच्चाई जानने के लिए मिले थे मंगेश यादव के परिवार से**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी पुलिस फर्जी एनकाउंटर कर रही है। मंगेश यादव को घर से उठाकर मारा था। मैं सच्चाई जानने के लिए उनके परिवार से मिला था। उन्होंने आरोप लगाया कि यूपी पुलिस साजिश करने और एनकाउंटर करने का काम कर रही है।पुलिस को दिए गए मंगेश के परिवार के बयान पर कहा कि पुलिस के डर से कोई कुछ भी बयान दे सकता है।

आज मीडिया से मुखातिब अखिलेश यादव ने हिंदी दिवस पर साहित्यकारों, कवियों और पत्रकारों को सम्मानित को सम्मानित किया।अखिलेश यादव से जब पूछा गया कि अयोध्या में संतों ने उनके बयान पर नाराजगी जताई है। अखिलेश यादव ने कल बयान दिया था कि मठाधीश और माफिया एक ही जैसे होते हैं। उन्होंने कहा कि जब किसी नेता ने नारा दिया था कि...इनको मारो जूते चार तो इन लोगों ने क्यों नाराजगी नहीं जताई थी।अखिलेश यादव ने कहा कि सपा-बसपा का गठबंधन देश की राजनीति को बदलने वाला था लेकिन हमें धोखा मिला। ये बात बहुत छोटी है कि किसने किसका फोन नहीं उठाया। जिस समय मुझे गठबंधन टूटने की सूचना मिली उस समय बसपा के एक नेता मेरे साथ मंच पर बैठे थे। मैंने उनसे पूछा कि गठबंधन क्यों तोड़ा? तो उन्होंने कहा कि हमें और आपको दोनों को धोखा मिला हैअखिलेश यादव ने कहा कि कश्मीर में 370 हटने के बाद पहली बार चुनाव हो रहे हैं। समाजवादी पार्टी वहां चुनाव लड़ रही है। राष्ट्रीय स्तर की पार्टी बनने के लिए छोटे राज्यों में अच्छे मौके मिलते हैं। अयोध्या में भाजपा नेताओं पर लगाए गए जमीन कब्जे के आरोपों पर उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में ऐसा हो रहा है। इनके नेता केवल जमीन ही नहीं तालाब पर भी कब्जा कर रहे हैं।

## 17 सितंबर को मीट की दुकान बंद रहेंगी, नगर विकास विभाग ने जारी किया आदेश

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में 17 सितंबर को नॉन वेज नहीं मिलेगा। सरकार के आदेश पर स्थानीय प्रशासन ने इसको लागू किया है। मीट-मांस की दुकानों के साथ स्लाटर हाउस भी बंद रहेंगे। नगर विकास विभाग की तरफसे यह आदेश जारी हुआ। अनंत चतुर्दशी को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। हुए यह फैसला लिया गया है। अनंत चतुर्दशी के दिन जैन धर्म का भी अपना त्योहार होता है। जैन धर्म में नॉन वेज मना है। प्रदेश में जैन धर्म को मानने वाले लोगों ने सरकार से इसकी मांग की थी। उसके बाद इसको लागू किया गया है। लखनऊ में करीब छोटे-बड़े 5000 से ज्यादा दुकानें बंद रहेगी। इस दौरान होटल और रेस्त्रां में भी इसकी बिक्री पर रोक रहता है। जैन धर्म में अनंत चतुर्दशी का दिन भगवान वासुपूज्य को समर्पित है, जिन्होंने इसी दिन मोक्ष (निर्वाण) प्राप्त किया था। अगर पाबंदी के बाद भी बिक्री की तो लाइसेंस कैंसिल किया जा सकता है। शहर में सबसे ज्यादा अकबरी गेट, रिंग रोड, अमीनाबाद, सआदतगंज इलाके में मीट की दुकानें है। इसमें कुर्सी रोड और रिंग रोड की दुकानों पर पांबदी के बाद भी अक्सर मीट बेचा जाता है।

# कालीचरण कॉलेज में लगा रोजगार मेला, 301 अभ्यर्थियों का चयन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ के लालबाग स्थित क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय ने कालीचरण डिग्री कॉलेज चौक में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला आयोजित किया।

इस रोजगार मेले में कुल 11 कंपनियों ने भाग लिया, जिनमें अड्डा 24 गुणे 7, इंस्टा ह्यूमन, हेडलाइन डिजिटल, कैरियर ब्रिज, पीपल ट्री, मारुति सुजुकी डीलरशिप, पेटीएम, वी विन, टीम लीज सर्विसेज, क्वीज और भारत फाइनेंस इंक्लूजर एलटीडी शामिल थीं। मेला में लगभग 740 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इन अभ्यर्थियों के लिए विभिन्न पदों पर चयन किया गया, जिनमें फ्रेशर, मल्टी प्रोफाइल, टेलीकॉलर, सेल्स एक्जीक्यूटिव,और फील्ड असिस्टेंट ट्रेनी शामिल हैं। कुल मिलाकर 301 अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न कंपनियों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि वी.के. मिश्रा, प्रबंधक कालीचरण डिग्री कॉलेज लखनऊ, ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्राचार्य और सहायक निदेशक सेवायोजन के साथ ही प्रभारी जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने नियोजकों और उपस्थित अभ्यर्थियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने में शामिल हुए, जिससे आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाया जा सके। इस अवसर पर कार्यालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने मेला सफल बनाने के लिए पूरी तरह से सहयोग प्रदान किया।

### लखनऊ एयरपोर्ट पर यात्री के पास से कारतूस मिली

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज ।** लखनऊ एयरपोर्ट पर चेकिंग के दौरान एक यात्री के पास से कारतूस मिला है। वो बहराइच से रियाद जाने की तैयारी में था। सरोजनी नगर थाने में आरोपी के खिलाफकेस दर्ज किया गया है। बहराइच के रहने वाले युवक शोएब अहमद खान को सऊदी अरब एयरलाइंस से रियाद जाना था। एयरपोर्ट पर चेकिंग के दौरान उनकी बैग से एक कारतूस बरामद किया गया। एयरपोर्ट पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने इसके बारे में पूछा तो शोएब कोई जानकारी नहीं दे सके। मामले की गंभीरता को देखते हुए एयरपोर्ट अधिकारियों ने तत्काल सरोजनी नगर थाने को सूचित किया। थाने में शोएब के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि कारतूस का उनकी यात्रा से क्या संबंध था।

# राज्य मंत्री ने किया जलभराव वाले गांवों का दौरा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** प्रदेश के होमगाड्र्स विभाग और नागरिक सुरक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने शनिवार को आगरा का दौरा किया। मंत्री प्रजापति ने जलभराव की समस्याओं का समाधान करने के लिए विकास खंड खन्दौलीके विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पैतखेड़ा, पर्वतपुर, सोरई, सोनिगा, भूडनगरिया और हाजीपुर खेड़ा का निरीक्षण किया।

मंत्री ने इन गांवों में जलभराव की गंभीर स्थिति का गहराई से मूल्यांकन किया और ग्रामीणों से उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने पाया कि हाल की बारिश के कारण सड़कों और खेतों में अत्यधिक जलभराव हो गया है, जिससे स्थानीय लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। धर्मवीर प्रजापति ने स्थानीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जलभराव कीसमस्याओं का तत्काल समाधान करें। पानी की निकासी केलिए आवश्यक उपायों को प्राथमिकता देने और समस्या की जड़ तक पहुंचने के लिए स्थायी समाधान निकालने की सलाह दी। मंत्री ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा और उन्होंने गांववासियों से सहयोग की अपील की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया और भविष्य में ऐसी समस्याओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया। रविवार को मंत्री धर्मवीर प्रजापति कुल्हाड़ा आश्रम थाना खैरागढ़,आगरा में जलभराव की समस्याओं के दृष्टिगत गांवों का दौरा करेंगे। इसकेबाद वे ग्राम जाजऊ विख सैंया, थाना सैंया आगरा में भी जलभराव कीसमस्याओं की समीक्षा करेंगे। मंत्री प्रजापति ग्राम हिरोड़ा-बैरिया, विख सैंया, थाना सैंया आगरा में भी जलभराव की समस्याओं के समाधान के लिए गांवों का दौरा करेंगे और टेंट में विस्थापित पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित करेंगे।

### छह महीने में उत्तर प्रदेश में घूमने के लिए आए 33 करोड़ पर्यटक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में फ़िर नया कीर्तिमान रचने के लिए तैयार है। मौजूदा वर्ष के बीते छह माह में लगभग 33 करोड़ पर्यटकों ने यहां का रुख किया। अयोध्या ने काशी को भी पीछे छोड़ दिया। यहां छह माह में लगभग 11 करोड़ लोग पहुंचे। वर्ष 2022 में प्रदेश में जितने पर्यटक आए थे, उससे एक करोड़ से भी अधिक इस वर्ष शुरुआती छह माह में पहुंचे। 2023 के शुरुआती छह माह में आए पर्यटकों की संख्या से 13 करोड़ से भी अधिक है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में हाल के वर्षों में पर्यटन तेजी से बढ़ा है। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद पर्यटकों का आगमन तेजी से बढ़ा है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि छह माह में कुल 32 करोड़ 98 लाख 18 हजार 122 पर्यटक यूपी में भ्रमण के लिए आए, जबकि वर्ष 2022 में पूरे एक वर्ष में लगभग 31 करोड़ 86 लाख पर्यटक आए थे। इसी तरह बीते वर्ष के शुरुआत छह माह में 19 करोड़ 60 लाख 34 हजार 967 पर्यटक आए थे। यानी बीते वर्ष की तुलना में इस साल 13 करोड़ 37 लाख 83 हजार 155 पर्यटक अधिक आए थे। इस वर्ष उत्तर प्रदेश आने वाले कुल पर्यटकों में 32 करोड़ 87 लाख 81 हजार 348 घरेलू, जबकि 10 लाख 36 हजार 774 विदेश से आए पर्यटक हैं। प्रदेश में सबसे ज्यादा पर्यटक अयोध्या पहुंचे हैं। छह माह में 109969702 घरेलू, 2851 विदेशी यानि कुल 109972553 पर्यटक आए थे। वाराणसी मे 45982313 घरेलू 133999 विदेशी 46116312 पर्यटक आए। प्रयागराज में 45394772घरेलू 3668 विदेशी 5398440 कुल पर्यटक आए। मथुरा में 30702513 घरेलू49619विदेशी 30752132 पर्यटक आए।

# प्रदेश में ठेका व संविदा कर्मचारियों के लिए बनाई जाएगी नई नीति

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** यूपी में ठेका और संविदा कर्मचारियों के लिए नई नीति बनाई जाएगी। भारतीय मजदूर संघ को सीएम योगी ने नई नीति बनाने का आश्वासन दिया है। शनिवार को उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री से मिला। मजदूर संघ के नेताओं ने सीएम से कहा कि यूपी में संविदा और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की स्थिति बहुत खराब है।

संघ ने बताया कि इन कर्मचारियों के सामने परिवार चलाने का संकट खड़ा हो गया है। आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का हर साल उनकी कंपनियों द्वारा आर्थिक और मानसिक शोषण किया जा रहा है। इसपर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मजदूर संघ की समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री के सामने मांगें रखी गई कि प्रदेश में ठेका श्रमिकों के लिए नीति बनाई जाए। स्कीम वर्कर, एनएचएम कार्मिक, आंगनबाड़ी और आशा कर्मियों की समस्याएं दूर की जाएं। श्रम विभाग में कमेटियों का गठन किया जाए। चीनी उद्योग के श्रमिकों की समस्याएं दूर की जाएं। मिनीवेज कमेटी का गठन किया जाए। आईटी कंपनियों में कर्मियों की छंटनी बंद की जाए। (बिल्डिंग एंड अदर कंस्ट्रक्शन वर्कर्स) स्कीम, बोनस, और ओपीएस पेंशन को लागू किया जाए। प्रतिनिधि मंडल में क्षेत्रीय संगठन मंत्री अनुपम, प्रदेश अध्यक्ष विश्वेश्वर राय, प्रदेश महामंत्री अनिल कुमार उपाध्याय, कार्यकारी अध्यक्ष राकेश कुमार, उपाध्यक्ष विनिता, संगठन मंत्री रामनिवास सिंह, मीना राजपूत, सुरेश यादव और प्रदीप चंद शामिल थे।

**बैठक** — **श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए अरैल व झूंसी में पीपीपी मोड पर बसेगी टेंट सिटी**

# महाकुंभ के लिए पर्यटन विभाग ने की जोरदार तैयारी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** महाकुंभ-2025 की मेजबानी के लिए प्रयागराज तैयार है। आस्था की डुबकी लगाने को श्रद्धालुओं में अभी से उत्साह है। चार महीने बाद देश-दुनिया से करोड़ों श्रद्धालु पर्यटक संगमनगरी पहुंचेंगे। इसे ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम यूपीएसटीडीसी सुविधाओं की श्रृंखला विकसित कर रहा है। संगम तट पर अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित टेंट सिटी बसायी जाएगी।

श्रद्धालुओं के ठहरने के साथ व्यवस्थित तरीके से स्नान, ध्यान, पूजा-अर्चना की व्यवस्था की जा रही है। आगंतुकों को यहां हेलीकॉप्टर भ्रमण, वाटर स्पोर्ट्स, एडवेंचर टूरिज्म व लजीज व्यंजन का आनंद लेने का मौका मिलेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन की ओर से परेड मैदान में पहले की तरह पारंपिक टेंट सिटी बसायी जाएगी। टेंट सिटी तीन अलग-अलग श्रेणियों में बसायी जाएगी। विभाग की ओर से विला, महाराजा और स्विस कॉटेज में लोगों के रहने-खाने की रूपरेखा तैयार की गई है। इसके अलावा, अरैल व झूंसी में पीपीपी मोड पर टेंट सिटी बसायी जाएगी। झूंसी में ढाई एकड़ में टेंट सिटी का निर्माण होगा, जिसमें 200 कॉटेज तैयार होंगे। सुपर डीलक्स, प्रिमियम, विला श्रेणी में सुविधाएं मिलेंगी। अरैल में 25 एकड़ में सजने वाली टेंट सिटी में 2000 कॉटेज होंगे। डीलक्स, सुपर डीलक्स और लग्जरी श्रेणी की सुविधाएं मिलेंगी। टेंट सिटी में श्रद्धालुओं के लिए कई विशेष व्यवस्था होगी। आध्यात्मिक माहौल के साथ योग, यज्ञ, प्रवचन, भजन संध्या, प्राकृतिक चिकित्सा, रिवर व्यू, सांस्कृतिक गतिविधियां, साइकिलिंग के साथ-साथ सोशल कैम्पिंग और स्वदेशी,स्थानीय स्वादिष्ट व्यंजनों की व्यवस्था की जा रही है। यूपीएसटीडीसी महाकुंभ 2025 को यादगार बनाने के प्रयास में जुटी है। आगंतुकों को अध्यात्म के साथ रोमांच का अनुभव मिले, इसके लिए वाटर स्पोर्ट्स, पैरासेलिंग या पैरामोटरिंग का प्रबंध किया गया है। प्रयागराज की पर्यटन क्षमता को बढ़ावा देने के लिए मेला मैदान के अरैल घाट पर वाटर स्पोर्ट्स के आयोजन की भी योजना है। संगमनगरी आने वाले श्रद्धालु,पर्यटक रेत पर बसे शहर में टैंट सिटी के साथ योग-प्राणायाम और मेडिटेशन सत्र का हिस्सा भी बन सकते हैं। दुनियाभर के फोटोग्राफरों के लिए महाकुंभ अविस्मरणीय और अद्वितीय क्षणों को कैद करने का सुनहरा अवसर प्रदान करता है। महाकुंभ मेला दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक-आध्यात्मिक आयोजनों में से एक है। पहले से अधिक दिव्य और भव्य आयोजन होने जा रहा है।

# कोटेदार को जांच से बचाने का षड्यंत्र रचने में घिरे पूर्ति निरीक्षक

- ऑडियो रिकॉर्डिंग में पूर्ति निरीक्षक शिकायतकर्ताओं व मीडिया कर्मियों को फंसाने की दे रहे सलाह
- पूर्ति विभाग के जिम्मेदारों की कार्यशैली पर उठ रहे गंभीर सवाल

**ऑडियो वायरल**

**कर्नलगंज/गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

जिले में वैसे तो पूर्ति विभाग ने अपने कारनामों से अलग ही पहचान बना रखी है,लेकिन किसी पत्रकार या निर्दोष व्यक्ति को किस तरह से मामले में फंसा दिया जाए और भ्रष्ट कोटेदारों को कैसे बचाया जाए यह बात कटरा बाजार के नवागत पूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार को भली भांति पता है। उनके इस कारनामे से जुड़ा एक ऑडियो वायरल हो रहा है जिसमे उन्होंने शिकायतकर्ता को कोटेदार समझकर करके बातें की और शिकायतकर्ताओ व पत्रकारों को फंसाने की योजना बता डाली।

ऑडियो वायरल होने से कोटे की दुकान के जांच के बाबत बचाव का जुगाड़ बताने और षड्यंत्र रचने में पूर्ति निरीक्षक घिर गए हैं और विभाग के जिम्मेदारों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। मामला कटरा बाजार विकास खंड क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है,जहां एक कोटेदार के विरुद्ध जांच के दौरान एक ऑडियो वायरल हुआ है, जिसमें पूर्ति निरीक्षक शिकायतकर्ताओं और मीडिया कर्मियों को फंसाने की सलाह दे रहे हैं। इस मामले को लेकर कोटिया मदारा गांव के निवासी दीपनारायन शुक्ला उर्फ दीपक शुक्ला ने जिलाधिकारी को पत्र देकर सरकार के जीरो टालरेंस नीति की धज्जियाँ उड़ा रहे भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे पूर्ति निरीक्षक के विरूद्ध कठोर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। यहां ग्रामीण कई माह से कोटेदार के विरुद्ध शिकायत करते आ रहे हैं,लेकिन जांच रिपोर्ट नहीं लगाई गई। ऑडियो वायरल होने से पूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार ने शिकायतकर्ताओं को फर्जी फंसाने के लिए षड्यंत्र रचने को कहा, ताकि कोटेदार बच पाए। ग्रामीणों में इस मामले को लेकर चर्चाएं हो रही हैं। मामला विकास खंड कटरा बाजार के ग्राम कोटिया मदारा के कोटे की दुकान का है। गांव के निवासी दीपनारायण शुक्ला उर्फ दीपक शुक्ला ने शिकायत में कहा है कि उनके ग्राम पंचायत की कोटेदार मंजू देवी द्वारा की जा रही अनियमितता की शिकायत पर जुलाई माह 2024 में पूर्ति निरीक्षक द्वारा किये गये जांच के दौरान अनुचित लाभ लेकर अभी तक कार्यवाही नही की गयी। पूर्ति निरीक्षक सुनील दिवाकर के स्थानान्तरण के बाद कार्यभार ग्रहण कर चुके नवागत पूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार द्वारा शिकायतकर्ता को कोटेदार समझकर फोन पर कहा गया कि कोटेदार बोल रहे हो क्या? फिर कहा कि एसडीएम साहब को प्रत्यावेदन दो, कि पत्रकार लोग दलाली करते हैं, उनके भी विरूद्ध शिकायत करके तमाम लोग इकट्ठा होकर पेपरबाजी करा दो। दोनों तरफ से हो जाय ठीक रहेगा। तभी तुम्हारा मामला सही रहेगा।

तत्पश्चात निवर्तमान पूर्ति निरीक्षक सुनील दिवाकर ने कहा कि शिकायतकर्ताओ की खतौनी, आधार कार्ड, आदि अभिलेख किसी तरह से ले आईये उन लोगो का नाम अन्य ग्राम पंचायत के कोटेदार के दुकान में जोड़ दे और यह भी कहा कि प्रकाश वीर से बात हुई है। पेट्रोल पम्प पर आइए मै पूर्ति निरीक्षक से मुलाकात करवा दूँ जिससे जांच मे दिक्कत न हो। जिसकी काल रिकार्डिंग उसके पास उपलब्ध है। इस कारनामे से जुड़ा ऑडियो वायरल होने से पूर्ति विभाग के जिम्मेदारों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि कोटे की दुकान की शिकायत बीते जुलाई में की गई थी तब से विभाग जांच के नाम पर लीपोपोती करने में जुटा है। वहीं ग्रामीणों में इस मामले को लेकर चर्चाएं हो रही हैं। इस संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पाण्डेय से वार्ता करने हेतु दूरभाष के माध्यम से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर था।

# पुस्तैनी रास्ते पर अवैध निर्माण करने में जुटे दबंग, पीड़ित ने थाने में दी तहरीर

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नौबस्ता में दबंगों द्वारा पीड़ित के पुस्तैनी रास्ते पर अवैध निर्माण का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

बताते चलें कि नौबस्ता ग्राम निवासी रामबहादुर ने थाने में तहरीर देकर उक्त गांव के ही रामदेव, कृष्ण देव व रविंद्र नाथ पर आरोप लगाया है कि पूर्वजों से चले आ रहे उसके घर के सहन के पुस्तैनी रास्ते को इन तीनों विपक्षी जबरन बंद करने पर आमादा हैं। जबकि इस रास्ते के विवाद का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। बावजूद इसके ये उस पर अवैध निर्माण करना चाहते हैं। पीड़ित रामबहादुर का कहना है कि उसको घर पहुंचने के लिए एक मात्र यही रास्ता है। बहरहाल पीड़ित ने वजीरगंज थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार की है।



## हिंदी दिवस पर गोष्ठी आयोजित

**मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।** 14 सितंबर हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर राजा रघुराज सिंह महाविद्यालय अशरफपुर मनकापुर में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य रामेश्वरम चतुर्वेदी ने किया, गोष्ठी में मौजूद महाविद्यालय के प्रवक्ताओं ने राष्ट्रभाषा हिंदी पर अपने व्याख्यान दिए सभी लोगों ने राष्ट्रभाषा को अपनाने पर जोर दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य रामेश्वरम चतुर्वेदी ने हिंदी साहित्यकार रामकुमार नारद को उनकी पुस्तक गीत पलाश की प्रशंसा करते हुए सम्मानित किया। साहित्यकार आर के नारद ने हिंदी की रचनाओं से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गोष्ठी में डॉक्टर विनय कुमार मिश्रा, डॉक्टर माला तिवारी, राधे कृष्ण तिवारी, वेद प्रकाश शुक्ला, गुड़िया द्विवेदी, अपूर्वा त्रिपाठी, नमन सिंह, रवि शंकर शुक्ला, अभिषेक सिंह, अजय मिश्रा, राम चरित्र, राहुल सिंह, अवनीश मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

## दीवार गिरने से मां की दर्दनाक मौत, बेटी गंभीर रूप से घायल

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** जिले के इटियाथोक थाना क्षेत्र में एक कच्चे मकान की दीवार गिरने से महिला की दर्दनाक मौत हो गई वहीं उसकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि घटना शुक्रवार को हुई। इटियाथोक के प्रभारी निरीक्षक शेष मणि पाण्डेय ने बताया कि मृतक की पहचान साजिदा 40 वर्ष के रूप में हुई है। वह बोलने और सुनने में अक्षम थी। उन्होंने बताया कि इटियाथोक थाना क्षेत्र के भरजोतिया निवासी रियाज की पत्नी साजिदा शुक्रवार देर शाम अपनी बेटी हलीमा दो माह के साथ घर के पीछे वाले इलाके में थी तभी पुराने कच्चे मकान की दीवार अचानक उसके ऊपर गिर गई। उन्होंने बताया कि परिजन ने मां-बेटी को बाहर निकाला और तत्काल स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गए जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। बच्ची का इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## एमएलसी के भाषण पर फिर रो पड़े बृजभूषण

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह मंच पर रो पड़े।गमछे से अपने आंसू पोछते हुए नजर आए।किसी तरह खुद को संभाला।एमएलसी अवधेश कुमार उर्फ मंजू सिंह मंच से बृजभूषण पर लगे यौन शोषण के आरोपों पर बोल रहे थे। इसी दौरान बृजभूषण की आखों से आंसू छलकने लगे।एमएलसी अवधेश प्रताप सिंह मंच से लोकसभा चुनाव की चर्चा करते हुए कहा- अगर यह टिकट पहले मिल जाता और नेताजी सही से प्रचार कर देते तो करण भूषण सिंह तीन लाख वोटों से चुनाव जीतते, लेकिन कुछ परिस्थितियां ऐसे हुईं जो उनको टिकट नहीं मिला उनके बेटे को टिकट मिला।इनका बेटा फिर भी डेढ़ लाख वोटों से चुनाव जीत गया है।बहुत विकट परिस्थिति आई, लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ जब इतनी जीत की वोट की मार्जिन रही हो।

### पांच सितंबर को भी रोए थे बृजभूषण



पांच सितंबर को डुमरियाडीह में एक निजी विद्यालय में गुरुवार को स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम था। कार्यक्रम में पूर्व सांसद बृजभूषण शरण, गोंडा-बलरामपुर से एमएलसी अवधेश कुमार उर्फ मंजू सिंह समेत क्षेत्र के कई नेता मंच पर थे। अवधेश सिंह ने कहा- जैसे ज्योतिषी की भविष्य वाणी सच होती है, वैसे ही बृज भूषण शरण सिंह ने जो कहा था, वह अब सच हो रहा है। महिला पहलवानों ने पूर्व सांसद पर जो आरोप लगाए थे, वह फर्जी हैं। कांग्रेस की साजिश सबके सामने आ रही है। यह सुनते ही भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह रो पड़े थे।

# प्रशांत सिंह व अभिषेक सिंह का ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर चयन, लोगों में हर्ष

- क्षेत्र व परिवार का बढ़ाया गौरव, मिल रहीं बधाइयां

**कर्नलगंज/गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



ताकाजा है तूफान का लहरों से खेलो, कब तक चलोगे किनारे किनारे। मंजिलें खुद चूम लेंगीं कदम मुसाफिर अगर अपनी हिम्मत न हारे।। उपरोक्त पंक्तियों को चरितार्थ कर दिखाया है ग्रामीण अंचल में पले बढ़े प्रशांत सिंह ने,जिन्होंने पढ़ाई को प्राथमिकता देकर लक्ष्य तय किया और कुछ करने का ठान लिया,उनका चयन ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर हुआ है।

तहसील कर्नलगंज के कटरा बाजार क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत चैनापुर में किसान परिवार में जन्मे प्रशांत सिंह के पिता अनिल सिंह कृषक तो मां शिक्षामित्र हैं। प्रशांत ने अपनी कड़ी मेहनत की बदौलत परिवार सहित पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित करने का काम किया है।

सर्वोत्तम अंको के साथ हाईस्कूल व इन्टरमीडिएट की परीक्षा में बाजी मारने वाले प्रशांत सिंह की इस कामयाबी पर जहां एक ओर परिजनों, इष्ट मित्रों और सगे संबंधियों में हर्ष व्याप्त है व शुभचिंतको द्वारा शुभकामनाएं मिल रही हैं। प्रशांत सिंह का लक्ष्य बड़ा है,उनकी मंशा अभी इससे और आगे बढ़ने की है। वहीं हलधरमऊ ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत रेवारी निवासी डाक्टर सुनील सिंह के बड़े बेटे अभिषेक सिंह उर्फ शिवम का भी चयन ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर हुआ है। ग्राम पंचायत रेवारी निवासी क्षेत्र के प्रतिष्ठित किसान अशोक सिंह के घर मे सुपौत्र के रुप में जन्मे अभिषेक सिंह लखनऊ में रहकर तैयारी कर रहे थे। उन्होने अपनी कड़ी मेहनत की बदौलत परिवार सहित पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

अभिषेक सिंह की इस कामयाबी पर परिजनों,इष्ट मित्रों और सगे संबंधियों द्वारा शुभकामनाएं मिल रही हैं। इसके पहले डाक्टर सुनील सिंह की बेटी शिवानी सिंह ने नीट परीक्षा में अहम स्थान लाकर जिले का नाम रोशन किया था। छह माह के अंदर परिवार में भाई-बहन के चयन से पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। भाई-बहन की यह सफलता अन्य प्रतिभागी छात्रों के लिए सीख साबित हो सकती है।

## खबरें एक नजर में

### प्राथमिक विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया हिंदी दिवस



- प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, सफल प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** जिले के इटियाथोक शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत कन्या प्राथमिक विद्यालय अयाह मे शनिवार को हिंदी दिवस बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय स्तर पर विविध आयोजन हुए। कार्यक्रम मे प्रभारी प्रधानाध्यापक विनोद कुमार ने कहा कि हिंदी हमारे देश का गौरव है, हिंदी का सम्मान हमारा सम्मान है। बिना हिंदी के हमारी कोई पहचान नही है। हिंदी भाषा हमारी भावना और संस्कृति को व्यक्त करती है। भाषा शिक्षक नसीम अंसारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की हिंदी हमारी मातृ भाषा है। विश्व मे सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में हिंदी तीसरे पायदान पर है। निबंध लेखन प्रतियोगिता मे शहजादी प्रथम, नैना द्वितीय, समायरा तृतीय तथा भाषण में अनुराग प्रथम, गोलू द्वितीय तथा मानसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी सफल प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता शिक्षक दुर्गा प्रसाद गुप्त के देख-रेख व मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इस मौके पर हरि नारायण मिश्र, अनीता, पराना, शकुंतला सहित सभी छात्र,छात्राएं उपस्थित रहे।

### हिन्दी दिवस पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** हिन्दी दिवस के अवसर पर जम्मू कश्मीर के आदर्श बल विद्या मंदिर में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता में विद्यालय के बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया, कवि समीक्षक वाई वेद प्रकाश ने भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की पंक्तियों निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल बिन निज भाषा ज्ञान के मिटत न हिय को शूल के माध्यम से सभी बच्चों को हिन्दी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए बताया कि हिन्दी के उत्थान के लिए हम सभी को प्रयास करना चाहिए। विद्यालय प्रबंधक राजेश यादव ने कहा कि हिंदी भाषा के माध्यम से ही हम समाज का विकास कर सकते हैं। अभिषेक सिंह ने बच्चों को हिन्दी निबंध लेखन के गुण बताए। संजय गुप्ता ने बच्चों से हिन्दी साहित्य एवं भाषा की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। अमित यादव ने कहा कि हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में स्थापित किया जाना चाहिए। मोनिका ने कहा कि हमारा देश हिन्दी को राजभाषा मानता है वहीं सारे काम अंग्रेजी में किये जाते हैं जो दुर्भाग्यपूर्ण है। सविता यादव ने कहां की हिंदी की बिंदी भी बोलती है जबकि अंग्रेजी के शब्द छुपे हुए होते हैं। आन्या, प्रिया ने कहा कि हिन्दी हमारी मातृभाषा ही नहीं संपूर्ण संस्कृति है। इस अवसर पर पवन, सुधीर, राहुल मौर्य,वेद प्रकाश, सुमित, नरेंद्र, विवेक,जेबा अंसारी, एंजेलिना प्रिया, आभास, ज्योति गुप्ता, अनीता, बृजेश कुमार, दिव्या, रुचि, अर्पिता, अनामिका, सपना, शिल्पी,वी एन, सुरभि, वंदना सिंह, शमिता, पूजा, आदर्श, तनवीर आदि उपस्थित रहे।

# आदमखोर भेड़ियों के हमले के बीच आज जिले का दौरा करेंगे सीएम योगी

- दौरे को लेकर एसपी व सीडीओ ने विधायक के साथ की वार्ता
- भेड़िया प्रभावित गांवों के लोगों से मुलाकात कर जताएंगे दुख



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को महसी तहसील के भेड़िया प्रभावित गांवों में पीड़ित परिवार के लोगों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वह घायलों से जिला अस्पताल जाकर जानकारी लेंगे। सीएम के प्रस्तवित दौरे को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है।महसी तहसील क्षेत्र के सिसैया चूड़ामणि समेत अन्य गांवों में भेड़िया ने कई लोगों पर हमला कर मार डाला है। जबकि तीन दर्जन से अधिक लोग हमले में घायल हैं। हमलों में दम तोड़ने वाले लोगों के परिवार और घायलों की पीड़ा दो दिन पूर्व भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह ने लखनऊ पहुंच कर मुख्यमंत्री से बताई थी। इसको देखते हुए मुख्यमंत्री ने जिले में रविवार आने की बात कही है। इसको देखते हुए शनिवार को अधिकारियों सिसैया चूड़ामणि गांव पहुंच कर विधायक से वार्ता की। हेलीपैड स्थल के लिए जमीन चिन्हीकरण के साथ उसका निर्माण शुरू करवा दिया गया है। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला और सीडीओ मुकेश कुमार ने विधायक के साथ वार्ता की। बताया कि मुख्यमंत्री भेड़िया के हमले में दम तोड़ने वाले के परिवार के लोगों के साथ अस्पताल में भर्ती घायलों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी, नगर रामानंद कुशवाहा, एडीएम, सीओ रूपेंद्र गौड़ समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## भाजपा युवा मोर्चा ने अखिलेश यादव का जलाया पुतला

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** शहर के डीएम चौराहे पर शनिवार को भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने संत समाज पर टिप्पणी को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का पुतला जलाया। पूर्व मुख्यमंत्री के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की।भाजपा युवा मोर्चा के जिला संयोजक अरुणेंद्र सिंह अंकित की अगुवाई में सभी कोतवाली देहात के डीएम चौराहे पर एकत्रित हुए। यहां पर सभी ने सपा के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का पुतला जलाया। पुतला जलाते हुए जिला संयोजक ने कहा कि भाजपा हमेशा संत समाज के साथ है और रहेगा। संत समाज पर टिप्पणी बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। अर्पित श्रीवास्तव ने कहा कि सपा ने अल्प संख्यक समाज को खुश करने के लिए संत समाज पर गलत बयान दिया है। इसका जवाब जनता देगी। पिछड़ा वर्ग के सुवेद वर्मा ने कहा कि भाजपा संत और सनातन समाज के साथ है। कोई भी गलत बयान बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस दौरान क्षेत्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा अंकुश यादव, जिला महामंत्री डॉक्टर जितेंद्र त्रिपाठी, राघवेंद्र प्रताप सिंह, नन्हे लाल लोधी, नगर अध्यक्ष अमित शर्मा, आनंद जायसवाल, अमरीश गुप्ता, ज्ञानेंद्र धर शर्मा समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## छात्र समेत तीन लोगों ने फंदा लगाकर दी जान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में छात्र और महिला सहित तीन लोगों के शव फंदे पर लटके मिले। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को फंदे से उतारकर जांच के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।फखरपुर थाना क्षेत्र के इच्छापुर गांव निवासी इश्तिखार (15) का शव शनिवार को घर के कमरे में दुपट्टे से फंदे पर लटका मिला। मृतक के पिता इबरार ने बताया कि वह गांव में स्थित सरकारी स्कूल में कक्षा सात में पढ़ता था। बृहस्पतिवार को पूना से वह पिता के साथ वापस घर आया था।

पिता पूना में रहकर रोजगार करते है। एक बहन व चार भाई थे। मौत से मां अजमेरुन सहित अन्य परिजन बदहवास है। थानाध्यक्ष अभिनव प्रताप सिंह का कहना है कि परिजन मौत का कोई कारण नहीं बता पा रहे है। जांच की जा रही है।जरवलरोड थाना क्षेत्र के बंभौरा मजरा बरुहा निवासी राजेश (44) का शव शनिवार को घर के पास स्थित बबूल के पेड़ पर संदिग्ध हालात में गमछे के फंदे से लटका मिला। मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया कि सुबह वह घर से कहीं जाने के लिए निकले थे। जब ग्रामीणों ने शव लटका देखा तो मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। मौत से परिजनों में मातम पसर गया। जरवलरोड थानाध्यक्ष बृजराज प्रसाद का कहना है कि परिजनों ने युवक की मानसिक स्थिति ठीक न होने और नशा का आदी होने की बात बताई है। जांच की जा रही है।

पयागपुर थाना क्षेत्र के इश्वरीपुरवा मौजा इमलियागंज निवासी मनीषा (26) का शव घर के कमरे में शुक्रवार को संदिग्ध अवस्था में फंदे पर लटका मिला। सूचना पर मृतका के मायके गोंडा जनपद के कौडिया रानी परसिया से पहुंचे चाचा रघुराज ने आरोप लगाते हुए बताया कि उन्होंने मनीषा की शादी चार वर्ष पहले रामकरण से की थी। शादी के बाद से ही अतिरिक्त दहेज के चलते ससुरालीजन उसे प्रताड़ित करते थे। मारकर शव को फंदे पर लटका दिया गया। पति सहित चार ससुरालियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। निरीक्षक करुणाकर पांडेय का कहना है कि तहरीर के आधार पर आरोपियों पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## तीन साल के मासूम को सांप ने डंसा, मौत

- सीएचसी से जिला अस्पताल ले जाते समय हुई मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले में एक 3 साल के मासूम को घर में बनी चक्की में छिपे हुए जहरीले सांप ने डस लिया। घटना के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया और उन्होंने तुरंत बच्चों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाकर इलाज की कोशिश की। लेकिन उसकी हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया रास्ते में ही मासूम की मौत हो गई। शनिवार की सुबह थाना विशेश्वरगंज के ग्राम धनुही निवासी बजरंगी के 3 साल के बेटे युवराज को चक्की में छिपे जहरीले सांप ने डस लिया। चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और सांप को देखकर घबरा गए। तुरंत बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही युवराज की मौत हो गई। युवराज बजरंगी का इकलौता बेटा था और उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# गन्ना आयुक्त ने आईपीएल चीनी मिल का किया निरीक्षण

- अमृत सरोवर, उद्भव शिक्षा निकेतन विद्यालय तथा पूज्य स्थल पकड़िया बाबा का भी किया भ्रमण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



आयुक्त (गन्ना एवं चीनी उद्योग), उत्तर प्रदेश, पी.एन. सिंह ने आईपीएल चीनी मिल जरवलरोड एवं गन्ना समिति का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान गन्ना आयुक्त ने चीनी मिल स्थित प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र का निरीक्षण किया। क्षेत्र के प्रगतिशील किसानों से वार्ता की। आगामी पेराई सत्र के लिए मिल की हो रही तैयारियां, मिल की रिपेयरिंग एवं मेन्टीनेन्स कार्यो का निरीक्षण किया।

गन्ना उत्पादन और मिल संचालन के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक कर मिल प्रशासन से जानकारी प्राप्त की और मिल प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

आयुक्त ने क्षेत्र के प्रगतिशील गन्ना किसानों के फोटो गन्ना कार्यालय में लगाने का सुझाव दिया। श्री सिंह ने इकाई परिसर में बने अमृत सरोवर, उद्भव शिक्षा निकेतन विद्यालय तथा पूज्य स्थल पकड़िया बाबा का भी भ्रमण किया।इस अवसर पर उपगन्ना आयुक्त आर.बी. राम, जिला गन्ना अधिकारी आनन्द शुक्ला, जिला गन्ना अधिकारी गोण्डा सुनील कुमार सिंह, गन्ना सचिव जरवलरोड प्रेमनाथ पाण्डेय, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक राजेश कुमार विश्वकर्मा, आईपीएल महाप्रबंधक टी.एस.राणा, अरविन्द देशवाल, बी.पी. यादव, लेखाधिकारी अजीत कुमार सिंह,गन्ना प्रबंधक सी.पी. सिंह, दीपक सिंह, सुनील श्रीवास्तव, गुरुविलास वर्मा, बाबा सिंह, पप्पू, समेत चीनी मिल के कर्मचारी, किसान उपस्थित रहे।

## ग्रामीण की तालाब में डूबने से मौत

- खेत से वापस आते समय हुआ हादसा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के मटेरा कला गांव निवासी एक ग्रामीण शनिवार सुबह खेत को गया। इसके बाद वापस घर आ रहा था। रास्ते में तालाब में पैर फिसलने से वह डूब गया। उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मटेरा कलां निवासी गोबरे वर्मा (58) शनिवार सुबह नित्य क्रिया के लिए खेत को गए थे। इसके बाद तालाब के निकट नित्य कर्म करने लगे। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया। जिसके चलते वह तालाब में डूब गए और पानी में डूबकर मौत हो गई। पुलिस ने कुछ देर बाद ग्रामीणों ने तालाब में शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव बाहर निकलवाया। पत्नी ननकी देवी की तहरीर पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि तालाब में डूबने से मौत हुई है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संदीप वर्मा ने बताया कि तालाब के निकट ही मृतक का खेत है। प्रतिदिन की तरह वह खेत भ्रमण के बाद नित्य क्रिया को गए। घर वापस आते समय हादसा हो गया।

# घाघरा-सरयू नदी उफान पर, दो दर्जन से ज्यादा गांव में घुसा पानी

- 24 घंटे में और बिगड़ सकती है स्थित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले में बुधवार और गुरुवार दो दिन की बारिश के चलते घाघरा और सरयू नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। जिससे कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। बैराजों से छोड़े जा रहे पानी के कारण जिले के मिहीपुरवा, नानपारा तहसील के शिवपुर ब्लाक और महसी तहसील के दो दर्जन गांव बाढ से प्रभावित हो गए हैं। मिहीपुरवा तहसील की सुजौली,बढखडिया, चहलवा और जंगल गुलरिया ग्राम पंचायत के 20 से अधिक मजरो में बाढ़ का पानी घुस चुका है। नानपारा तहसील केसरईया, नारायणपुर समेत कई गांव बाढ़ की चपेट में है। महसी तहसील के भी दो दर्जन से अधिक गांव बाढ़ से प्रभावित हैं।

### स्थिति और बिगड़ने की संभावना



बारिश और बाढ़ के कारण घरों और संपर्क मार्गों पर पानी भर गया है। जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिला प्रशासन ने निचले इलाकों में रहने वाले लोगों से सुरक्षित स्थान पर जाने की अपील की है। बाढ़ चौकियों को अलर्ट पर रखा गया है और लगातार बारिश के चलते हालात और भी बिगड़ने की आशंका है। जिले में बैराजों पर पानी के दबाव को देखते हुए शनिवार की सुबह चौधरी चरण सिंह, शारदा और सरयू बैराज से मिलाकर कुल 5 लाख 17 हजार 767 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इससे आने वाले 24 घंटे में स्थिति और बिगड़ने की संभावना है।

### सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह

जिला प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य तेज कर दिए हैं और प्रभावित लोगों को मदद पहुंचाने के लिए तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक सामग्री और चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। जिले में बाढ़ की स्थिति पर नजर रखने एवं राहत कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए प्रशासन सक्रिय है। लोगों से अनुरोध है कि वह प्रशासन की सलाह माने और सुरक्षित स्थान पर जाएं।

### नेपाल से लगातार छोड़ा जा रहा पानी

शुक्रवार और शनिवार को बारिश नहीं हुई। लेकिन नेपाल के पहाड़ों पर हो रही बारिश के चलते पानी जिले को छोड़ा जा रहा है। नेपाल के पहाड़ों से छोड़े जा रहे पानी के चलते मोतीपुर के गिरिजापुरी बैराज, गोपिया बैराज और शारदा बैराज का जलस्तर काफी बढ़ गया है। जिसके चलते गिरिजापुरी बैराज के सभी फाटक खोल दिए गए हैं। फाटक खुलने और जलस्तर बढ़ने से निचले इलाकों में पानी भरने लगा है।

# कोर्ट के आदेश पर तीन सिपाहियों समेत सात के खिलाफ केस दर्ज

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** न्यायिक आदेश पर नानपारा कोतवाली पुलिस ने एक ज्ञात व दो अज्ञात सिपाहियों समेत सात लोगों के विरुद्ध लूट, मारपीट व धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज किया है। मुकदमा पंजीकृत कराने के लिये दलित महिला को करीब दो वर्ष तक इधर-उधर भटकना पड़ा।नानपारा तहसील में संग्रह चपरासी के पद पर कार्यरत इन्द्रासनी के पुत्र राहुल का विवाह मऊ जिले के थाना सराय लख्खी के ग्राम बुढ़ावे निवासी सनी निगम के साथ हुआ था। विवाह के कुछ समय के बाद पति से अनबन के चलते युवती मायके चली गई और वहीं रहने लगी। कुछ अंतराल के बाद 11 जनवरी 22 को सनी निगम मऊ से नानपारा आयी और पति के हसनगंज नया नानपारा स्थित आवास पर पहुंची। महिला के साथ दीक्षित भारती, नानपारा कोतवाली के सिपाही विनोद कुमार यादव, एक अज्ञात महिला व पुरुष सिपाही तथा अन्य लोग आये। इन्द्रासनी की बहू ने तिजोरी की चाभी मांगी। इस बीच एक सिपाही राहुल को पकड़कर कोतवाली ले गया। अन्य मौजूद लोगों ने तिजोरी में रखे 15 हजार की नगदी व सोने चांदी के आभूषण निकालकर चले गये। दलित महिला ने नानपारा कोतवाली व पुलिस कप्तान से लूटपाट का केस दर्ज करने की गुहार लगाई और कोई कार्यवाही न होने पर विशेष जिला सत्र न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट की कोर्ट पर आपराधिक वाद दायर किया। न्यायाधीश ने इस मामले में लूट, मारपीट व धमकी की धाराओं में केस दर्ज करने का आदेश दिया। न्यायिक आदेश पर नानपारा कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज किया। कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज किया गया है।

# निर्भयाओं को निर्भय बनाने के प्रयास और सख्ती के प्रावधान

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

पश्चिम बंगाल का आरजी कर प्रकरण भले आज उबाल ले रहा हो पर 2012 के निर्भया कांड के बाद हुई सख्ती के बावजूद ऐसी घटनाओं का बंद होना तो दूर महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराध कम नहीं हो रहे। जैसे कठोर सजा प्रावधान भी बेअसर हो रहे हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध वाले प्रकरणों का न्यायालयों में निस्तारण भी तेजी से हो रहा है। करीब 90 प्रतिशत तक प्रकरणों का न्यायालयों से निस्तारण किया जा रहा है। लेकिन महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराध की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। कुछ समय गुजरते ही देश में कहीं ना कहीं निर्भया जैसे नृशंस कांड हो रहे हैं जो देश को हिलाकर रख देते हैं।

कोलकता आरजी कर अस्पताल में रेप व हत्या की घटना के बाद जिस तरह देशव्यापी माहौल बना, उसके चलते पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक (पश्चिमी बंगाल आपराधिक कानून एवं संशोधन) विधानसभा से पारित हो गया। सवाल यह नहीं है कि कानून कितना सख्त बनाया गया है। सवाल यह भी नहीं है कि कानून में किस तरह से जांच से लेकर सजा तक की समय सीमा तय की गई है। सवाल यह है कि 2012 में निर्भया कांड के बाद जिस तरह से कानून में बदलाव कर सख्ती के प्रावधान किये गये, जिस तरह से पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की बात हुई और जिस तरह से देश में त्वरित न्याय के लिए फास्ट ट्रेक स्पेशल अदालतें और पाक्सो अदालतें बनाई गई उसके बाद भी हालात में बदलाव क्यों नहीं दिखाई दे रहे हैं। दिसंबर 2012 में निर्भया कांड को लेकर जिस तरह देशव्यापी आक्रोश देखने को मिला उसके बाद 2013 में नया आपराधिक कानून लाकर सरकार ने सख्ती की मंशा दिखाई इसके बावजूद सकारात्मक परिणाम देखने को नहीं मिला। 2015 में किशोर न्याय अधिनियम के माध्यम से 16-18 साल के दोषियों को भी कोई रियायत नहीं देने के प्रावधान किये गये और 2019-20 में 1023 फास्ट ट्रेक स्पेशल कोर्ट का गठन और 389 पॉक्सों कोर्टो के गठन के बावजूद अपराधियों में किसी तरह भय का वातावरण नहीं बना है। उज्जैन, अयोध्या और इसके बाद आरजी कर प्रकरण से साफ हो गया है कि भले ही अब ममता सरकार ने नया अधिनियम पारित करा लिया हो पर तस्वीर का एक पहलू यह भी है कि ऐसे मामलों में भी लोग राजनीतिक फायदा-नुकसान को देखकर प्रतिक्रिया देते हैं।

# जम्मू-कश्मीर विस चुनाव विमर्श के विषय




**डॉ. पंडित श्यामप्रसाद मुखर्जी के एक देश, एक विधान, एक प्रधान के संकल्प को शिरोधार्य किए हुए भाजपा ने अपनी संकल्प शक्ति से भारत के मुकुटमणि को 370 व 35 ए के दंश से मुक्ति दिलाई है। कश्मीर का विकास अब शेष देश के समान आगे बढ़ता हुआ दिखता है। वर्ष 2020-21 में 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा के अनुसार, जम्मू और कश्मीर प्रदेश एवं लद्दाख हेतु क्रमशः 30757 करोड़ रु. और 5959 करोड़ रु. का अनुदान दिया गया है। भाजपा की केंद्र सरकार ने कश्मीर में लोकतंत्र को पुर्नजीवित किया है। वर्ष 2018 में भाजपा की संकल्प शक्ति से कश्मीर में पंचायत चुनाव हुए, जिसमें 74.1 प्रतिशत मतदान हुआ, वर्ष 2019 में ब्लॉक डवलपमेंट काउंसिल चुनाव में 98.3 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके बाद जिला स्तर के चुनाव में भी यही गाथा दोहराई गई। आज कश्मीर में आयुष्मान योजना में 4.4 लाख लाभार्थियों की सूची बन गई है।**

**प्रवीण गुगनानी**

उस जमाने की बात याद है, जब प्रत्येक राष्ट्रीय कानून, प्रस्ताव, प्रावधान आदि पर लिखा जाता था - (जम्मू और कश्मीर को छोड़कर) लेकिन अब देश में वैसा नहीं होता। जम्मू कश्मीर अब शेष भारत के नवनिर्माण में सहयोग दे रहा है। आज का कश्मीर नये भारत का नया कश्मीर है।जिस कश्मीर में दशकों तक ऐसा आतंकी वातावरण रहा कि वहाँ भारतीय भी जाने की कल्पना नहीं करते थे, उस कश्मीर में मोदी सरकार ने जी-20 का सम्मेलन करवा दिया, यही नया कश्मीर है।

अनुच्छेद 370 को इस प्रदेश की नियति मानने और बताने वाले लोग वस्तुतः बदनियत लोग थे, वे अब मुख्यधारा से बाहर हैं। कांग्रेस ने भी फ़ारूख़ अब्दुल्ला और उसके अन्य प्रिय कश्मीरी अलगाववादियों, उग्रवादियों व आतंकवादियों के साथ चलते हुए अनुच्छेद 370 हटाने का विरोध किया था। अनुच्छेद 370 के उन्मूलन के बाद बना था- गुपकार गठबंधन। गुपकार गठबंधन चाहता है कि अनुच्छेद 370 कश्मीर में पुनर्स्थापित हो। अनुच्छेद 370 के संदर्भ में आज कांग्रेस की स्थिति साँप-छछून्दर जैसी है। कश्मीर में वह अलगाववादियों, उग्रवादियों, आतंकियों, देश विरोधियों के साथ खड़े होकर 370 की पक्षधर दिखती है। यही कांग्रेस शेष भारत में अपनी इस केंचुली को उतार कर अनुच्छेद 370 के विषय में दोहरे चरित्र की बात करती है। जब समूचा भारत अनुच्छेद 370 के उन्मूलन को लेकर प्रसन्न हो रहा था तब कांग्रेस देश की इस प्रसन्नता से अलग मुँह फुलाए बैठी थी। कांग्रेसी अभिषेक सिंघवी ने तब कहा था प्रथम दृष्टया, हम 370 को निरस्त करने के तरीकों पर निर्णय से असहमत हैं। 6 अगस्त, 2019 को कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने लेकर मोदी सरकार पर हमला किया था। इस बैठक में उसने 370 का सम्मान करते रहने का प्रस्ताव पारित किया था। ऐसा विरोध भला 'देश विरोध' नहीं तो और क्या था? शेष राष्ट्र के सामने कांग्रेस अपने दोहरे चरित्र पर बड़ी बेशर्मी से स्वयं को 'गुपकार गैंग' से अलग बताती है। यही कांग्रेस अनुच्छेद 370 हटने के ठीक एक दिन पूर्व फ़ारूक़ अब्दुल्ला के निवास पर पीडीपी सहित कई अन्य के साथअनुच्छेद 370 के पक्ष में संयुक्त व्यक्तव्य जारी कर रही थी। यही कांग्रेस, अनुच्छेद 370 के हटने के एक वर्ष बाद भी कश्मीर में पुनः गुपकार रोड पर इनके साथ खड़ी दिखाई देती है। कांग्रेस, अब्दुल्ला और पीडीपी वाले इस अलगाववादी गठबंधन ने एक वर्ष बाद भी यह कहा था कि अनुच्छेद 370 और 35 को पुनर्स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कश्मीर के इस विधानसभा चुनाव में कश्मीर की जनता को कांग्रेस से यह पूछना चाहिए कि कश्मीर छोड़ कर शेष राष्ट्र में वह अनुच्छेद 370 को हटाने के पक्ष में क्यों खड़ी दिखती है? ये दोहरा चरित्र क्यों है? शेष राष्ट्र में वह अब्दुल्ला व मुफ़्ती परिवार से दूरी का प्रदर्शन करती है और अब विस चुनाव भी उनके साथ ही लड़ती है। कश्मीर की जनता को इन दोहरे और डुप्लीकेट चरित्र वाले लोगों का बहिष्कार करना चाहिये। गुपकार गठबंधन स्पष्ट तौर पर विदेशी शक्तियों का एक बॉम्ब टॉय क्क्ष्भ्द्वढ्ढ ञ्श्4 है और कांग्रेस, अब्दुल्ला, पीडीपी इसके साथ खड़े हुए हैं।

डॉ. पंडित श्यामप्रसाद मुखर्जी के एक देश, एक विधान, एक प्रधान के संकल्प को शिरोधार्य किए हुए भाजपा ने अपनी संकल्प शक्ति से भारत के मुकुटमणि को 370 व 35 ए के दंश से मुक्ति दिलाई है। कश्मीर का विकास अब शेष देश के समान आगे बढ़ता हुआ दिखता है। वर्ष 2020-21 में 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा के अनुसार, जम्मू और कश्मीर प्रदेश एवं लद्दाख हेतु क्रमशः 30757 करोड़ रु. और 5959 करोड़ रु. का अनुदान दिया गया है। भाजपा की केंद्र सरकार ने कश्मीर में लोकतंत्र को पुनर्जीवित किया है। वर्ष 2018 में भाजपा की संकल्प शक्ति से कश्मीर में पंचायत चुनाव हुए, जिसमें 74.1 प्रतिशत मतदान हुआ, वर्ष 2019 में ब्लॉक डवलपमेंट काउंसिल चुनाव में 98.3 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके बाद जिला स्तर के चुनाव में भी यही गाथा दोहराई गई। आज कश्मीर में आयुष्मान योजना में 4.4 लाख लाभार्थियों की सूची बन गई है। प्रधानमंत्री किसान योजना व प्रधानमंत्री आवास योजना के मामले में कश्मीर ने देश के शेष राज्यों की अपेक्षा अधिक सफलता अर्जित की है। कश्मीर के मूल निवासियों के अधिकारों को सुरक्षित किया गया है। नई मूल निवासी परिभाषा के अनुसार 15 वर्ष या अधिक समय तक जम्मू-कश्मीर में रहने वाले व्यक्ति भी अब अधिवासी माने जाएंगे इससे कश्मीर की जनता सुरक्षित हुई है। कश्मीरी पंडितों की वापसी के लिए छह हजार आवासों का निर्माण हो गया है। जम्मू-कश्मीर से बाहर विवाह करने वाली लड़कियों और उनके बच?चों के अधिकारों का संरक्षण भी सुनिश्चित किया गया है। कश्मीर में पहली बार दस हज़ार रिक्त नौकरियों को सूचीबद्ध करके इन पर नियुक्तियों का कार्य प्रारंभ किया गया है।

इसके दूसरे चरण में लगभग साढ़े बारह हज़ार नौकरियों के लिए भर्ती अभियान चलाया गया है। मोदी सरकार ने कश्मीर में हिमायत योजना से लगभग नब्बे हज़ार युवाओं को प्रशिक्षण दिया है। भाजपा की केंद्र सरकार ने पचास नये महाविद्यालय प्रारंभ किए हैं, जिसमें लगभग सात हज़ार कश्मीरी छात्र नये कश्मीर का भाग्य लिख रहे हैं। सात मेडिकल कॉलेज व पाँच नर्सिंग कॉलेज प्रारंभ किए गए हैं। आईआईटी जम्मू को अपना कैंपस और एम्स की भेंट मिली है। अटल टनल प्रारंभ होने के साथ चिनाब पर विश्व का सबसे ऊंचा 467 मीटर का पुल अब कश्मीर को वैश्विक नक़्शे पर आतंकग्रस्त नहीं अपितु एक विकसित प्रदेश के रूप में दिखाता है। कश्मीर में आज ऐसी कई नई योजनाएँ प्रारंभ हो रही हैं।

एक समय था जब कश्मीर के जंगल उजाड़ कर देशभर में बनने वाली पेंसिल की लकड़ी पुलवामा से जाती थी। आज मोदी सरकार की कल्पनाशीलता से पुलवामा का उक्खूँ गाँव देशभर की पेंसिल खपत की नब्बे प्रतिशत पेंसिल बैट सप्लाई करके अपने उत्पाद का उच्चतम मूल्य प्राप्त कर रहा है।

सबसे बड़ी बात कि इसके लिए वह अपने अमूल्य देवदार के वृक्षों को नहीं काट कर पर्यावरण सुरक्षा भी कर रहा है। पहले कश्मीर से पेंसिल की लकड़ी जाती थी, अब वैल्यू एडिशन के साथ पेंसिल जाती है और स्थानीय बहुमूल्य लकड़ी भी नहीं काटी जा रही है। कश्मीर में दस वर्षों बाद होने जा रहे विस चुनाव में भाजपा का स्पष्ट कहना है कि वह कश्मीर को रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों से मुक्ति दिलायेगी और कश्मीर की कश्मीरियत स्थापित रखेगी। जम्मू व श्रीनगर में मेट्रो रेल प्रारंभ होगी।

## विचार

# आरबीआई और बैंकिंग क्षेत्र के बारे में गलत विमर्श का जवाब

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

**जब बड़े पैमाने पर कर चोरी के कारण राजस्व संग्रह कम होता है और रोजगार सृजन और सामान्य विस्तार (5 ट्रिलियन डॉलर जीडीपी का लक्ष्य) के माध्यम से सुविधाओं के निर्माण के लिए बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में निवेश करने की आवश्यकता होती है तो सरकार को धन की आवश्यकता होती है। आखिरकार, आरबीआई का पैसा भी लोगों का पैसा है। तो सरकार इसका उपयोग क्यों नहीं कर सकती? कई साल पहले, सरकार ने सभी बैंकों से कृषि क्षेत्र में ऋण देने के लक्ष्य को पूरा करने को कहा था और किसी भी कमी का भुगतान सरकार के माध्यम से राज्यों में ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास में निवेश के लिए नाबार्ड को किया जाना था।**

साल 2013 में नरेन्द्र मोदी के देश की सत्ता संभालने से एक साल पहले मॉर्गन स्टेनली ने भारत को उभरती हुई पाँच कमजोर अर्थव्यवस्था में से एक के रूप में नामित किया था। इसे अपनी अर्थव्यवस्था चलाने के लिए विदेशी पूंजी पर निर्भरता और कई मामलों में महत्वपूर्ण चालू खाता घाटे के कारण नाजुक पाँच अर्थव्यवस्था के रूप में घोषित किया। अधिशेष धन प्रदान करने की आरबीआई की नीति कैसे विकसित हुई 1997 में आरबीआई के पूंजी ढांचे पर गौर करने की आवश्यकता थी ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि आरबीआई को अपनी परिसंपत्तियों के प्रतिशत के रूप में कितना आरक्षित रखना चाहिए। वी सुब्रह्मण्यम के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया गया। समिति ने अपनी परिसंपत्तियों का 12 फीसदी प्रस्तावित करते हुए एक रिपोर्ट प्रस्तुत की। आरबीआई ने निष्कर्षों को स्वीकार नहीं किया। 2004 में उषा थोरातजी के नेतृत्व में एक और समूह ने आरबीआई के पूंजी ढांचे की समीक्षा के लिए बैठक की। समूह ने लगभग 18 प्रतिशत की सिफारिश की, जिसे आरबीआई ने स्वीकार नहीं किया। 2013 में वाई.एच. मालेगाम समिति ने सिफारिश की कि अतिरिक्त भंडार सरकार को दिया जाना चाहिए। संयुक्त राज्य अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम सहित दुनिया भर में सामान्य मानदंड कुल संपत्ति का 8 फीसदी है। 2008 में यूएस फेड ने वित्तीय संकट के दौरान अमेरिकी बैंकों की मदद करने के लिए पर्याप्त मात्रा में भंडार आवंटित किया। इसलिए ऐसा कुछ भी नया नहीं है जिसे भारतीय सरकार अपने स्वार्थ के लिए अपने केंद्रीय बैंक से पूरा करवाना चाहती हो और हम सभी जानते हैं कि हमारे बैंकिंग क्षेत्र, विशेष रूप से सार्वजनिक उपक्रमों ने पिछले दशक में कैसा प्रदर्शन किया है। जब बड़े पैमाने पर कर चोरी के कारण राजस्व संग्रह कम होता है और रोजगार सृजन और सामान्य विस्तार (5 ट्रिलियन डॉलर जीडीपी का लक्ष्य) के माध्यम से सुविधाओं के निर्माण के लिए बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में निवेश करने की आवश्यकता होती है तो सरकार को धन की आवश्यकता होती है। आखिरकार, आरबीआई का पैसा भी लोगों का पैसा है। तो सरकार इसका उपयोग क्यों नहीं कर सकती? कई साल पहले, सरकार ने सभी बैंकों से कृषि क्षेत्र में ऋण देने के लक्ष्य को पूरा करने को कहा था और किसी भी कमी का भुगतान सरकार के माध्यम से राज्यों में ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास में निवेश के लिए नाबार्ड को किया जाना था। इस निर्देश से कई गांवों को लाभ हुआ। प्रमुख अर्थशास्त्री और आरबीआई के पूर्व गवर्नर बिमल जालान समिति की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्र निर्माण के लिए आरबीआई द्वारा केंद्र सरकार को आरक्षित धन का एक हिस्सा हस्तांतरित करना उचित है।

केंद्र सरकार को आरबीआई का लाभांश भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये का लाभांश दिया। यह एक साल पहले की राशि से दोगुने से भी अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 47 (अतिरिक्त लाभ का आवंटन) के अनुसार अधिशेष या व्यय पर आय की अधिकता को सरकार को हस्तांतरित करता है। अधिनियम की धारा 47 के अनुसार, केंद्र सरकार को खराब ऋण, मूल्यह्रास और अन्य खर्चों में कटौती के बाद शेष आय प्राप्त होगी। अधिकांश देशों में यही स्थिति है; अमेरिकी फेडरल रिजर्व, बैंक ऑफ जापान, बैंक ऑफ इंग्लैंड और जर्मन बुंडेसबैंक के कानून स्पष्ट रूप से कहते हैं कि आय का भुगतान सरकार या राजकोष को किया जाना चाहिए। अधिशेष और लाभांश गणना बिमल जालान समिति द्वारा अनुशंसित आर्थिक पूंजी ढांचे (ईसीएफ) पर आधारित थी। समिति ने सिफारिश की कि आरबीआई अपनी बैलेंस शीट का 5.5 से 6.5 प्रतिशत का आकस्मिक जोखिम बफर (सीआरबी) बनाए रखे। बैंकों का सकल एनपीए 2018 में 11.25 प्रतिशत से गिरकर सितंबर 2023 में 3 फीसदी हो गया, जबकि ऋण वृद्धि लगभग 15 फीसदी रही। वित्त वर्ष 24 में बैंकिंग क्षेत्र का मुनाफा 39 फीसदी बढ़कर 3.1 लाख करोड़ रुपये हो गया। सूचीबद्ध सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 20 में 2.2 लाख करोड़ रुपये से वित्त वर्ष 23 में 39 फीसदी बढ़कर 3.1 लाख करोड़ रुपये हो गया। जहां सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने इस वर्ष 1.4 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 34 फीसदी अधिक है, वहीं निजी क्षेत्र के बैंकों का शुद्ध लाभ 1.7 लाख रुपये रहा, जो पिछले साल के 1.2 लाख करोड़ रुपये से 42 फीसदी अधिक है। एक दशक पहले, भारतीय रुपया एशिया की सबसे अस्थिर मुद्राओं में से एक था। रुपये की वैश्विक मौजूदगी बढ़ाने से इसके मूल्य को स्थिर करने में मदद मिल सकती है। इसके अलावा, आरबीआई भविष्य में होने वाले निवेश को बेहतर तरीके से संभालने के लिए विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप करने की अपनी क्षमताओं में सुधार कर रहा है। 2014 में अर्थव्यवस्था महत्वपूर्ण राजकोषीय और चालू खाता घाटे और दोहरे अंकों की मुद्रास्फीति से ग्रस्त थी। अब, मुद्रास्फीति नियंत्रण में है, राजकोषीय घाटा नीचे की ओर जा रहा है और चालू खाता घाटा जीडीपी का मुश्किल से 1 फीसदी से अधिक है और विदेशी मुद्रा भंडार लगभग ग्यारह महीने के आयात को कवर करता है। यह कमजोरी से स्थिरता और ताकत की यात्रा रही है। यहां दो बिंदुओं को उजागर करना आवश्यक है।

# जवान भारत बूढ़ा चीन- रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाने की बजाई बीन

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**

वैश्विक स्तरपर सर्वविदित है कि आज दुनियां के अनेक देशों में भारत सबसे युवा देशहै व कुछ कर गुजरने की चाहत का संकल्प हर युवा ने ले लिया है जिसे देखकर पूरे विश्व को यह विश्वास हो चला है कि भारत अपने विजन 2047 में जरूर कामयाब होकर एक विकसित भारत देश हो जाएगा, इसलिए ही हमारे पीएम महोदय अपने अनेक संबोधनों में बार बार भारत के युवा राष्ट्र होने और पूरे जनसंख्यकीय तंत्र का लाभ उठाकर विज़न 2047 को पूर्ण करने में सहयोग करने को रेखांकित करते हैं। यह बात आज हम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि लंबे समय के विचार विमर्श मंथन के बाद दिनांक 13 सितंबर 2024 को विस्तारवादी देश चीन के संकुचित कार्यबल, घटती अर्थव्यवस्था व वृद्ध नागरिकों के लिए पेंशन फंड की कमी से निपटने के लिए रिटायरमेंट उम्र सीमा बढ़ाने का उपाय किया है,जिसकी घोषणा उन्होंने देर शाम की है बहरहाल चीन की रिटायरमेंट की उम्र मौजूदा वक्त में दुनियां में सबसे कम है। चीन की तुलना में भारत की आबादी काफी युवा है, उसे औद्योगिक क्षेत्र में इसका काफी ज्यादा लाभ भी मिल रहा है। इकोनॉमी के कई मोर्चों पर चीन पिछड़ता दिख रहा है। गौरतलब है कि चीन में जीवन प्रत्याशा 1960 में लगभग 44 साल से बढ़कर 2021 तक 78 वर्ष हो गई है।इसके 2050 तक 80 साल से अधिक होने का अनुमान है, इसलिए चीन में कामकाज के नियमों में सुधार तत्काल जरूरी है।साथ ही, बुजुर्गों का भरण पोषण करने के लिए जरूरी कार्यशील आबादी लगातार घट रही है।चीन में पुरुषों के लिए रिटायरमेंट की उम्र 60 सेबढ़ाकर 63 साल की जाएगी।जबकि व्हाइट कॉलर काम करने वाली महिलाओं के लिए यह 55 साल से बढ़ाकर 58 साल की जाएगी। वहीं ब्लू-कॉलर काम करने वाली महिलाओं के लिए यह 50 साल से बढ़ाकर 55 साल की जाएगी। ये बदलाव 1 जनवरी, 2025 से लागू होने वाले हैं और इन्हें 15 साल में लागू किया जाएगा। लोगों को लंबे समय तक काम करने देने से पेंशन बजट पर दबाव कम होगा,क्योंकि कई चीनी प्रांत पहले से ही बड़े घाटे से जूझ रहे हैं, लेकिन पेंशन भुगतान में देरी और बूढ़े कर्मचारियों को लंबे समय तक अपनी नौकरी पर बने रहने की जरूरत सभी को पसंद नहीं आएगी। शिन्हुआ मे आई इस रिपोर्ट के बाद कि चीन के सांसदों ने 10 सितंबर को इस विषय पर चर्चा की थी जबकि लाखों लोगों ने सोशल मीडिया का सहारा लिया, जिसमें कई लोगों ने चिंता जताई की कि बहुत कम नौकरियों की जगह खाली होने के कारण अधिक नौकरी चाहने वाले लोगों की संख्या बढ़ेगी।चीन सरकार के मुताबिक पेंशन प्राप्त करने के लिए न्यूनतम कामकाजी अवधि को 15 साल से बढ़ा कर 20 साल करने की योजना है, जो 2030 तक लागू होगी।चूंकि चीनी सरकार को संकुचित कार्यबल, घटती अर्थव्यवस्था व वृद्ध नागरिकों की पेंशन का टेंशन है, जिसके लिए रिटायरमेंट उम्र सीमा बढ़ाना मजबूरी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, जवान भारत बूढ़ा चीन,रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाई की बजाई बीन?

साथियों बात अगर हम चीन में कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की आयु सीमा बढ़ाने की करें तो, चीनी सरकार नेशुक्रवार को देश में कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने की योजना की घोषणा करते हुए एक कानून पारित किया ।

मीडिया में आई रिपोर्ट के अनुसार, प्रशासन द्वारा पूरी योजना जनवरी 2025 से शुरू होने वाले 15 वर्षों के कार्यकाल के दौरान लागू की जाएगी।उल्लेखनीय रूप से, चीनी अर्थव्यवस्था वर्तमान में अपनी गिरती अर्थव्यवस्था के साथ-साथ सिकुड़ते कार्यबल और अपने वृद्ध नागरिकों के लिए पेंशन फंडिंग संकट के गंभीर संकट का सामना कर रही है,इस कदम को सोशल मीडिया परअपने नागरिकों से कड़ी प्रतिक्रिया मिली है,नागरिकों का दावा है कि यह उनके कार्य वर्षों को बढ़ाने और उन्हें अपनी पेंशन तक पहुँचने से रोकने की एक चाल है क्योंकि देश के युवाओं में बेरोजगारी का स्तर अभी भी उच्च बना हुआ है।



# राशिफल

**मेषः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

**बृषभः-** किसी कार्य में सफ्लता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

**मिथुनः-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा।

**कर्कः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा।

**सिंहः-** अच्छे कायरें से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फ्लीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरें में लापरवाही न करें। जीवनसाथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

**कन्याः-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। प्रणय संबंध के प्रति प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**तुलाः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। कल्पनाओं में जीना छोड़े।

**वृश्चिकः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनो के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें।

**धनुः-** संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकरः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

**कुंभः-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा।

**मीनः-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी।

# लो जी रिश्वत स्थगित!

**गुरमीत बेदी**

**पब्लिक में चर्चा शुरू हो गई है कि रिश्वत पर अब नकेल कसी जाएगी। लेकिन पब्लिक में कुछ नेगेटिव किस्म के लोग भी होते हैं। उनमें से एक कह रहा है कि रिश्वत पर लगाम नहीं लगी है, बल्कि दो महीने के लिए स्थगित की गई है। यानी 2 महीने बिल्कुल रिश्वत नहीं ली जाएगी और उसके बाद एक साथ ले ली जाएगी, ताकि रिश्वत की आत्मा को ठेस न पहुंचे। एक और नेगेटिव किस्म का व्यक्ति कह रहा है कि महंगाई और अपनी नाकामियों से पब्लिक का ध्यान हटाने के लिए नेताजी ने ऐसी घोषणा की है। रिश्वत का वजूद पहले भी था और बाद में भी रहेगा। क्योंकि खर्च पानी इसी से चलते हैं। इसी पैसे से चुनाव लड़े जाते हैं। इसी पैसे से बेनामी संपत्तियां बनाई जाती हैं। इसी पैसे से नेताओं की पत्नियां अपने शाही शौक पूरे करती हैं। विदेश यात्राएं करती हैं। महंगे महंगे होटलों में जाकर किटी पार्टियां करती हैं। रिश्वत तो परमोधर्मा है। यह अजर और अमर है। तीसरा नेगेटिव किस्म का व्यक्ति दलील दे रहा है कि अब नेताजी और भी कडक़ फैसले लेंगे। अपने विरोधियों को अंदर ठोक देंगे। कर्मचारियों के वेतन-भत्ते बंद कर देंगे। आर्थिक इमरजेंसी घोषित कर देंगे। हड़ताल, धरना, प्रदर्शन पर रोक लगा देंगे। यह तो अभी शुरुआत है। आगे आगे देखिए होता है क्या। इब्तदाय इश्क है रोता है क्या। उसकी बात काटते हुए एक कट्टर समर्थक कहता है, नेताजी के हर कडक़ फैसले को राजनीति के चश्मे से देखना बंद कीजिए। ऐसे फैसले हर कोई नेता नहीं ले सकता। हमारा नेता अलग ही मिट्टी का बना हुआ है।**



रिश्वत बुरी बला है। लेनी और देनी नहीं चाहिए। यानी सार्वजनिक रूप से रिश्वत का आदान-प्रदान नहीं होना चाहिए। रोशनी में तो बिल्कुल नहीं होना चाहिए। इससे साख प्रभावित होती है। लेकिन सूर्य छिपने के बाद अंधेरे में अगर कोई ब्रीफकेस में नोट दे भी जाता है तो समझ लेना चाहिए कि लक्ष्मी खुद चलकर आई हैं। लक्ष्मी का निरादर नहीं होना चाहिए। लक्ष्मी जी दिन को बिजी होती हैं। रात को अपने वाहन पर सवार होकर निकलती हैं। उनका वाहन उल्लू रहता है। अब उल्लू के मूड पर डिपेंड करता है कि वह उन्हें कहां लेकर जाएगा। कई बार उल्लू भी भ्रमित हो जाता है और वह अपनी बातों में झांसे में लेकर लक्ष्मी जी को नेताओं, धन्नासेठों, तस्करों, माफियाओं की कोठी पर ले जाता है। यह सब कुछ अंधेरे में होता है, इसलिए दुनिया वालों को पता नहीं चलता। जैसे नेताओं के कारनामे कई बार पब्लिक को पता नहीं होते, लेकिन सीबीआई को पता चल जाते हैं। सीबीआई अंधेरे में भी तीर मार लेती है। इसलिए करनामे बेनकाब हो जाते हैं। सीबीआई और ईडी आजकल बहुत बिजी चल रही हैं। इसलिए न तो उन पर चर्चा करेंगे, न लक्ष्मी जी पर चर्चा करेंगे और न ही उल्लू पर चर्चा करेंगे। चर्चा सिर्फ रिश्वत पर होगी। और रिश्वत बुरी बला है। इससे साख दांव पर लग जाती है। साख यानी इमेज पर धब्बा नहीं लगना चाहिए, इसलिए नेताजी ने डिसाइड किया है कि 2 महीने तक रिश्वत स्थगित की जाएगी। कोई देने आएगा तो भी नहीं ली जाएगी। नेताजी ने इस बारे में बयान भी दे दिया है। बयान छप भी गया है और पब्लिक को पता भी चल गया है।

पब्लिक में चर्चा शुरू हो गई है कि रिश्वत पर अब नकेल कसी जाएगी। लेकिन पब्लिक में कुछ नेगेटिव किस्म के लोग भी होते हैं। उनमें से एक कह रहा है कि रिश्वत पर लगाम नहीं लगी है, बल्कि दो महीने के लिए स्थगित की गई है। यानी 2 महीने बिल्कुल रिश्वत नहीं ली जाएगी और उसके बाद एक साथ ले ली जाएगी, ताकि रिश्वत की आत्मा को ठेस न पहुंचे। एक और नेगेटिव किस्म का व्यक्ति कह रहा है कि महंगाई और अपनी नाकामियों से पब्लिक का ध्यान हटाने के लिए नेताजी ने ऐसी घोषणा की है। रिश्वत का वजूद पहले भी था और बाद में भी रहेगा। क्योंकि खर्च पानी इसी से चलते हैं। इसी पैसे से चुनाव लड़े जाते हैं। इसी पैसे से बेनामी संपत्तियां बनाई जाती हैं। इसी पैसे से नेताओं की पत्नियां अपने शाही शौक पूरे करती हैं। विदेश यात्राएं करती हैं। महंगे महंगे होटलों में जाकर किटी पार्टियां करती हैं। रिश्वत तो परमोधर्मा है। यह अजर और अमर है। तीसरा नेगेटिव किस्म का व्यक्ति दलील दे रहा है कि अब नेताजी और भी कडक़ फैसले लेंगे। अपने विरोधियों को अंदर ठोक देंगे। कर्मचारियों के वेतन-भत्ते बंद कर देंगे। आर्थिक इमरजेंसी घोषित कर देंगे। हड़ताल, धरना, प्रदर्शन पर रोक लगा देंगे। यह तो अभी शुरुआत है। आगे आगे देखिए होता है क्या। इब्तदाय इश्क है रोता है क्या। उसकी बात काटते हुए एक कट्टर समर्थक कहता है, नेताजी के हर कडक़ फैसले को राजनीति के चश्मे से देखना बंद कीजिए। ऐसे फैसले हर कोई नेता नहीं ले सकता। हमारा नेता अलग ही मिट्टी का बना हुआ है। उस मिट्टी को हमें नमन करना चाहिए। नेताजी की लंबी आयु और लंबे शासन की कामना करनी चाहिए। अभी तो रिश्वत पर ही फैसला हुआ है। आने वाले दिनों में पब्लिक को भी कडक़ फैसलों के लिए और कुर्बानी देने के लिए तैयार हो जाना चाहिए। लोकतंत्र को जिंदा रखने के लिए कुर्बानी जरूरी है। यह कुर्बानी नेताजी को नहीं, बल्कि पब्लिक को देनी चाहिए। नेताजी तो लोकतंत्र के प्रहरी हैं। सिंहासन पर बैठकर लोकतंत्र की रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने दो महीने तक का जो संकल्प लिया है, वह बहुत पावन संकल्प है और देश के इतिहास में पहली बार ऐसा संकल्प दर्ज होने जा रहा है। आने वाली पीढ़ियां इस संकल्प को याद रखेंगी। सिर्फ दो महीने की ही तो बात है। बात है और फिर बातों का क्याज। एक और व्यक्ति तंज कसते हुए कह रहा है- कसमे वादे प्यार वफा सब बातें हैं, बातों का क्याज! वहां खड़ा चुपचाप पब्लिक की चर्चा सुन रहा खाकसार यह टिप्पणी करके आगे खिसक लेता है कि सब बातों का ही तो खेल है और नेताजी इस खेल के जादूगर हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

लापरवाह स्वास्थ्यकर्मियों की संवेदनहीनता

# फिनायल पीकर आई महिला को टीबी वार्ड में कराया भर्ती

- इलाज से बिगड़ी मरीज की हालत
- आनन-फानन में आईसीयू वार्ड में शिफ्ट कर शुरू किया गया उपचार

महोबा, समृद्धि न्यूज़।






उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में स्वास्थ्यकर्मियों की संवेदनहीनता को उजागर करता सनसनीखेज मामला सामने आया है जहां घरेलू कलह के चलते फिनायल का सेवन करने के बाद हालत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा महिला मरीज को इलाज के लिए जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत स्थिर होने पर डॉक्टर द्वारा जनरल वार्ड में शिफ्ट करने के लिए भेज दिया गया। वार्ड में ड्यूटी कर रहे स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा महिला मरीज को टीबी वार्ड में भर्ती कर उसका उपचार शुरू कर दिया गया। टीबी वार्ड में उपचार होने के बाद बुजुर्ग महिला की हालत बिगड़ गई जिसे वार्ड में भर्ती मरीजों का चेकअप करने पहुँचे डॉक्टर द्वारा आनन-फानन में आईसीयू वार्ड में शिफ्ट कर इलाज किया गया है। परिजनों द्वारा स्वास्थ्यकर्मियों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगा मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग उठाई गई है।

दरअसल मामला मुख्यालय स्थित जिला अस्पताल का है जहां तैनात स्वास्थ्य कर्मियों पर आएदिन मरीजों के इलाज में लापरवाही बरतने और बेहतर इलाज के नाम पर अवैध धन उगाही करने के आरोप लगते हैं। बीते गुरुवार को महोबकंठ थानाक्षेत्र के तेईया गाँव के रहने वाले सुंदरा की 50 वर्षीय पत्नी ढक्की ने पुत्रों के बीच हो रहे विवाद से आक्रोशित होकर जहरीले पदार्थ फिनायल का सेवन कर लिया। जिसके चलते उसकी हालत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा इलाज के लिए सीएचसी पनवाड़ी और बाद में जिला अस्पताल के आकस्मिक चिकित्सा अनुभाग में भर्ती कराया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत स्थिर होने पर इमरजेंसी वार्ड में तैनात स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा शुक्रवार तड़के सुबह उसे जनरल वार्ड में भेज दिया गया।

परिजन उसे लेकर वार्ड के ड्यूटी रूम पहुँचे जहाँ ड्यूटी में तैनात स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा महिला को टीबी वार्ड में भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया गया। टीबी वार्ड में उपचार के दौरान महिला की हालत बिगड़ गई जिसके बाद वार्ड में भर्ती मरीजों का चेकअप करने पहुंचे चिकित्सक द्वारा उसे आनन-फानन में आईसीयू वार्ड में शिफ्ट कर उपचार शुरू कराया गया। महिला के परिजनों ने ड्यूटी में मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगा मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग उठाई है। दरअसल आपको बता दें कि महोबा जिला अस्पताल में स्वास्थ्य कर्मियों का भेष बनाकर बाहरी व्यक्तियों द्वारा अस्पताल के वार्डों में भर्ती मरीजों को बेहतर उपचार करने के नाम पर बाहर की दवाएँ और इंजेक्शन लिखकर आर्थिक शोषण किया जा रहा है। लगातार खबरें प्रकाशित होने के बाद भी जिला अस्पताल के सीएमएस द्वारा बरती जा रही लापरवाही चर्चा का विषय बनी हुई है। अब यह देखने वाली बात होगी कि इस मामले में सीएमएस डॉक्टर पवन कुमार अग्रवाल क्या कार्रवाई करते हैं या फिर हमेशा की तरह इस मामले को भी रफा दफा कर दिया जाता है। हालांकि मामले को लेकर प्रभारी सीएमएस डॉ नरेंद्र राजपूत ने प्रथम दृष्ट्या स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही बता मामले की जांच कर कार्यवाही की बात कही है।

# विधिवत पूजा अर्चना के बाद शहर के ऐतिहासिक कीरत सागर सरोवर में किया गया गणेश विसर्जन

महोबा, समृद्धि न्यूज़।



गणेश चतुर्थी से चौक चौराहा सहित घरों में विराजमान रिद्धि सिद्धि के दाता भगवान श्री गणेश जी का आज एकादशी के दिन विधिवत पूजा अर्चना के बाद शहर के ऐतिहासिक कीरत सागर सरोवर में विसर्जन को लेकर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है।

शहर से अलग अलग मुहल्लें से निकली मंगल मूर्ति की यात्रा में श्रद्धालु डीजे की धुन पर नाचते गाते ऐतिहासिक सरोवर पहुंचे। पुलिस व नगर पालिका प्रशासन द्वारा मूर्तियों को नावों के माध्यम से तालाब के पानी में भक्तों द्वारा श्रद्धा और भक्ति के साथ विसर्जित किया गया।

महोबा के ऐतिहासिक कीरत सागर सरोवर पहुंचे भगवान गणेश के भक्तों ने बताया कि हर वर्ष की भांति हम सभी लोगों ने अपने-अपने घरों और मोहल्ले में गणेश चतुर्थी के दिन से मंगल मूर्ति श्री गणेश की पूजा अर्चना कर उन्हें पंडाल में विराजमान कराया था। गणेश चतुर्थी के बाद आज एकादशी के दिन हवन पूजन के बाद ऐतिहासिक कीड़ा सागर सरोवर के तटबंध पर आकर भगवान गणेश को पानी में विसर्जित किया जा रहा है। इस मौके पर हम सभी लोगों ने भगवान से प्रार्थना की है। कि हमारा देश उन्नति के शिखर पर पहुंचे साथ ही सभी लोग आपस में भाईचारे और प्रेम के साथ अपना जीवन व्यतीत करें।

## खबरें एक नजर में

### राधा कृष्ण ने किया जल में विहार



महोबा, समृद्धि न्यूज। राधा अष्टमी के दिन मनाया जाने वाला त्यौहार जल विहार गौरहारी गांव में धूमधाम से मनाया गया द्य जिसमे रामजानकी मंदिर, धनुषधारी मंदिर, शिव मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर, रामलला मंदिर, लड्डू गोपाल मंदिर सभी विमान पहले पुरानी पुलिस चौकी प्रांगण में जमा हुए इसके बाद वहां से सभी विमान ढोल नगाड़े के साथ पूरे गांव में भ्रमण करते हुए कजरिया तालाब पहुंचे जहां पर भगवान धनुषधारी राम जानकी, शिवाजी, राधा कृष्णा, राम लाल एवं लड्डू गोपाल को जल में बिहार करवाया। मान्यता है कि जब तक बरसात के पानी में भगवान जलविहार न कर ले तब तक किसी को उस पानी में नहाना नहीं चाहिए जब भगवान जलविहार कर लें इसके बाद सभी लोग तालाबों के पानी में नहा सकते हैं। साथ में पूरे गांव में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ महिलाओं बच्चों ने विमान की पूजा की वह विमान के नीचे से निकले द्य बताया जाता है कि नीचे से निकलने की की भी मानता है कि जो कोई विमानों से नीचे निकलता है उसका रोग दूर हो जाता है। साथ में पंडित चंद्रशेखर तिवारी पंडित सुंदर द्विवेदी पंडित सुनील तिवारी पंडित चेतन तिवारी एवं मनीष पालीवाल कलीदीन विश्वकर्मा बबलू महतो सज्जन महतो रज्जन महतो व पुलिस प्रशासन मौजूद रहा।

### भाजयुमों ने अखिलेश यादव का फूंका पुतला

मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव द्वारा मठाधीश और माफियाओं को लेकर दिए गए बयान पर राजनीति गरमा गई है जिसको लेकर जगह जगह प्रदर्शन किए जा रहे हैं। नगर में सपा मुखिया के बयान को लेकर शनिवार को भाजपाइयों ने विरोध प्रदर्शन कर तहसील के सामने सपा मुखिया का पुतला जलाया। अखिलेश यादव द्वारा मठाधीश और माफियाओं को लेकर मेरठ में दिए गए बयान पर शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन कियाण् भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि सपा मुखिया द्वारा सनातन के संतों का अपमान किया है हमारे साधु संतों और मठों के मठाधीस की तुलना माफियाओं से कर रहे हैं जिसे हिन्दू समाज कतई बर्दाश्त नही करेगा। युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने पुतला बना अखिलेश यादव की फोटो लगाकर सड़क पर नारेबाजी करते हुए तहसील के सामने पुतला दहन किया। युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा सत्य सनातन का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान और अखिलेश यादव मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष आकाश त्रिपाठी के साथ नितिन ओमर अवधेश पंडित लाला राम निषाद उत्तम सिंह आकाश राकेश सोहने कुलदीप द्विवेदी शिवेंद्र सिंह नवनीत सहित आधा सैकड़ा युवा मौजूद रहे।

### लाखों की चोरी का डेढ़ माह बाद भी खुलासा नहीं

महोबा, समृद्धि न्यूज। एसपी आवास से चंद कदम के दूर डेढ़ माह पूर्व हुई लाखो की चोरी का पुलिस आज तक खुलासा नहीं कर पाई। पीड़ित परिवार ने नए एसपी से चोरी खुलासा करने की गुहार लगाई है। शहर कोतवाली के मोहल्ला विकास भवन रोड सुभाष नगर में कडकाडुम कोर्ट नई दिल्ली में कार्यरत अधिवक्ता आकांक्षा सक्सेना का आवास है। उनकी 8 माह पूर्व शादी हुई थी। शादी के बाद ससुराल से आकर अपने शादी के जेवरात दो लाख नकदी आदि घर के सेफ अलमारी में रखकर अपने कार्यक्षेत्र दिल्ली चली गई। घर मे ताला लगा थाम पिछले 4 अगस्त की देर रात अज्ञात चोर ताले तोड़कर घर की अल्मारिस के लाखों के चांदी सोने के शादी वाले आभूषण 2 लाख नकदी लेकर चले गए। सुबह पड़ोसियों ने ताले टूटे देख आकांक्षा को दिल्ली खाबर की वो देर शाम महोंबा आई तथा आस पास के सीसीटीवी के फुटेज के आधार पर बाइक सवार दो चोर घटना को अंजाम करते देखे गए। लेकिन पुलिस को साक्ष्य देने के बावजूद कोतवाली पुलिस आज तक लाखो की चोरी का खुलासा नही कर सकी। शादी के जेवर चोरी जाने से पीड़ित के ससुराल में विवाद बढ़ गया। तब पीड़ित आकांक्षा ने नए एसपी पलाश वंशल से गुहार लगाई तथा शादी बचाने के लिए चोरी के खुलासे की मांग की। एसपी ने जल्द मामले के खुलासे के निर्देश एसओजी तथा कोतवाली पुलिस को दिए हैं।

### कंस बध मेले का आयोजन शुरू

मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कंस वध मेले का आयोजन की तैयारियां बड़े जोर शोर से चल रही है ग्रामीण क्षेत्र से भारी संख्या में लोग मेला देखने आते हैं वहीं महिलाएं व बच्चे भी मेले का आनंद लेते हैं तथा खूब खरीदारी भी करते हैं पुलिस प्रशासन ने भी तैयारी चाक चौकस कर लीं ताकि मेले में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो है मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भजनों का आयोजन किया जाएगा जिसका आनंद लोग उठाते हैं। क्षेत्र के बड़े आबादी वाले अरतरा गांव में कंस बध मेला 15 सितंबर को होना तय है जिसकी तैयारियां जोर-जोर से चल रही है साफ सफाई एवं बिजली पानी की व्यवस्था आदि की जा रही जिससे लोगो मे मेले के प्रति उत्साह देखने को मिल रहा है मेले में पुलिस प्रशासन कीओर से सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए ताकि महिलाएं व बच्चे मेले का लुफ्त उठा सके, मेला में लोगों की अच्छी खासी भीड़ एकत्र होती है जहां महिलाएं व बच्चे खूब खरीदारी करते हैं और मेला का आनंद लेते हैं वही मेला आयोजक मन्ना दीक्षित ने बताया कि मेले की तैयारी जोर.जोर से चल रही हैं साफ-सफाई बिजली पानी की समुचित व्यवस्था की गई है तथा मेले में संस्कृत कार्यक्रम एवं भजनों का आयोजन भी किया जाएगा भगवान की झांकियां गांव में भ्रमण कर चोपरा तालाब पहुंचकर नागनाथन का कार्यक्रम संपन्न होगा।

# राम कथा के आठवें दिन राम-भरत मिलाप सुनकर श्रोता हुये भाव विभोर

राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।

कस्बे के श्री मेला जल विहार समिति राठ में 16 दिवसीय राम कथा के आठवें दिन चित्रकूट से पधारे हनुमत द्वार के पीठाधिश्वर रामानन्दचार्य धीरेन्द्राचार्य महाराज ने भरत मिलाप का वृतांत सुनाया। राम भरत मिलन की कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। श्रोताओं की आंखें नम हो गई। कहा कि भरत प्रभु श्रीराम से मिलने को इतना व्याकुल हो उठे हैं कि, उनके रातों की नींद व दिन का चैन छीन गया था। आखों से अश्रु धारा निकल रही थी। कब बड़े भाई श्रीराम के दर्शन हो। एक एक पल उनके लिए वर्षों समान बीत रहा था। भरत जब चित्रकुट के निकट पहुंचते हैं तथा आश्रम में प्रवेश करते ही जब अपने बड़े भाई श्रीराम को देखते हैं तो मानो उनका सारा दुख और कष्ट मिट गया। कहा कि भगवान राम का बनवास का रूप कमर में मुनियों का वस्त्र बाधे हैं और उसी में तरकस कसे हैं। हाथ में बाण और कंधे पर धनुष है। इसके बाद भरत और राम का मिलाप होता है तथा श्रीराम अपने अनुज भरत को अपनी बाहों में भर लेते हैं। मानों भरत के सीने पर चल रहे बाण शांत हो गए हैं। बताया कि भाइयों का ऐसा प्यार संसार में कहीं देखने को नहीं मिलताए श्रद्धालु श्रीराम कथा सुन भाव विभोर हो गए। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष केजी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता, महामंत्री राम गोपाल गुप्ता, रमेश चन्द्र सर्राफ, रविन्द्र, मनोज, काशी प्रसाद, कैलाश, मनोज, पंकज, प्रदीप, राजू, प्रमोद, राकेश सहित सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद रहे।

# आईपीएस अधिकारी पलाश बंसल ने संभाला एसपी महोबा के पद का कार्यभार

महोबा, समृद्धि न्यूज।

में एसपी अपर्णा गुप्ता के लखनऊ कमिश्नरेट स्थानांतरण होने पर 2018 बैच के आईपीएस पलाश बंसल जिले के नए पुलिस अधीक्षक बनाए गए है ये उनका पहला जिला है। जहां उन्होंने पदभार ग्रहण कर पुलिस कार्यालय में स्थित समस्त शाखों का निरीक्षण कर विभागीय अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और फाइलों का अवलोकन भी किया गया।

बातचीत में उन्होंने कहा कि अपराध और अपराधियों पर नकेल कसना उनकी प्राथमिकता होगी और डिजिटल होते अपराध को रोकने के लिए शासन की मंशा अनुरूप काम किए जाएंगे, यह नहीं झूठी शिकायत देकर फर्जी मुकदमा लिखवाने वालों पर भी कार्रवाई करने की बात नवागंतुक पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने कही है। जिसमें उनके द्वारा चर्चित सर्राफ हत्याकांड, पूर्व मंत्री के घर करोड़ों की चोरी जैसे कई ब्लाइंड मर्डर के खुलासे किए गए। उन्होंने अपना पदभार ग्रहण कर पुलिस कार्यालय के सभी अनुभागों का न केवल निरीक्षण किया बल्कि संबंधित अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर जिले की कानून व्यवस्था से संबंधित अहम जानकारियां भी ली। उन्होंने खास बातचीत के दौरान बताया कि उनका गृह जनपद लखनऊ है।

इकोनॉमिक्स से पलाश बंसल 2018 के आईपीएस अधिकारी है और बतौर एसपी ये उनका पहला जनपद है। महोबा जनपद आने से पहले अलीगढ़ जनपद में एस एसपी देहात के पद पर रहे। उन्होंने कहा कि महोबा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को किताबों में पढ़ा था और महोबा आकर मुझे अच्छा लग रहा है यहां के तालाब और पर्यटन के तमाम स्थानों को भी देखा है। जनपद में जमीन के जुड़े अपराधिक मामलों के आलावा बढ़ते डिजिटल क्राइम को लेकर उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के तहत अपराध और अपराधियों पर नकेल कसना उनकी पहली प्राथमिकता है। पुलिस का काम दो पहलुओं पर अधिक होता है जिसमे पहला कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखना और दूसरा अपराध न हो उसके लिए प्रयास करना और यदि अपराध हुआ तो उसका जल्द से जल्द अनावरण करना है। इतनी सतर्कता रहे कि अपराध न हो यदि फिर भी अपराध हो रहा है तो उसमे जल्द से जल्द अपराधी को जेल पहुंचाना और सजा दिलाना है। वहीं यदि किसी प्रकार का कोई विवाद है कानून और शांति व्यवस्था बिगड़ने की संभावना हो तो उसमें प्रशासन के साथ मिलकर जो भी कार्यवाही बनती है उसे अमल में लाना है। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं में से एक है कि महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराध में ज्यादा अमल किया। जायेगा ताकि उनके साथ घटित मामलों को रोका जा सकें। वहीं झूठी शिकायतों पर फर्जी मुकदमा लिखाने वालो को कड़ी चेतवानी भी दी और कहा कि वो दवाब में आकर कोई भी ऐसे मामले न तो दर्ज करेंगे बल्कि शिकायत झूठी पाए जाने पर।

कार्यवाही भी की जायेगी। मेरे द्वारा सिर्फसच्चाई से ही काम किए जाएंगे। नई टेक्नोलॉजी में साइबर के बढ़ते अपराध को रोकने का काम भी करने की बात कही और कहा कि शासन के निर्देश पर जनपद में गठित साइबर थाना बना है और साइबर मुख्यालय से समन्वय स्थापित कर साइबर अपराध के पीड़ितों को न्याय दिलाने का काम किया जायेगा।

# खतरे के निशान से ऊपर बह रही यमुना, ग्रामीणों में दहशत

- बेतवा नदी का जल स्तर स्थिर, फसलों को सर्वाधिक नुकसान, अधिकारियों ने किया दौरा
- यमुना नदी का जल स्तर सुवह से 103.900 मीटर पर स्थिर व बेतवा नदी का जल स्तर 103.270 मीटर पर स्थिर

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

माताटीला व लहचूरा एवं धौलपुर से छोडा गया छह लाख क्यूसिक पानी के चलते फिल हाल यमुना नदी एक मीटर खतरे के निशान से ऊपर बह रही है सुवह से यमुना नदी का जल स्तर स्थिर बना हुआ है। वही बेतवा नदी का जल स्तर जो फिलहाल खतरे के निशान से एक मीटर नीचे है वह भी स्थिर है।

नदियो के किनारे बसे लोगो ने राहत की सांस ली है। वही कुरारा व हमीरपुर क्षेत्र में आज भी अधिकारियों ने जल स्तर का जायजा लिया है। जानकारी के मुताबिक खतरे के निशान से ऊपर बह रही यमुना नदी से लोगो में दहशत व्याप्त हो गयी थी नदी के किनारे रह रहे लोगो ने मकान खाली करना शुरु कर दिया था। इधर दिन भर यमुना नदी का जल स्तर स्थिर होने के कारण लोगो ने राहत की सांस ली है। यमुना नदी का खतरे का निशान 103.63 मीटर व बेतवा के खतरे का निशान 104.54 मीटर है। यमुना नदी का जल स्तर सुवह से ही 103.900 मीटर पर स्थिर चल रहा है जब कि बेतवा नदी का जल स्तर 103.270 मीटर पर स्थिर है। सिचाई विभाग के सहायक अभियंता एस जे वर्मा का कहना है कि सुवह तक यमुना नदी का जल स्तर घटने की उम्मीद लगायी जा रही है क्योकि जब बांध से पानी छोडा जाता है तो कम से कम चौबीस घंटे पानी पास होने मे समय लगता है। बताया जाता है कि कुरारा व हमीरपुर शहर के आसपास गांवों में फसलो का सर्वाधिक नुकसान हुआ है हालाकि हमीरपुर सदर के तहसीलदार का कहना है कि बाढ का पानी कम होने के बाद फसलो का सर्वे कराया जायेगा। तभी नुकसान का आकलन हो पायेगा। टिकरौली व सिकरोढी गांव नाला का पानी भर जाने के कारण लोगो का आवागमन बंद हो गया है। हालाकि प्रशासन ने बाढ चौकियों का चिंहाकन कर नावों का प्रबंध कर लिया है।

### खंड विकास अधिकारी ने तटवर्ती इलाकों के लोगों को किया सावधान

कुरारा। विकास खंड क्षेत्र के यमुना नदी व बेतवा नदी के किनारे बसे गांवों में दोनो नदियों का जलस्तर बढ़ने से खंड विकास अधिकारी ने गांवों का भ्रमण कर स्थित का निरीक्षण किया। वही बाढ़ की स्थित को देखते हुए तटवर्ती इलाकों के लोगो को सावधान किया गया है। क्षेत्र के यमुना नदी में बाढ़ की स्थित बनी हुई है। जिसमे तटवर्ती गांव मनकी खुर्दएमनकी कलाए भौली गांव के मजरा कुतुबपुर, सिकरोड़ी, तथा बेतवा नदी के किनारे बसे पारा आदि गांवों के किनारे तक बाढ़ का पानी भर गया है। खंड विकास अधिकारी विपिन कुमार गुप्ता गांवों के लेखपाल सचिव आदि टीम ने गांवों में जाकर स्थित का निरीक्षण किया। तथा लोगो बढ़ते जलस्तर के प्रति जागरूक किया। सिकरोडी गांव में बस्ती के समीप तक यमुना नदी का पानी भर गया है। प्रशासन लगातार भ्रमण कर स्थित पर नजर रखे हुए हैं।

# दबंगों ने दोस्त को गोली मार कर किया घायल, उरई रेफर

राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।

वारदात को अंजाम देने के लिए आधा दर्जन युवकों ने बीए के छात्र को गोली मारकर घायल कर दिया,घायल को इलाज के लिये मेडिकल कालेज उरई रिफर कर दिया गया है।

जरिया थाने के कछ्वां कलां गांव निवासी नितिन राजपूत उर्फ भूरा पुत्र रुप कुमार ने पुलिस को बताया कि वह बीए का छात्र है। शनिवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे वह उरई स्टैंड के पास रामबाग बगैचा में बाइक पर बैठा था।

तभी छिबौली गांव निवासी दीपक ने गोली मार दी। जिससे उसके दाहिने हाथ में गोली लग गई। घायल को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। डॉ चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि युवक को मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। वहीं जरिया थाने के गुटक्कारा गांव निवासी नीतेंद्र ने बताया कि कुर्रा गांव निवासी दोस्त मोन्टी ने उसे बाराखंबा पर लड़ाई होने जाने की बात कहकर बुलाया था। जब वह वहां पहुंचा तो पहले से दीपक नितिन और चार अन्य लोग मौजूद थे।

बताया कि तभी दीपक ने फायर कर दिया। जिससे नितिन के हाथ में गोली लग गई और उसके कंधे से छूकर निकल गई है। इस दौरान फायरिंग की आवाज सुनकर आप पास के लोगों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार कुछ युवक बिच्छू गैंग के सदस्य बताए जा रहे हैं। सूचना पर सीएचसी पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि अभी किसी ने कोई तहरीर नहीं दी है। मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# जल भराव की समस्या का हल न होने पर मोहालवासियों ने किया प्रदर्शन

राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।

कस्बे के गुलाब नगर लुधियातपुरा मोहल्ले में जल भराव की समस्या से परेशान दर्जनों मोहल्लेवासियों ने सड़क पर खड़े होकर विरोध प्रदर्शन किया। मोहल्लेवासियों ने कई बार उच्चाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से शिकायत की है। लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं किया है। जिससे मोहल्लेवासियों में रोष व्याप्त है। शनिवार को गुलाब नगर लुधियातपुरा मोहल्ले में जल भराव की समस्या का निस्तारण न होने पर मोहल्लेवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। दर्जनों मोहल्ले वासियों ने सड़क पर खड़े होकर विरोध प्रदर्शन किया। मोहल्ले की जमुनाए सुनील कुमार रामबाबू, काशी, सुमित्रा, शिवकुमार रेहाना जुमरत बानो आशारानी नीरज पंकज सहित दर्जनों मोहल्ले वासियों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष बारिश के मौसम में मोहल्ले की सड़कें जलमग्न हो जाती हैं। जिससे कीचड़ युक्त सड़क से बच्चों व मोहल्ले वासियों का निकलना दूबर है। बताया कि पानी में जहरीले कीड़े होने से जान का खतरा बना हुआ है। बताया कि कई बार उच्चाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से शिकायत कर चुके हैं। लेकिन कोई समस्या का समाधान नहीं है। इस संबंध में नगर पालिका ईओ राजेश सिंह ने बताया कि जल्द ही जल निकासी की समस्या दूर होगी।

### सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने गांव-गांव चलाया सदस्यता अभियान

महोबा, समृद्धि न्यूज। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर एवम् राष्ट्रीय प्रवक्ता व बुंदेलखंड प्रभारी सुनील अर्कवंशी के निर्देश अनुसार महोबा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह तोमर (सोनू तोमर) द्वारा गांव गांव जाकर सदस्यता अभियान चलाया गया सुहेलदेव समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र तोमर ने बताया की पार्टी के निर्देशानुसार महोबा जनपद के परसाहा, मकरबई, पसवारा, महोबा,पनवाड़ी आदि जगह में सदस्यता अभियान चलाया गया सदस्यता अभियान में लोगो ने चढ़बढ़कर हिस्सा लिया सैकड़ों की संख्या में लोगो ने पार्टी की सदस्यता ली है। इस अवसर पर यश तिवारी, ऋषभ, शिवम, संतोष, शिवबरन, परशुराम, अभिषेक, अनिल, आदित्य, विवेक, नारायण सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# शांति व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाएं त्योहार : प्रभारी निरीक्षक

पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज।



महोबकंठ थाना परिसर में आगामी त्यौहारों बारावफात व गणेश चतुर्थी को लेकर प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम वर्मा की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें दोनों वर्ग के लोगों को बुलाया गया प्रभारी निरीक्षक ने सभी से आगामी त्यौहारों को शांति व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाए जाने की अपील की । साथ ही उन्होंने कहा की जुलूस में तेज आवाज में डीजे न बजाएं मानक का ख्याल हर हाल में रखें, परंपरागत मार्ग से ही जुलूस निकाले किसी भी प्रतिबंधित शस्त्र का प्रयोग न करें ।सभी आयोजक दल शासन और प्रशासन के सभी दिशा निर्देशों का पालन करें।सोशल मीडिया की भ्रामक खबरों को सत्य न माने । इसके साथ ही नई परंपरा ना डालने की हिदायत भी दी। सभी वर्ग के लोगों ने आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्वक मनाने का संकल्प लिया इस दौरान संजीव गुप्ता, मनोज पटेल, सुखदयाल सिंह , वीरेंद्र तिवारी, कृष्ण कुमार,पीयूष मिश्रा, रामफल मिश्रा, इदरीश खान, हुसैन खान, नूर मोहम्मद, साविर,कमलेश पटैरिया, सत्येंद्र राजपूत आदि शामिल रहे।

# विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष में जवाबी कीर्तन व भंडारे का होगा आयोजन

घाटमपुर समृद्धि न्यूज।



गत वर्षो की भाति इस वर्ष भी आगामी 17 सितंबर को भगवान विश्वकर्मा की जयती बडी धूमधाम से मनायी जायेगी, यह जानकारी एक प्रेस वार्ता में विश्वकर्मा सेवा संस्थान घाटमपुर के अध्यक्ष शिव शंकर विश्वकर्मा एवं कोषाध्यक्ष अवधेश कुमार ने देते हुए बताया बताया कि मंगलवार को सबेरे सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा की पूजा हवन प्रसाद वितरण एवं आल्हा गायन का कार्यक्रम होगा मंगलवार को ही रात्रि 9:00 बजे से जवाबी कीर्तन होगी, विश्वकर्मा सेवा संस्थान घाटमपुर के अध्यक्षता ने यह भी बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतीत के तौर पर क्षेत्रीय विधायक श्रीमती सरोज पुरी जी को आमंत्रित किया गया है जबकि विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद घाटमपुर की अध्यक्ष गजाला तबस्सुम होगी। प्रेस वार्ता के दौरान विश्वकर्मा सेवा संस्थान के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# धूमधाम के साथ मनाया गणेश उत्सव का महापर्व

पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज।



ग्राम पंचायत बेंदौ हर साल की भांति इस साल भी धूमधाम के साथ गणेश उत्सव कार्यक्रम चल रहा है गणपति बप्पा मोरिया के जयकारों से संपूर्ण नगर में भगवान श्री गणेश की धूम मची हुई है आयोजन करता अनुज तिवारी द्वारा हर साल सिद्धीविनायक भगवान श्री गणेश उत्सव ग्राम बेंदौ में मनाया जाता है जिसमें सुबह शाम सैकड़ो की संख्या में भक्तगण गणपति बप्पा के दर्शन करती है जिसमें अतिथि के तौर पर भाजपा सह जिला मीडिया प्रभारी राम लखन सोनी पत्रकार अंग वस्त्र उड़कर स्वागत किया गया गणपति बप्पा की पूजा अर्चना का आरती की और गणपति बप्पा का आशीर्वाद पाया इसी मौके पर रामजीवन दुबे जुगल किशोर विश्वकर्मा जितेंद्र सिंह परिहार सैकड़ो की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे एवं आयोजन करता अनुज तिवारी अध्यक्ष सत्यम तिवारी उपाध्यक्ष ऋषि पाल महामंत्री बबलू परिहार कोषाध्यक्ष रोहित सेन सदस्य विशाल परिहर दुर्गेश रैकवार अनिल सैनी उमेश पाल प्रिंस राय कपिल तिवारी नीरज तिवारी मन तिवारी एवं समस्त कार्यकर्ता भक्तगण उपस्थित रहे।

### जेसी सप्ताह में डेढ़ सौ प्रतिनिधियों ने लिया भाग, रंगा रंग कार्यक्रम आयोजित

राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज। जेसी आई द्वारा आयोजित जेसी सप्ताह के अंतर्गत छठवें दिन कौशल दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें 6 वर्ष से 12 वर्ष तक के बच्चों में नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें अनिकाए छवी गुप्ताए प्रिया तिवारीए श्वेता वर्माए वर्षा विद्या सिंहए नैंसी राजपूत कशिश हिमानी समृद्धि कनक भारती गीता चंचल प्रीति आध्या आरती वर्मा अभिलाषा रियाए आंचलए नैंसीए कल्पना आकांक्षा यीशु राखी संध्या एकता निशा प्राची रोशनी देवासी सैन क्रांति आदि प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर सभापति प्रवीण बुधौलिया, अध्यक्ष सूरमणि तिवारी, कार्यक्रम निदेशक अवधेश जडिया, हरिकिशन राजपूत भास्कर साहू धर्मेन्द्र कुमार कोष्टा आदि मौजूद रहे।



### राष्ट्रीय अस्मिता और गौरव का प्रतीक है हिन्दी

पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज। पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इण्टर कॉलेज कनकुआ में हिन्दी दिवस पर हिन्दी साक्षात्कार और साहित्यिक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया ।प्रधानाचार्य भानुप्रताप के निर्देशन में आयोजित विचारगोष्ठी में छात्र छात्राओं ने कहा कि हिन्दी केवल हमारी मातृभाषा ही नहीं है बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय अस्मिता, गौरव और संस्कृति का प्रतीक है अत: इसका सम्मान करना हमारा परम कर्तव्य है। गोष्ठी में सविता, सत्यम और चांदनी ने हिन्दी के विकास क्रम पर प्रकाश डाला। स्टाफ की तरफ से प्रवक्ता पूनम यादव एवं प्रीती कन्नौजिया ने भी हिन्दी दिवस के बारे में बताया ।इस दौरान छात्र-छात्राओं के बीच हिन्दी में साक्षात्कार प्रतियोगिता कराई गई जिसमें सत्यम और गीता ने बाजी मारी इसके अलावा दिव्यांशी, मोनू और वर्षा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया ।गोष्ठी का संचालन सतीश मिश्रा ने किया।

# छात्र-छात्राओं को हेल्पलाइन नम्बरों के लिए किया जागरूक

**कभी भी किसी को कोई समस्या हो तत्काल 112 पर करें सूचित पुलिस सदैव आपकी सेवा में तात्पर्य है**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



महिला कल्याण विभाग बाराबंकी द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन बाराबंकी द्वारा कोठी क्षेत्र के अंतर्गत बाल विकास विद्या मंदिर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसके मुख्य अतिथि बाल कल्याण पुलिस अधिकारी कोठी संजय यादव रागिनी यादव रहे इस कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन बाराबंकी से जिला समन्वय मनोज कुमार वर्मा पर्यवेक्षक अवधेश कुमार कैस वर्कर अंजलि जायसवाल संवाद संस्था से विनोद कुमार यादव विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रम सिंह रहे कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी गई मुख्य अतिथि बाल कल्याण पुलिस अधिकारी संजय यादव ने बच्चों को सुरक्षा का एहसास दिलाते हुए कहा कि कभी भी किसी को कोई समस्या हो तत्काल 112 पर सूचित करें पुलिस सदैव आपकी सेवा में तात्पर्य है महिला बाल कल्याण पुलिस अधिकारी रागिनी यादव ने बच्चों को गुड टच बैड टच के साथ रास्ते में आने जाने में कोई समस्या हो तो तत्काल 1090 पर महिलाएं बालिकाएं सूचित करें यह जानकारी सभी को दी चाइल्ड हेल्पलाइन से मनोज कुमार वर्मा ने बच्चों के बाल अधिकार जीवन जीने का अधिकार सुरक्षा का अधिकार सहभागिता का अधिकार विकास का अधिकार के बारे में जागरूक किया पर्यवेक्षक अवधेश कुमार ने बच्चों को धूम्रपान से दूर रहने के साथ बाल श्रम बाल विवाह बाल भिक्षावृत्ति बच्चों के साथ हो रहे लैंगिंग अपराध के बारे में जागरूक किया इस अवसर पर विद्यालय के तमाम छात्र-छात्राएं अध्यापक मौजूद रहे।

## एसडीएम ने सुनी समाधान दिवस में फरियाद

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** सम्पूर्ण समाधान दिवस कोतवाली बदोसराय में उपजिलाधिकारी प्रीती सिंह की अध्यक्षता एंव थानाध्यक्ष बदोसराय सन्तोष कुमार के संयोजन में हुआ। जिसमें कुल 7 शिकायतें आईं। तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। तीन मामलों में राजस्व व पुलिस टीम मौके पर भेजी गई है। शनिवार को कोतवाली बदोसराय परिसर के सभाकक्ष में हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी प्रीती सिंह ने ग्रामीणों की समस्यायों को मनोयोग पूर्वक सुनकर सम्बंधित राजस्व कर्मियों एंव पुलिस कर्मियों को समस्याओं का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। दिवस में राजस्व निरीक्षक अवधेश कुमार आशुतोष मिश्रा, संदीप कुमार वर्मा विनय कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

# चाइल्ड फ्रेण्डली स्कूल में हुई निबन्ध प्रतियोगिता

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**




विकास खंड बनीकोडर के ग्राम छन्दवल में बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेंडली स्कूल में हिंदी दिवस पर छात्र छात्राओं की निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने बच्चों को हिंदी दिवस के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है संविधान सभा द्वारा 14 सितंबर 1949 को इसे राजभाषा के रूप में अपनाया गया।

इसके साथ ही कक्षा 2 से कक्षा 5 तक के हिंदी निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 2 से रितेश कक्षा 3 से कोमल कक्षा 4 से सौम्या व कक्षा 5 में मानवी का लेखन अव्वल रहा जिससे उन्हें प्रधानाचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। लेखन सुधार को देखते हुए रुचि, आदर्श कुमार रावत, सौम्या कोमल आदि बच्चों को उत्साह वर्धन हेतु उन्हें भी पुरस्कृत कर उज्जवल भविष्य की कामना की गई। शिक्षिका वंदना वर्मा, शारदा रावत, पूनम रत्नाकर, प्रिया मोर्य, अनीता देवी, सरस्वती, सरोज जियालाल सहित लगभग डेढ़ सौ बच्चे उपस्थित रहे।

# घाघरा नदी का जलस्तर खतरे के निशान के ऊपर पहुंचा

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



नेपाल के बैराजों से सरयू नदी में छोडे गये पानी से नदी का जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है।नदी का पानी गांवों की तरफ से अलीनगर रानीमऊ तट बांध की ओर रुख कर दियाहै। उपजिलाधिकारी सिरौली गौसपुर प्रीति सिंह, तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा, राजस्व निरीक्षक अवधेश कुमार,लेखपाल रामकरण आदि राजस्व टीम सनांवा, कहारनपुरवा, पासिन,टेपरा कुर्मिन, टेपरा भौरीकोल, तेलवारी, करोनी, इटहुवा पूरब, कोठीडीहा,सिरौलीगुंग, बबुरी, कुंडवा इत्यादि गांवों में पंहुच कर ग्रामीणो को अलर्ट किया एंव सुरक्षित स्थानों पर रुकने की सलाह दी गई है। शनिवार को नवागत एसडीएम प्रीती सिंह,तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा,राजस्व निरीक्षक अवधेश कुमार,लेखपाल रामकरण रावत आदि राजस्व टीम ने बाढ से प्रभावित होने वाले गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों को आगाह किया कि सरयू नदी का जल स्तर बढ रहा है सभी जन सुरक्षित स्थानों पर रुकें। तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा ने बताया है कि बाढ चौकियो का निरीक्षण कर एलर्ट कर दिया गया है।बाढ चौकी पर तैनात राजस्व कर्मियों को बाढ की स्थिति की अपडेट तहसील कन्ट्रोल रूम को देते रहने के निर्देश दिए गए हैं।

इस मौके पर राम आशीष आदि उपस्थित रहे। 4 लाख 75 पचहत्तर हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने से तराई में हड़कंप मच गया है खतरे के निशान से ऊपर बह रही है सरयू नदी जिसे अब पानी का रूख घरों की तरफ होने लगा है। प्रशासन अलर्ट मोड पर है।

# बाइक सवार ने बुजुर्ग महिला को मारी टक्कर, कमर टूटी

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

> गांव के लोगों के सामने इलाज का पूरा पैसा देने की बात हुयी

तेज रफ्तार में लापरवाही पूर्वक मोटरसाइकिल चालक ने एक बुजुर्ग महिला को टक्कर मार दिया। जिससे बुजुर्ग महिला की कमर हड्डी टूट गयी। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की थी । पुलिस अधीक्षक के आदेश पर जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के मानपुर निवासी संदीप पुत्र महावीर ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुये बताया कि गांव के पदुम कुमार पुत्र गंगाराम ने अपनी मोटरसाइकिल यूपी 41एच0 6870 से तेज रफ्तार में मेरी मां रानी देवी को टक्कर मार दी जिससे उनकी कमर की हड्डी टूट गयी। गांव के लोगों के सामने इलाज का पूरा पैसा देने की बात हुयी और मां आप्रेशन व इलाज बाराबंकी के एक अस्पताल में किया गया। जिसका बिल विपक्षी ने नहीं दिया विरोध करने पर गाली ग्लौज व मारपीठ करने लगा। जिसकी शिकायत जैदपुर पुलिस से करने पर कोई कार्यवाही नहीं की गयी। उक्त मामले को लेकर पीड़ित संदीप कुमार ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाने पर आदेशानुसार जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# 35 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर उसे भेज दिया जेल**

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस एंव आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने थाना रामनगर क्षेत्र के बसंतपुर घाट पर छापा मार कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 35 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर एक कुंतल लहन भी नष्ट किया है।

मालूम हो कि शनिवार को आबकारी निरीक्षक उमाशंकर चौधरी और महादेवा चौकी इंचार्ज संतोष कुमार त्रिपाठी ने भारी पुलिस बल के साथ मल्लहन पुरवा मजरे बसन्त पुर डिपुवा में अवैध कच्ची शराब बनाने और उसका कारोबार करने वाले लोगों के यहां छापा मार कर उदयभान पुत्र रामकुमार को गिरफ्तार कर उसके यहां पिपिया में रक्खी 35 लीटर अवैध कच्ची शराब को बरामद कर मौके पर मौजूद एक कुंतल लहन तथा बनाने वाले उपकरणों को नष्ट कर दिया। वहां मौके से गिरफ्तार किये गये अपराधी के खिलाफ स्थानीय थाने पर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर उसे जेल भेज दिया। छापेमारी के चलते अवैध तरीके से कच्ची शराब बनाने वालों में हड़कंप मच गया। संयुक्त टीम में हेड कॉन्स्टेबल राजकुमार जंगशेर सिंह चौहान महिला आरक्षी कुसुम आबकारी विभाग के आरक्षी ओमप्रकाश सिंह महेश त्रिपाठी इमरान मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### ताला तोड़कर बेकरी में हुई चोरी

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** कस्बा बदोसराय की एक दुकान का ताला काटकर अज्ञात चोरों ने हजारों की नगदी पार कर दिया। कस्बे में जनता इंटर कॉलेज के गेट के पास सुनील कुमार की बेकरी की दुकान का ताला काट कर बीती रात अज्ञात चोर करीब सात आठ हजार रुपए उठा ले गए। सुबह दुकान मालिक का लड़का दुकान खोलने गया तो ताला कटा अलग पड़ा मिला। दुकान खोलने पर देखा समान सभी मौजूद था गल्ले से अलग रखे रुपए गायब थे। इसके बाद पीड़ित ने बदोसरांय पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल किया।

### तराई क्षेत्र में हड़कंप, हर घण्टे बढ़ रहा जलस्तर

**रामनगर, बाराबंकी।** सरयू नदी में विभिन्न बैराजों से पांच लाख क्यूसिक पानी छोड़े जाने के चलते तराई क्षेत्र के निवासियों में हड़कंप मच चुका है।एल्ड्रिन ब्रिज संजय सेतु पर शनिवार की शाम को खतरे के निशान से करीब 67 सेमी घाघरा नदी /सरयू/ऊपर बह रही है।नदी के जलस्तर में प्रति घंटे करीब दो सेमी की बढ़ोत्तरी हो रही है।जिसके चलते तराई क्षेत्र के ग्रामीण स्वंय और मवेशियों के लिये सुरक्षित ऊंचे स्थानों की तलाश में जुट गये है।तहसील रामनगर क्षेत्र के दुर्गापुर तपेसिपाह लहडरा अईमा प्रसादी पुरवा सिसौन्डा हरइनरआयन पुर मथुरा पुरवा तिवारी नामी पुर सिरौली मडना सहित दर्जनों गांव पूरी तरह से पानी से घिर चुके हैं।तहसीलदार भूपेन्द्र विक्रम सिंह दल बल के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरन्तर जायजा लेकर हर सम्भव सरकारी मदद उपलब्ध करवाये जाने के लिये लगातार प्रयासरत हैं।

### मंदिर में स्थापित विग्रहों की पालकी निकाल नदी में कराया स्नान



**जालौन (उरई)।** छिरिया सलेमपुर में आज जल विहार कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें गांव में स्थित राम जानकी मंदिर में स्थापित विग्रहों का पालकी निकाली गयी तथा नदी में स्नान कराने के बाद मंदिर में बैठाया गया है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम पंचायत छिरिया सलेमपुर में स्थित श्रीराम जानकारी मंदिर द्वारा जल विहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी रवि जादौन के नेतृत्व में मंदिर में स्थापित भगवान श्रीराम, माता जानकी आदि विग्रहों को पालकी में बैठाकर ढोल नगाड़े के साथ पालकी में बैठाकर शोभायात्रा निकाली गयी। पालकी में बैठाकर भगवान को बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे के पास बहती नदी ले जाया गया जहां पर उनको नदी के जल से स्नान कराया गया। स्नान कराने के बाद भगवान के विग्रहों को भजनों की ध्वनि के साथ निकली शोभायात्रा के माध्यम से मंदिर ले जाया गया जहां पर उनकी पूजा अर्चना की गयी।

# पीएम आवास की किश्त मिली पर नहीं शुरू किया निर्माण

**हैदरगढ़,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

> जांच टीम यह देखकर आश्चर्य चकित रह गई कि लाभार्थियों को किस्त मिलने के बाद भी नीव तक नहीं खुदवाई

प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत आवंटित हुए आवासों की प्रगति की समीक्षा के लिए हैदरगढ़ पहुंचे राज्य नगरीय विकास अभिकरण के अधिकारी उस समय आश्चर्यचकित रह गए जब कई लाभार्थियों के आवासों की नीव तक खुदी नहीं पाई गई। जिसको लेकर अधिकारियों द्वारा विभागीय अवर अभियंता को कड़ी फटकार लगाई गई।

उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत हैदरगढ़ में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 372 लाभार्थियों को आवास के लिए चयनित किया गया है। चयनित लाभार्थियों के खाते में लगभग 2 माह पूर्व आवास की पहली किस्त भी भेजी जा चुकी है। इसी क्रम में आरोप लगे कि आवासों के चयन में जमकर वसूली भी की गई है ।इसकी शिकायत भी जिलाधिकारी बाराबंकी से की गई।

इन्हीं शिकायतों के परिप्रेक्ष्य में जिलाधिकारी के निर्देश पर राज्य नगरीय विकास अभिकरण के अधिकारी संतोष विश्वकर्मा की अगवाई में शनिवार को जांच टीम नगर के विभिन्न मोहल्ले में पहुंची और और आवासों की प्रगति की हकीकत परखी। जांच टीम यह देखकर आश्चर्य चकित रह गई कि लाभार्थियों को किस्त मिलने के इतने समय बाद भी तमाम लाभार्थियों ने अभी तक नीव तक नहीं खुदवाई है जांच में यह भी पता चला कि तमाम लाभार्थी ऐसे हैं जिनके पास आवास बनाने के लिए पर्याप्त भूमि तक उपलब्ध नहीं है।

उन्हें यह भी जानकारी नहीं है कि प्रधानमंत्री शहरी आवास का डिजाइन क्या होगा इन्हीं सब मामलों को लेकर अधिकारी अवर अभियंता को डांटते देखे गए यही नहीं अधिकारी उस समय एक बार फिर आश्चर्य चकित रह गए जब दूसरी किस्त मिलने के बाद भी लाभार्थी आवास बनाने में कोई रूचि लेते नहीं दिखाई पड़े । लाभार्थियों की इन अनियमितताओं के चलते अधिकारियों को कहना पड़ा कि यदि आवास नहीं बना तो धन की वापसी के लिए कानूनी कार्यवाही भी करनी पड़ेगी।



## खनुआं में बारिश के चलते लगातार कच्चे मकान गिरने का सिलसिला जारी

**जालौन (उरई)।** तीन दिन हुई बारिश के बाद कच्चे मकानों का गिरना शुरू हो गया है। ग्राम पंचायत खनुआं में बारिश के चलते एक दर्जन कच्चे मकानों को नुकसान पहुंचा है। जिसमें घर गृहस्थी का सामान खराब हो गया है। ग्रामीण ने मकान गिरने से हुए नुकसान का आंकलन कराकर आर्थिक मदद दिलाने की मांग एसडीएम से की है। नगर में ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार की रात से शुरू हुई बारिश गुरुवार तक होती रही। तीन दिन की बारिश से सामान्य जन जीवन प्रभावित हो गया था तथा जल भराव की समस्या हो गयी थी। लगातार हुई बारिश के हुए जलभराव व नमी के कारण कच्चे मकानों का गिरना शुरू हो गया है। विकास खंड के ग्राम खनुआं में बारिश के लगभग एक दर्जन कच्चे मकानों को नुकसान हुआ है। मकान गिरने के कारण कुछ लोगों का घर गृहस्थी के सामान को भी नुकसान हुआ है।

## गोताखोरों ने खोजा रपटा से बहे पशुपालक का शव

**जालौन, उरई।** खेतों में जानवर चराने जा रहा अधेड़ पशुपालक रपटा के ऊपर से बह रहे पानी में बहकर डूब गया था। लगभग 20 घंटे बाद पशुपालक का शव गोताखोरों की टीम ने पुल के पास से ही झाड़ियों में बरामद कर लिया है। सूचना पर पूर्व सांसद भी मौके पर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना देकर परिवार को मदद दिलाने का भरोसा दिलाया। वहीं पुलिस ने विधिक कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परवई निवासी रूप सिंह (48) पुत्र मुलू पशुओं को चराने का काम करता है। गांव के बाहर मलंगा पर बने रपटा पुल से आगे खेतों में जानवरों को ले जाकर उन्हें वहीं चराता है। बीते तीन दिनों की बारिश के बाद इस समय रपटा के ऊपर से करीब चार से पांच फीट ऊपर तक पानी चल रहा है।

## चौराहे पर लगे बैनर को उखाड़ने पर हिन्दू संगठन हुये खफा

**कालपी,जालौन।** मुन्ना फुलपावर चौराहे पर लगा बैनर उखाड़ने पर हिन्दू संगठन खफा है। उन्होंने इस मामले का शिकायती पत्र थाना पुलिस को भी सौंपा है। विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष मनीष पाण्डेय तथा संगठन के अन्य सदस्यों ने शनिवार को थाना पुलिस को शिकायती पत्र दिया है।

जिसमें उन्होंने बताया है कि वुढवा मंगल को लेकर संगठन की ओर से मुन्ना फुलपावर चौराहा स्थित ओवरब्रिज की दीवाल पर संगठन की ओर से शुभकामनाओं का बैनर लगाया था लेकिन गत एक माह में अराजक तत्व दो बार उसे उखाड़ ले गए है और शनिवार सुबह फिर से गायब हो गया है।

# बाढ़, बारिश से प्रभावित लोगों की मदद के लिए विधायक ने की पहल

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्रीय विधायक ने कालपी विधानसभा क्षेत्र में हाल ही में हुई मूसलाधार बारिश तथा बाढ़ से गिरे घरों तथा फसलों को नुकसान की क्षतिपूर्ति दिलाने के लिए मुख्यमंत्री से मांग की है। विधायक विनोद चतुर्वेदी क्षेत्र का दौरा कर बाढ प्रभावित क्षेत्र में राहत दिलाने की सरकार से मांग की विधायक विनोद चतुर्वेदी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा शासन के राहत सचिव को ईमेल से प्रेषित पत्रों के माध्यम से अवगत कराया है कि हाल ही में 10-11 व 12 सितंबर को लगातार हुई बरसात की चपेट में आकर कई स्थानों में घर गिर गए हैं तथा कई लोग बेघर भी हो गए हैं। इसी प्रकार बरसात तथा बाढ़ की चपेट में आकर खेतों के जलमग्न हो जाने से तिली, ज्वार, बाजरा, मूंग, उड़द की फसलें नष्ट हो गई हैं।

विधायक ने बताया कि हजारों एकड़ फसल क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों को भारी क्षति पहुंची है। शनिवार को जनसंपर्क कार्यालय में ग्रामीणों से वार्ता करते हुए कहा कि प्रभावित किसानों को शासन स्तर से हर संभव शासकीय मदद पहुंचाई जाएगी विधायक ने अवगत कराया है कि इस संबंध में जिलाधिकारी से संबंधित उच्च अधिकारियों को भी बाढ़ एवं बरसात से क्षतिग्रस्त फसलों तथा घरों की शासकीय मदद देने के लिए सर्वे कराने की अपेक्षा की है।

# दोनों पक्षों को ध्यान में रखकर होते हैं समझौते: जिला जज

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**



लोक अदालत की मूल भावना में लोक कल्याण की भावना समाहित है।सुलह समझौता के दौरान सभी का मान सम्मान बना रहे और सभी को न्याय मिले इसका ध्यान रखा जाता है। राष्ट्रीय लोक अदालत में दोनों पक्षों के हितों को ध्यान में रखकर आपसी सुलह समझौते के माध्यम से वादों को निस्तारित कराया जाता है। शनिवार को यह बातें बतौर मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश गौरव कुमार श्रीवास्तव ने कही। वे जिला एवं सत्र न्यायालय प्रांगण में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्घाटन अवसर पर मौजूद लोगों को संबोधित कर रहे थे। जनपद न्यायाधीश श्री श्रीवास्तव ने कहा कि इतिहास में दर्ज है कि सदियों पहले जब अदालतें नहीं हुआ करती थी तब दो पक्षों के आपसी मतभेद को सुलह समझौता के माध्यम से समाज के गणमान्य व्यक्ति एक निर्धारित स्थल पर बैठकर दोनों पक्षों की बातें सुनते थे और यह निर्णय लेते थे कि दोनों पक्षों का हित किसमें हैं।

इसी को देखते हुए सुलह समझौता कराया जाता था और समाज में इसके सार्थक परिणाम भी दिखाई पते थे। उन्होंने कहा कि सुलह समझौते में दोनों पक्षों के मध्य आपसी क्लेशएमतभेद और दुर्भावना समाप्त हो जाती थी। अपर जिला जज व राष्ट्रीय लोक अदालत की नोडल अधिकारी श्रीमती नूरी अनुसार तथा अपर जिला जज व प्राधिकरण सचिव अनिल कुमार वर्मा ने बताया वृहद राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 44807 वादों को निस्तारित किया गया तथा कुल समझौता राशि 147860862 रुपए वसूल की गई।

# आपसी सौहार्द की मिसाल दे गई पर्वों की तैयारी बैठक



**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

नगर में चल रहे गणेश पूजा महोत्सव,इसी दौरान होने वाले रोशनी तथा बारावफात पर्व को लेकर शनिवार को एडीएम सिटी सलिल कुमार पटेल और एसपी सिटी मधुबन कुमार सिंह के निर्देशन में कोतवाली नगर में विभिन्न पर्वों के आयोजन समिति पदाधिकारियों के साथ एक ऐसी बैठक आयोजित हुई जो कहने को तो आगामी पर्वों के तैयारी की समीक्षा बैठक थी लेकिन वहां मौजूद पदाधिकारियों के बीच दिखी समरसता से यह बैठक आपसी सौहार्द की मिसाल दे गई।बैठक में केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं रामलीला समन्वय समिति अध्यक्ष मनोज जायसवाल,प्रमुख संरक्षक विजय कुमार गुप्ता तथा बारावफात इंतजामिया कमेटी के सेक्रेटरी गुलाम सिद्दीकी के साथ सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार मिश्र,सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह, इंतजामियां कमेटी तथा गणेश पूजा आयोजन समिति के प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।बैठक में इस बात पर चर्चा करके सहमति बनाई गई कि दोनों पर्व किस तरह से एक साथ भव्यता और शांति के साथ संपन्न कराए जाएं।

बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय समिति अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने कहा कि जिस प्रकार पिछले वर्ष हम लोगो ने मिलजुल कर अपने अपने पर्व मनाए थे,उसी तरह इस वर्ष भी सामंजस्य बनाते हुए अपने पर्वों को शांतिपूर्वक मनाएंगे। केंद्रीय समिति तथा गणेश पूजा आयोजन समिति के पदाधिकारी जिला प्रशासन का पूर्ण सहयोग करेंगे।

## पांच खिलाड़ी नेशनल ताईक्कांडो टूर्नामेंट खेलने के लिये चयनित

# डीपीएस ने ताईक्वांडो में तीन गोल्ड सहित 8 मेडल जीते

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



दिल्ली पब्लिक स्कूल इटावा ने वाराणसी में आयोजित सीबीएसई ईस्ट जोन ताईक्कांडो प्रतियोगिता में सफलता के शीर्ष कीर्तिमान स्थापित करते कुल 8 मिलाकर मेडल जीते हैं और अपने स्कूल की जबरदस्त खेल क्षमता के साथ ही इटावा जनपद के नाम को गौरवान्वित किया है। इन 8 पदक विजेताओं में5 खिलाड़ियों ने नेशनल टूर्नामेंट के लिये अपनी जगह पक्की की है। वाराणसी के बाबतपुर स्थित सनबीम स्कूल में 9 से 12 सितंबर तक यह प्रतियोगिता आयोजित की गई। डीपीएस इटावा के प्रधानाचार्या भावना सिंह ने प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते बताया है कि हमारे स्कूल की खेल प्रशिक्षिका व ताईक्कांडो कोच आराधना तिवारी की उल्लेखनीय कोचिंग ने ही हमारे स्कूल के बच्चों को इतनी बड़ी संख्या में पदक जितवाए हैं। डीपीएस इटावा के खिलाड़ियों ने सभी को पछाड़ा है। कुल मिलाकर 3 गोल्ड, 2 सिल्वर एवम 3 ब्रॉन्ज मेडल अपने विद्यालय के नाम हासिल किए हैं। प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल इटावा के कक्षा 12 के छात्र शिवांग माधव द्विवेदी ने बालक वर्ग ;अंडर 17 कैटेगरी में 68 किलो भार वर्ग से कम में गोल्ड मेडल जीता।

कक्षा 3 की छात्रा रुद्राक्षी कुशवाहा ने भी बालिका वर्ग में ;अंडर 14 की कैटेगरी 24 किलो भार वर्ग से कम में सिल्वर मेडल जीता वहीं कक्षा 8 के छात्र अरुणव कुमार ने भी बालक वर्ग में ; अंडर 17 की कैटेगरी में 38 किलो भार वर्ग से कम में सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। इसी प्रकार कक्षा 8 की छात्रा आइरिश वर्मा ने बालिका वर्ग ;अंडर 14 कैटेगरी 35 किलो भार वर्ग से कम में ब्रॉन्ज मेडल तथा कक्षा 7 की छात्रा पावनी जैन ने बालिका वर्ग ; अंडर 14 कैटेगरी में 32 किलो भार वर्ग से कम में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किए हैं।

**सूचना**

पति के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम MUKESH दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम MUKESH DEVI है। MUKESH DEVI W/o of Army No-3003093N, रैंक Hav राजेश सिंह आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-बड़ागांव, खेरला, दौसा, महवा राजस्थान, पिन कोड-322240

**सूचना**

पिता के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम VINITA KUMARI दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम MS. VINEETA है। MS.VINEETA D/o of Army No-3003093N, रैंक, Hav राजेश सिंह आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-बड़ागांव, खेरला, दौसा, महवा राजस्थान-322240

# कन्नौज में एसटीएफ ने बाइक सवार तीन चरस तस्करों को पकड़ा

- पकड़े गए आरोपियों से एक करोड़ कीमत की चरस बरामद की
- एसटीएफ कानपुर और कन्नौज पुलिस को मिली सफलता



घटना का खुलासा करते एसपी व गिरफ्त में मौजूद पकड़े गए तीनों आरोपी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**

**मादक** पदार्थों की कन्नौज में आहट के बाद कानपुर एसटीएफ और कन्नौज पुलिस द्वारा बिछाये गये जाल में आखिर तीन चरस तस्कर करीब एक करोड़ रुपये कीमत की चरस के साथ फंस गये। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने मामले का खुलासा कर पकड़े गये तीनों तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। बीते काफी समय से कन्नौज में मादक पदार्थों की खेप आ रही है। उसकी बिक्री कर बड़ी संख्या में लोगों को नशे की लत लगाकर जीवन तबाह और बर्बाद किया जा सकता है। इस सुगबुगाहट पर कन्नौज पुलिस के साथ कानपुर एसटीएफ भी मादक पदार्थों के कारोवारियों की तलाश में जुटी हुई थी। और उनकी धरपकड़ को जाल भी बिछा दिया था। आखिर पुलिस को सफलता हांथ लगी। कन्नौज से कानपुर की ओर जा रहे बजाज पल्सर बाइक सवार तीन लोगों को जब एसटीएफ कानपुर यूनिट और कन्नौज पुलिस ने मानपुर रोड पर चेकिंग अभियान के दौरान रोका तो तलाशी के दौरान मादक पदार्थ की एक बड़ी खेप हांथ लगी। तीनों बाइक सवारों को दबोचने के बाद पुलिस द्वारा पूंछतांछ की गई। जिसके बाद पकड़े गये मादक तस्करों ने बताया कि हम लोग बिहार से चरस लाकर महंगे दामों में बेंचते हैं। गत दिन हम तीनों लोग मुख्य मार्ग को छोड़कर लिंक रोड से रसूलाबाद जा रहे थे। पकड़े गये तस्कर आदित्य उर्फ परशुराम उर्फ राजेश पुत्र सीताराम उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम सिठाऊपुर्वा कहिंजरी थाना रसूलाबाद कानपुर देहात, अंकित पुत्र राजू शाह 20 वर्ष ग्राम सिमरिया नाका टोला थाना रिविलगंज जिला छपरा बिहार, दीपक गुप्ता पुत्र हीरा शाह निवासी सुगौली बाजार थाना सुगौली जिला मोतिहारी बिहार बताया गया। पुलिस की जांच के मुताबिक बरामद 5 किलो अवैध चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपये बताई गई। इसके अलावा पुलिस ने उपरोक्त तस्करों के पास से एक बाइक बजाज, तीन मोबाइल,1180 रुपये नकद बरामद किए। कोतवाली प्रभारी कपिल दुबे की टीम सहित एसटीएफ कानपुर पुलिस टीम को इस अभियान में सफलता मिली। शनिवार को एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देशन में अधिकारियों की मौजूदगी में घटनाक्रम का खुलासा किया गया। तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किये जाने के अलावा न्यायालय में पेशी के उपरांत सभी को जेल भेज दिया गया।

# हिंदी दिवस पर छात्र- छात्राओं ने व्यक्त किए विचार

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**



**हिंदी भाषा** भारत की एकता की मजबूत कड़ी है। हिंदी को सिर्फ भाषा नहीं कहा जा सकता है। यह हमारी संस्कृति का हिस्सा है। यह बात महाविद्यालय के उपनिदेशक डॉ रजनीकांत ने कही। गुगरापुर क्षेत्र के अविका डिग्री कॉलेज चांदापुर में हिंदी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपनिदेशक डॉ रजनीकांत सिंह के द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्राचार्य डॉ हरिओम प्रजापति ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी भाषा जन-जन की भाषा है। हिंदी को वैश्विक पहचान दिलाई जाने हेतु विशेष प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ पल्लवी ने हिंदी भाषा को समृद्ध बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में छात्र- छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर सुरेंद्र कुमार, मोरपाल सिंह, दिलावर सिंह, सचिन यादव, मोहनी शर्मा, कौशकी सिंह सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## दीवार गिरने से महिला की मौत युवक गंभीर

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** तालग्राम कस्बे में विगत दिन पूर्व हुई मूसलाधार बारिश के कारण पुरानी पक्की दीवार गिर गई। जिसमें दबकर महिला की मृत्यु हो गई जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया। शनिवार को तालग्राम कस्बे में पुरानी पक्की दीवाल गिरने से राम श्री पत्नी शोभाराम निवासी विचपुरिया तहसील कन्नौज की मृत्यु हो गई जबकि तालग्राम के मोहल्ला गांधीनगर निवासी लालू पुत्र विद्याधर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। वहीं सूचना पर पहुंचे राजस्व निरीक्षक प्रेम कृष्ण मिश्रा ने घटना स्थल पहुंचकर रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को प्रेषित की है।

# खबरें चलते-चलते

## जमीन का बैनामा न करने पर पुत्र व पौत्र ने वृद्धा को पीटा

**तिर्वा।** ठठिया थाना के सिमरिया चैकी क्षेत्र के बिहारीपुर गांव में जमीन का बैनामा न करने पर पुत्र व पौत्रो ने मिलकर महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। दांतो से उसके मुंह को काट कर लहू-लुहान कर दिया। गंभीर रूप से घायल महिला को परिजनों ने उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। मामले में पीड़िता ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। बिहारीपुर गांव निवासी सुशीला देवी पत्नी स्व.शंकर लाल ने ठठिया थाना पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह अपने बड़े पुत्र मूलचन्द्र के साथ रहती थी, लेकिन मूलचन्द्र ने महिला को अपने घर से निकाल दिया था। तब वह अपने छोटे पुत्र सुरेन्द्र कुमार के साथ रहने लगी। इसी बीच मूलचन्द्र सुशीला देवी से उसके नाम 12 बीघा जमीन का बैनामा करने का दबाव डालने लगे, लेकिन महिला ने बैनामा करने से मना कर दिया। बीते दिन शुक्रवार को बैनामा को लेकर मूलचन्द्र एवं सुशीला देवी में कहासुनी होने लगी। इसी बीच मूलचन्द्र के पुत्र जसकरन व उसकी पत्नी सुनीता देवी ने मिलकर महिला को बेहरमी से पीट डाला। वहीं जसकरन ने अपने दांतो से महिला का मुंह काट डाला। जिससे वह लहू-लुहान हो गई। शोरगुल सुनकर गांव के लोगो ने किसी तरह महिला को बचाया। गंभीर रूप से घायल महिला को एम्बुलेंस की सहायता से राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। उधर सिमरिया चैकी प्रभारी सगीर अहमद ने बताया कि वृद्धा से मारपीट का मामला गंभीर है। मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## हिंदी दिवस पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**छिबरामऊ कन्नौज।** शहर के सिटी चिल्ड्रन एकेडमी में हिंदी दिवस पर बाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हिंदी दिवस के अवसर पर सिटी चिल्ड्रन एकेडमी में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतीथ बलराम श्रीवास्तव शहर के वरिष्ठ कवि ओमप्रकाश शुक्ला अज्ञात को सम्मानित किया गया वाद विवाद प्रतियोगिता में विजई छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम में प्रबंधक प्रदीप प्रधान सीईओ विश्वास प्रधान प्रशासिका सुधा प्रधान ने छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया कार्यक्रम में छात्राओं के अलावा स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## पानी की टंकी से धर्म विशेष का झंडा कोतवाली पुलिस द्वारा उतरवाया गया

**छिबरामऊ कन्नौज।** बारात घर के पास पानी की टंकी पर अराजाक तत्वों द्वारा धर्म विशेष का झंडा टंकी के ऊपर लहरा दिया गया जिसकी सूचना स्थानीय लोगों द्वारा कोतवाली में दी गई। शहर के इंदिरा नगर मोहल्ला के पास बने बारात घर के पास बनी पानी की टंकी पर अराजक तत्वों द्वारा धर्म विशेष का झंडा लहरा दिया गया जिसकी सूचना कोतवाली पुलिस को स्थानीय लोगों द्वारा दी गई मौके पर चौकी प्रभारी राम मनोज दुबे मय पुलिस बल के साथ पहुंचे और झंडे को उतरवाया जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही।

## जिला के आला अधिकारियों ने संपूर्ण थाना समाधान दिवस पर आए हुए प्रार्थना पत्रों पर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए

**छिबरामऊ कन्नौज।** जिलाधिकारी कन्नौज शुभ्रांत कुमार शुक्ल व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओंमकारनाथ शर्मा, उपजिलाधिकारी छिबरामऊ द्वारा थाना सौरिख पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को शिकायतों की गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया । पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कर्मियो को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना-पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए। सुनवाई के दौरान अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# बारिश के भरे पानी से गुजरकर शिकायत करने पहुंचे अफसर

- तिर्वा कोतवाली में आई पांच शिकायतें
- इंदरगढ़ थाने में सीओ ने सुनी शिकायतें, छह निस्तारित

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**



कोतवाली परिसर में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादी पानी में घुसकर अपनी फरियाद लगाने पहुंचे। इस दौरान पांच फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई। इसी प्रकार इंदरगढ़ व ठठिया थाने में भी समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शनिवार को कोतवाली परिसर में तहसीलदार अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। पिछले तीन दिनों से भारी बारिश होने व कस्बे में जलनिकास न होने के कारण कोतवाली परिसर में बारिश का गंदा पानी भर जाने से मात्र पांच फरियादी अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। इनमें अमृतपुर्वा गांव निवासी मनोज कुमार ने जमीन विवाद संबंधी प्रार्थना पत्र दिया। विजनापुर गांव निवासी बेचेलाल ने दबंगो द्वारा उसकी जमीन पर कब्जा किए जाने को लेकर शिकायत की। नजरापुर पट्टी गांव निवासी प्रीती ने दबंगो के खिलाफ गाली-गलौज करने व जान से मारने की धमकी देने का प्रार्थना पत्र दिया। बिनौरा के करन ने जमीन पर कब्जे को लेकर प्रार्थना पत्र दिया। सभी शिकायतों का संबंधित अधिकारियों को भेजकर जल्द निस्तारण करने क निर्देश दिए। इसके अलावा इंदरगढ़ थाने में सीओ डॉ.प्रियंका बाजपेई ने समाधान दिवस में पहुंचकर फरियादियों की शिकायतें सुनी। यहां 13 फरियादियों ने अपनी शिकायतें रखी। इनमें से छह शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

## नाला खोदकर निकाला जाएगा बारिश का पानी

तिर्वा। तीन दिनों तक हुई मूसलाधार बारिश से कस्बे में जलभराव हो गया। तिर्वा कोतवाली परिसर में बारिश बंद होने के एक दिन बाद तक बरसात का पानी भरा हुआ है। इस कारण पुलिस कर्मी जूते-मौजे हाथ में लेकर गंदे पानी से गुजर कार्यालय पहुंचते है। इस समस्या को लेकर जिला प्रशासन ने डीएन कॉलेज से लेकर तहसील तक नाला खुदवाने का निर्णय लिया है। शुक्रवार की देर शाम से नाला खुदाई का काम जेसीबी के जरिए चल रहा है। जिससे पानी का निकास कराया जा सके।

# बारिश के पानी से कटी सड़क ग्रामीणों को आवागमन में मुसीबत



**समधन, समृद्धि न्यूज़**

**बीते दो** दिन पहले बारिश के पानी से सड़क कटाव कर जाने से ग्रामीणों को आवागमन करने के लिये अपने वाहनों को निकालने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के ग्राम मीरपुर से भुडहा जाने वाली सड़क बीते दो दिन पहले हुई बारिश के पानी से कटाव कर गयी जिससे ग्राम भुडहा नन्देपुरवा मौरा आदि गांवों के वाशिंदों को अपने चार पहिया वाहनों को आवागमन में काफी मुशीबतो का सामना करने को मजबूर होना पड़ रहा है । इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुऐ भुडहा प्रधान राजेश कुमार मौरा प्रधान प्रतिनिधि शोभाराम नन्देपुरवा निवासी नर सिंह रामप्रकाश विमलेश कुशवाहा आदि ने बताया सड़क जब से कटाव कर गयी तब से अपने वाहनों को आवागमन में काफी दिक्कत हो रही है। दोनों प्रधानो ने जिला के उच्च अफसरों से जल्द सड़क की मरम्मत करायें जाने की मांग उठाई है।

# बारिश के पानी से कच्ची छत धराशाई



**समधन, समृद्धि न्यूज़**

**बीते दो** दिन पहले हुई बरसात के पानी ने गरीब के आशियाने को धराशाई कर दिया जिससे उसके सामने रहने तक को मुसीबत खड़ी हो गई। क्षेत्र के ग्राम भैसियापुर निवासी आछेलाल जाटव पुत्र सुन्दर लाल का मकान की छत कच्ची थी जो बीते दो दिन से लगातार हुई बारिश के पानी से धराशाई हो गयी जिससे परिवार को रहने तक को मुसीबत हो गई है पीड़ित आछेलाल जाटव ने बताया कि एक पुत्र व चार पुत्रियां हैं और मात्र सबा बीघा जमीन भाइयों के हिस्सा में मिली मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं उन्होंने छिबरामऊ एसडीएम से तत्काल एक आवास मुहैया कराने करायें जाने की मांग की है।

## कायाकल्प टीम ने सौ शैया अस्पताल का किया निरीक्षण

**छिबरामऊ, कन्नौज।** केंद्र सरकार की कायाकल्प योजना के तहत पूरे प्रदेश में जिला संयुक्त चिकित्सालयों का गहन सर्वे कराया जा रहा है। ऐसे में शुक्रवार को सौ शैया अस्पताल पहुंची कायाकल्प टीम ने पूरे अस्पताल का निरीक्षण कर नर्स स्टाफ को ट्रेनिंग के निर्देश दिए। शुक्रवार को सौ शैया अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे कायाकल्प टीम के कानपुर के डॉक्टर आरिफ बेग, औरैया के हेड क्वालिटी मैनेजर संतोष कुमार के साथ कन्नौज के डॉ अनिल प्रजापति ने अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी शोभित भारद्वाज, क्वालिटी मैनेजर आशीष सिंह, अतुल कुमार, डॉक्टर जय विजय तिवारी, डॉ कुलदीप, डॉक्टर अभिषेक दुबे व डॉक्टर सुची वर्मा के साथ अस्पताल के हर विभाग का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम को कई खामियां मिली। यहां तक की स्टाफ टीम से सवाल करने पर संतुष्टि पूर्ण जवाब ना मिल पाने के कारण उन्हें ट्रेनिंग दिए जाने के निर्देश दिए।

# आतंकवादियों से लोहा लेकर लौटे फौजी का किया जोरदार स्वागत

**छिबरामऊ, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



**जम्मू** कश्मीर में आतंकवादियों से लोहा लेते समय घायल हुए फौजी के सही होने के बाद वापस गांव लौटने पर लोगों ने उन्हें फूल माला पहनकर जोरदार स्वागत किया। विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम शंकरपुर लोधपुर निवासी विजय उर्फ अंजू फौजी मौजूदा समय में जम्मू बॉर्डर पर तैनात थे। बताया जा रहा है की जन्माष्टमी के 1 दिन पूर्व उनकी टोली का आतंकवादियों से आमना सामना हो गया। इस दौरान दो आतंकवादियों को मार गिराया और आतंकवादियों की तरफ से फेके गए ग्रेनेट की चपेट में आने से दो साथी फौजी शहीद हो गए तथा विजय उर्फ अंजू गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए। दूसरे दिन बटालियन कैंप में होश आने पर उन्होंने मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी थी। काफी समय बाद उनकी हालत में सुधार होने पर छुट्टी लेकर वह अपने पैतृक गांव के लिए रवाना हो गए। यहां छिबरामऊ नगर के पश्चिमी बाईपास पर ग्राम वासियों व उनके शुभचिंतकों ने उनको फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

## दुकानदार को नकली चांदी देकर रुपए ले उड़े टप्पेबाज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात टप्पेबाजों द्वारा सर्राफ व्यवसाई को नकली चांदी की चूड़ियां देकर हजारों रुपए लेकर भाग गए। पीडित दुकानदार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी अमित कुमार पुत्र अरुणेश चंद्र द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 10 से 11 सितंबर के बीच उसकी दुकान पर आये अज्ञात व्यक्तियों द्वारा नकली चांदी की 161 ग्राम व 122 ग्राम की चूड़ियां देकर 9500 रुपये लेकर भाग गए।

# बेला एवं गुलाब के रोपण में करें तकनीक का प्रयोगः डॉ. अमर सिंह



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**

**कृषि विज्ञान** केंद्र अनौगी द्वारा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम बसीरापुर भाट में बेला एवं गुलाब की रोपण तकनीक विषय पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें केंद्र के उद्यान वैज्ञानिक डॉ अमर सिंह ने बताया कि बेला एवं गुलाब की रोपण तकनीक पर बेला की प्रजातियाँ- मोगरा सिंगल, मोगरा डबल, मदनवान,राम बनाम, गुड्डू माली इत्यादि एवं गुलाब की प्रजातियां चींनिया, कलकतिया (लोकल प्रजातियां) एवं दमिश्क गुलाब की प्रजातियां नूरजहां, रानी साहिबा के प्रयोग की सलाह दी। गढ़ों की खुदाई हेतु लगभग 50 सें0मी0 गहरा 50 सें0मी0 लंबा 50 से0मी0 चौड़ा गड्ढे रखने की सलाह दी तथा ऊपर की आधी मिट्टी एक तरफ नीचे की आधी मिट्टी एक तरफ रखें प्रति गड्ढे में 7 से 8 किलो सड़ी गोबर की खाद 100 ग्राम नीम की खली 250 ग्राम सिंगल सुपर फास्फेट इन सभी को आधा-आधा दोनों मिट्टी में मिलाकर जो मिट्टी पहले निकाली थी। उसे नीचे रखें जो मिट्टी बाद में निकली उसे ऊपर रखते हुए गड्ढे को भर दें। उसके बाद पानी लगा दें जिस की मिट्टी बैठ जाए आपस में ठीक से मिल जाए उसके बाद पौधों का रोपण कार्य करें। किसान भाई बेला के लिये लाइन से लाइन एवं पौधे से पौधे के बीच की दूरी 2 से 2.5 मी0 रखे एवं गुलाब के लिये लाइन से लाइन एवं पौधे से पौधे के बीच की दूरी 1 से 1.5 मी0 रखकर पौध रोपण करने की सलाह दी। इस प्रशिक्षण कार्य में केंद्र के अनिल कुमार का सहयोग रहा।

भक्ती

## श्याम बंसी बजाते हो या मुझे बुलाते हो...

# सुन गणपति बप्पा मोरिया परेशान करे मुझे छोरिया

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



**जय बालाजी** सेवा समिति इंदिरा आवास कॉलोनी फर्रुखाबाद रोड छिबरामऊ कन्नौज द्वारा आयोजित श्री गणेश महोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आए पूर्व चेयरमैन राजीव दुबे ने भगवान श्री गणेश जी की आरती उतारी उसके बाद समिति के पदाधिकारी ने मुख्य अतिथि राजीव दुबे को अंग वस्त्र भेंट किये राजीव दुबे ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि मुझे बहुत खुशी है की जय बालाजी सेवा समिति के अध्यक्ष सर्वेश कुमार तिवारी निरंतर इस बार 10 वर्ष पूरे करते हुए इस आयोजन को संचालित कर रहे हैं जो बहुत बड़े गर्व और सौभाग्य की बात है मुझे बहुत खुशी है की जय बालाजी सेवा समिति द्वारा संचालित भगवान श्री गणेश जी की आरती करने का अवसर मिलता है। ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में धर्म के प्रति जागृति पैदा होती है हमें इस प्रकार के आयोजनों में अधिक से अधिक बढ़-चढ़कर सहयोग करना चाहिए तथा मेरी जरूरत जब भी पड़े में सभी की सेवा को हर समय तैयार हूं तथा उन्होंने एक भजन भी सुनाया। हरे राम हरे रामा रामा रामा हरे हरे हरे कृष्णा हरे कृष्णा कृष्णा कृष्णा हरे हरेसभी दर्शकों ने उनके भजन पर तालियां बजाई उसके बाद छोटे-छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मचा दी सबसे पहले यशिका रानी तिवारी तथा असकान ने एक भक्ति गीत श्याम बंसी बजाते हो या मुझे बुलाते हो नामक गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया तथा दर्शकों की खूब तालियां बटोरी उसके बाद भक्त के रूप में सजे दशरथ श्रीवास्तव तथा श्री कृष्ण के रूप में सजी यशिका रानी तिवारी ने भक्त के बस में तथा संचालन दशरथ श्रीवास्तव ने किया बाहर से आए अतिथियों को जय बालाजी सेवा समिति फर्रुखाबाद रोड छिबरामऊ के पदाधिकारियों ने अंग वस्त्र भेंट किये इस अवसर पर मनु गुप्ता अनामिका अग्रवाल हिरदेश अग्रवाल पवन गुप्ता पुष्पा देवी सुभाष चंद्र गुप्ता रेनू यादव स्वीटी गुड़िया रीना ज्योति प्रवेश दीक्षित शिवानी अरोरा शीला गुप्ता रीना गुप्ता अमित चौहान सुंदरी चौहान आशा चौहान शिवम शर्मा जीतू शर्मा आरती दीक्षित प्रिया सविता सीता कश्यप पायल हरिओम मिश्रा राजू गुप्ता दशरथ श्रीवास्तव रजनी सक्सेना मीना मिश्रा गीता कश्यप प्रीति सक्सेना प्रतीक सक्सेना प्रतीक गुप्ता पवन अमन शर्मा पप्पू शर्मा गंगाराम गुप्ता प्रवेश सक्सेना प्रत्येक सक्सेना पिंटू सक्सेना बबली सक्सेना अनामिका तिवारी यश तिवारी यशिका रानी तिवारी स्पर्श तिवारी लाला घनश्याम दास अनु सविता आयुष श्रीवास्तव बबलू श्रीवास्तव विभु कृष्णा गौरव गुड्डू खान ऋषि आशु आदि लोगों का विशेष सहयोग रहा।






# लोक अदालत में 174184 मामले निस्तारित कर 59466098 रुपये की वसूली गयी धनराशि

**जिला जज व अन्य न्यायिक अधिकारियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया शुभारंभ**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**राष्ट्रीय लोक** अदालत का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश विनय कुमार तृतीय तथा अशोक कुमार प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय अध्यक्ष बार एसोसिएशन जवाहर सिंह गंगवार एवं अन्य न्यायिक अधिकारीगण द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित व माल्यार्पण कर किया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद के विभिन्न बैंक, विद्युत विभाग, नगर पालिका परिषद एवं अन्य प्रशासनिक विभागों द्वारा अपने-अपने स्टाल लगाकर संबंधित पक्षकारों के समक्ष उनकी सहमति के आधार पर सुलह सन्धि कराते हुए मामलों का निस्तारण किया गया। 148 बैंक वसूली से संबंधित मामलों को निस्तारित कर 22076780 रुपये की वसूली धनराशि बैकों द्वारा प्राप्त की गयी। 41555 विद्युत बिल संबंधी मामलों का निस्तारण किया गया। अशोक कुमार प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय एवं अंजू कम्बोज अपर प्रधान न्यायाधीश द्वारा कुल 21 पारिवारिक /वैवाहिक वादों का निस्तारण किया गया। इसमें से सुलह समझौते के आधार पर 07 पति पत्नी को एक साथ रहने के लिए विदा किया गया। पीठासीन अधिकारी मोटर वाहन दुर्घटना प्रतिकर अधिनियम सन्तोष कुमार तिवारी द्वारा 39 वादों का निस्तारण कर 12253000/- धनराशि प्राप्त करायी गयी। नरेश कुमार अध्यक्ष जिला उपभोक्ता फर्रुखाबाद द्वारा अपने न्यायालय के 33 मामले निस्तारण कर रुपया 1114555/- की धनराशि एवार्ड की गयी। राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद के विभिन्न न्यायालयों/ विभागों/ कार्यालयों द्वारा अलग-अलग मामले चिंहित कर निस्तारित किये गये। कुल लम्बित 6074 मामलों में से 3809 तथा प्री-लिटिगेशन 170753 मामलों में से 170375 मामले निस्तारित किये गये। इस प्रकार कुल 176827 मामलों में से 174184 मामलों का निस्तारण कर 59466098/- रुपये धनराशि जमा करायी गयी। सभी विभागों एवं अधिकारियों के सहयोग से लक्ष्य से अधिक मुकदमों का निस्तारण किया गया है। राष्ट्रीय लोक अदालत में शैली राय अपर जिला जज प्रथम, अभिनितम उपाध्याय एस0सी0/ एस0टी0 एक्ट/ विशेष न्यायाधीश/ नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, शैलेंद्र सचान न्यायाधीश/ डकैती, डॉ0 अनिल कुमार सिंह विशेष न्यायाधीश ई.सी.एक्ट, राकेश कुमार सिंह अपर जिला जज/पॉक्सो एक्ट, रितिका त्यागी अपर जिला जज कक्ष संख्या-5, अंकित मित्तल अपर जिला जज कक्ष संख्या-7, दीपेंद्र कुमार सिंह अपर जिला जज कक्ष संख्या-8, मैराज अहमद अपर जिला जज कक्ष संख्या-9, संदीप तिवारी अपर जिला जज/त्वरित न्यायालय प्रथम, अंजू कम्बोज अपर प्रधान न्यायाधीश, घनश्याम शुक्ला मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रीतिमाला चतुर्वेदी सिविल जज व0प्र0, नीरज सरोज अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रियंका गांधी सिविल जज व0प्र0 (एफटीसी), जयवीर सिंह सिविल जज व0प्र0/ एसीजेएम/ एफटीसी, विजय रतन गौतम ग्राम न्यायालय अमृतपुर, ओमश्री चौरसिया सिविल जज जू0डि0 सिटी आदि न्यायिक अधिकारीगण मौजूद रहे।


लोक अदालत का निरीक्षण करते जिला जज — समृद्धि न्यूज

# क्षेत्राधिकारी की मौजूदगी में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**सभी से त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील**

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

**रामलीला तथा** बाराबफात के त्योहारों को शांतिपूर्ण माहौल में मनाये जाने के लिए क्षेत्राधिकारी कायमगंज के नेतृत्व में शमशाबाद थाने में व्यापार मंडल तथा समाजसेवी, जनप्रतिनिधियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में दोनों समुदाय के लोगों से शान्ति के माहौल में त्योहार मनाए जाने की अपील की।

जानकारी के अनुसार जहां एक ओर रामलीला कमेटी के बैनर तले रामलीला की तैयारियां की जा रही हैं। वहीं दूसरी ओर मुस्लिम समाज में भी बाराबफात का त्योहार खुशियों के माहौल में मनाए जाने की जोरदार तैयारियां शुरू हो गई हैं। त्योहारों को खुशियों के माहौल में मनाए जाने के लिए शनिवार को शमशाबाद थाने में क्षेत्राधिकारी कायमगंज के नेतृत्व में शांत कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में नगर के सभ्रांत लोगों, समाजसेवी, जनप्रतिनिधियों तथा व्यापार मंडल के नेताओं ने भाग लिया। बैठक में क्षेत्राधिकारी ने सभी लोगों से धार्मिक त्योहारों को खुशियों के माहौल में मनाए जाने की अपील करते हुए कहा शमशाबाद नगर क्षेत्र की मिशाल है यहां जो भी त्योहार मनाए जाते वह दोनों समुदाय के लोगों के सहयोग से मनाए जाते हैं। उन्होंने कहा धार्मिक त्योहारों को खुशियों के माहौल में मनाए जाने के दौरान कुछ अराजकतत्व माहौल बिगाड़ने का प्रयास करते हैं अथवा अराजकता के जरिए विघ्न डालने की कोशिश करते हैं। ऐसे लोगों पर नजर रखी जाए। त्योहारों के बीच शरारतीतत्व विघ्न डालने की कोशिश करें, तो तत्काल पुलिस को सूचना दी जाए। क्षेत्राधिकारी ने उपस्थित लोगों से सुझाव भी मांगे। बैठक में जिम्मेदार लोगों ने क्षेत्राधिकारी कायमगंज के व्यक्तित्व की प्रशंसा की। बैठक में भाकियू अराजनैतिक गुट के जिला महासचिव एवं व्यापार मंडल शमसाबाद के नगर अध्यक्ष संजय गंगवार, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अवधेश पांडे, मुफ्ती मोहम्मद जफर अहमद काश्मी, खुशहाल मियां, राकेश गुप्ता, कन्हैया भारद्वाज, सलमान अहमद, राजू भारद्वाज, श्रीसिद्धिविनायक कमेटी शमशाबाद के अध्यक्ष योगराज सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


पीस कमेटी की बैठक लेते क्षेत्राधिकारी — समृद्धि न्यूज

# जिलाधिकारी व उप जिलाधिकारी ने किया भगवान गणेश का पूजन

कमालगंज, समृद्धि न्यूज

**कमालगंज में** चल रहे ग्यारह दिवसीय गणेश महोत्सव कार्यक्रम में आला अधिकारियों ने पहुंचकर भाग लिया और पूजा अर्चना कर आरती की। जानकारी के अनुसार कमालगंज नगर में प्रेम पुष्प गेस्ट हाउस के समीप चल रहे गणेश महोत्सव कार्यक्रम में शनिवार को जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह, उप जिलाधिकारी रजनीकांत सहित अंडर ट्रेनिंग मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह तथा एसडीएम ट्रेनिंग निशीत राज सहित सभी अधिकारियों ने भगवान गणेश का विधिवत पूजन करवाया। आचार्य सोहित कुमार व्यास तथा सभी आचार्यों ने वेद मत्रों से भगवान गणेश का पूजन व दीप प्रज्वलन करके आरती की। इसके बाद सभी को भगवान गणेश का प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर गणेश महोत्सव के अध्यक्ष अमित कुमार ने सभी को गणेश प्रतिमा देकर व अंग वस्त्र ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष केशव चंद्र गुप्ता, गणेश सेवा समिति के अध्यक्ष अमित गुप्ता, आचार्य सोहित कुमार व्यास, आचार्य लक्ष्मीकांत व अन्य पुजारीगण सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


पूजा अर्चना करते जिलाधिकारी

# भैंस चोरी करके ले गए चोर, पुलिस को दी तहरीर

कमालगंज, समृद्धि न्यूज

**कमालगंज थाना** क्षेत्र के गांव टाडा बहरामपुर निवासी अरुण कुमार पुत्र वेदराम ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि कल रात 11.00 बजे लगभग हम लोग सो रहे थे। उसी समय गांव में कुछ अज्ञात लोग पिकअप गाड़ी लेकर आए और मेरे घर के बाहर बंधी भैंस को चोरी करके पिकअप में भरकर ले गए। आहट मिलने पर मेरा छोटा भाई अनूप उठा। उसने देखा कि कुछ लोग भैंस को चोरी करके ले जा रहे हैं, तो वह चिल्लाते हुए उनके पीछे भागा। जिस पर अज्ञात बदमाशों ने बोला इसको गोली मार दो। उसकी बात सुनकर मेरा भाई रुक गया और हम लोग जब तक भागकर पहुंचे तब तक वह पिकअप भगा ले गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने कहा कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# मुसीबत बनकर आयी बरसात, कई आशियाने हुए जमींदोज

कमालगंज/नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

**बीते दिन** हुई लगातार वारिश से घरगिरी की घटनाओं में तेजी आयी है। कमालगंज क्षेत्र में शनिवार को कई कच्चे मकान जमींदोज हो गये। इसमें ग्रामीणों का गृहस्थी का सामान दब गया।

जानकारी के अनुसार बीते दिन हुई भारी वारिश के चलते ग्रामीण क्षेत्रों की काफी मुश्किलें बढ़ गयी हैं, क्योंकि घरगिरी की घटनाओं में तेजी से इजाफा हुआ है। कमालगंज की बात करें, तो अब तक लगभग तीन दर्जन से अधिक मकान गिर चुके हैं। जिससे लोगों के सामने रहने का संकट खड़ा हो गया है। लोगों ने प्रशासन से आवास मुहैया कराये जाने की मांग की है। ग्राम पंचायत अमानाबाद में विकार अहमद तथा साजिद का कच्चा मकान शनिवार सुबह ही गिर पड़ा। खास बात तो यह रही कि उसमें कुछ भी खास सामान नहीं रखा था। जिसके चलते कोई नुकसान नहीं हुआ। वहीं ग्राम पंचायत फतेहपुर राव साहब में वीना पत्नी प्रेमचंद, राम तीरथ पुत्र कालीचरन का भी मकान गिर गया। ग्राम पंचायत बझेरा मलिकपट्टी में मनोरमा पत्नी मूलचंद, शीतल पत्नी शैलेश, मंगली पत्नी श्रीनाथ, लक्ष्मी पत्नी बलबीर तथा रीता आदि के मकान बरसात में गिर गए। जिसमें थोड़ा बहुत सामान रखा था जैसे खटिया, भूसा, चूल्हा बर्तन आदि सामान दब गया। कोई जान माल की हानि नहीं हुई। इसी क्रम में राठौर मोहिउद्दीनपुर में प्रेमलता पत्नी रिंकू, सविता पत्नी धर्मेंद्र आदि के कच्चे मकान गिर गए। वहीं ग्राम पंचायत भटपुरा क्षेत्र के आजाद नगर में कुरेशा पत्नी सलीम, साहिबुन पत्नी सद्दाख, फूलबानो पत्नी शकील, खातून पत्नी एजाज, कुरेश पत्नी चांद बाबू, हलीमा पत्नी अकील के कल शाम को मकान गिर गे। अच्छी बात यह रही की छुटपुट नुकसान के अलावा जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। इसके बाद सभी ग्राम प्रधानों ने अपने-अपने क्षेत्र में निकालकर लोगों की सहायता की तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभ दिलाए जाने की बात कही। वहीं घटना से संबंधित लेखपाल, कानून आदि अधिकारियों को घटना से अवगत कराया गया। पीड़ित परिवारों ने सरकार से जल्द ही आवास उपलब्ध कराए जाने की गुहार लगाई है।

नवाबगंज प्रतिनिधि के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव सिरमौर बांगर निवासी राजेंद्र सिंह जाटव का गांव में ही कच्चा घर बना हुआ है। जिसमें वह अपने मवेशी बांधने तथा उनके चारे की व्यवस्था रखते हैं। इसके अलावा इसमें भूसा भी बरा हुआ है। बीते दिन उपरोक्त कच्चा घर गिर गया, लेकिन अच्छी बात यह रही कि घर गिरने से कोई भी अनहोनी घटना नहीं घटी। जिसकी सूचना पीड़ित राजेंद्र सिंह ने राजस्व कर्मियों को दी। लेखपाल ने थाना समाधान दिवस में मिली सूचना पर जांच पड़ताल करने की कहकर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को देने की बात कही।


कमालगंज व नवाबगंज में गिरे कच्चे मकान — समृद्धि न्यूज

## खबरें चलते-चलते

### गड्ढे में भरे पानी में उतराता मिला नवजात बालिका का शव

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** खड्ड में भरे पानी में नवजात बालिका का शव उतराता मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। मौके पर ग्रामीणों की काफी भीड़ लग गयी। पुलिस मामले की जांच पड़ताल मे जुट गयी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के नवाबगंज-बवना मार्ग पर स्थित एक महाविद्यालय के निकट शनिवार को सुबह कस्बा निवासी विमल गुप्ता अपने खेत में खड़ी धान की फसल देखने पहुंचे, तो उन्हेंने अपने खेत के किनारे खड्ड में भरे पानी में नवजात का शव उतराता देखा। उन्होंने इसकी सूचना थाना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष बलराज भाटी, कस्बा इंचार्ज गिरीश कुमार और बवना चौकी इंचार्ज योगेश श्रीवास्तव घटनास्थल पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। शव पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया, तो पता चला कि शव किसी नवजात बालिका का है। उसकी नाभि में चिमटी लगी हुई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया शव पर मिट्टी लगी हुई है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि नवजात के शव को दफनाया गया हो। बरसात में पानी भरने के कारण ऊपर आ गया हो। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ट्रैक्टर से कुचलकर बाइक सवार महिला की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** खाद लेकर जा रहे ट्रैक्टर से कुचलकर बिक्की सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसरा थाना कादरीगेट के दीनदयाल बाग निवासी 50 वर्षीय रूपरानी वर्मा अपने पति रामदास के साथ राजेपुर दवा लेने गयी थी। वहां से वह अपने पति के साथ बिक्की पर सवार होकर लौट रहीं थी। उसी दौरान जमापुर के निकट सामने से आ रहे खाद से लदे ट्रैक्टर ने अनियंत्रित होकर बिक्की सवार महिला रूपरानी को कुचल दिया। जिससे वह टायर के नीचे आ गयीं और उसकी कुचलकर मौत हो गयी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटना के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक राजेपुर योगेन्द्र कुमार सोलंकी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव को ट्रैक्टर के नीचे से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार सोलंकी ने बताया कि ट्रैक्टर को कब्जे में लिया गया है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

### बुखार से पीड़ित बालक की मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** बुखार से पीड़ित चल रहे बालक को परिजन सीएचसी में लेकर पहुंचे। जहां डियूटी पर तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव शाहपुर गंगपुर निवासी अमित कुमार पाल उम्र 11 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार पाल जो की शारदा वीरेन्द्र पांचाल शिक्षा संस्थान कम्पिल मे कक्षा 4 का छात्र था। बीते दिन उसे बुखार आया। परिजन प्राइवेट चिकित्सक के यहाँ से दवा लेकर आये। शनिवार को उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन आनन-फानन में कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहां ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डाक्टर जितेन्द्र कुमार ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही मृतक की बड़ी बहन राजमाला, भाई मुनेन्द्र सहित मां हेमवती का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

### शशांक यादव बने भाकियू क्रांति के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज की ग्राम पंचायत बलीपुर के पूर्व प्रधान उदय प्रताप सिंह के पुत्र शशांक यादव को भारतीय किसान यूनियन क्रांति के प्रदेश अध्यक्ष चंदन यादव के द्वारा वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। शशांक ने बताया भारतीय किसान यूनियन क्रांति किसानों, मजदूरों के लिए एक नई क्रांति लेकर आएगी। अब कोई उनकी आवाज को दबा नहीं सकता। किसानों के लिए सड़क पर इंकलाबी संघर्ष किया जाएगा। किसानों के हक अधिकार दिलाने के लिए दिन-रात काम करेंगे। वहीं बालीपुर नवाबगंज, अचरा, नहरोसा आदि गांव में शशांक के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर लोगों ने लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया।

### बाइक से गिरकर महिला घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव ज्योना निवासी सुदामा देवी उम्र 40 वर्षीय पत्नी सनोज कुमार गाँव के अवनीश पुत्र विनोद कुमार के साथ बाइक द्वारा बेटी सुधा की दवा लेने सिकन्दरपुर छितमा थाना कम्पिल जा रहे थे। जैसे ही वह पितौरा क्रासिंग के निकट पहुँचे, तभी सुदामा देवी चलती बाइक से नीचे गिरकर घायल हो गई। वही जनपद एटा के थाना राजा का रामपुर क्षेत्र के गॉव कैला निवासी विमल कुमार उम्र 30 वर्षीय पुत्र रामौतार बाइक द्वारा कायमगंज की ओर आ रहा था। रास्ते मे मार्ग दुघर्टना मे घायल हो गया। आनन-फानन मे राहगीरो की मदद से दोनो घायलो को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया।

### अपहरण की सत्यता की जांच करने में जुटी पुलिस

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव चुनूपुर गढ़िया निवासी संदीप पाल ने गांव के अनिल बाथम के खिलाफभाई के अपहरण की तहरीर थाने मे देते हुए बताया कि 10 मार्च 2024 की सायं 5 बजे मेरा भाई दिनेश 50 वर्ष भैस चराने अनिल बाथम की मक्का के खेत की तरफ गया था, तभी पीछे से अनिल ने धक्का देकर मक्का खेत किनारे गिरा दिया और खींचकर मक्का के खेत मे ले जाकर मुंह बन्द करते हुए हाथ पैर बांध दिये। हम खेतो और आसपास खोजते रहे। रिश्तेदारियों मे खोजा, पर कही पता नही चला। दूसरे दिन कुछ लोगों ने मक्का के खेत से कराहने की आवाज सुनी, तो भाई को बंधा पड़ा देखकर हमें खबर की,तो मैने भाई को बन्धन मुक्त कर घर लाये। 112 पुलिस को खबर की, तो वह जांच कर वापस लौट गई। तब से भाई का इलाज लोहिया अस्पताल मे चल रहा है।

# हिन्दी दिवस पर हिन्दी के महत्व एवं उपयोग पर डाला गया प्रकाश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**कृष्णा देवी** पी0जी0 महाविद्यालय में हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हिन्दी भाषा के महत्व एवं उपयोग के बारे में बताया गया। जानकारी के अनुसार आवास विकास स्थित कृष्णा देवी पी0जी0 महाविद्यालय में हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही उसके अधिकारिक प्रयोग पर बल दिया गया। प्रशासनिक अधिकारी अरिमर्दन सिंह ने उसे संस्कृत से उत्पन्न बताकर उसके शुद्ध व तत्सममयी रुप के उपयोग पर बल दिया। प्राचार्य प्रेमलता ने हिन्दी को अति सहज सरल बताकर उसे सम्मान देने व उसे प्रयोग करने पर प्रकाश डाला। अनुराग यादव ने हिन्दी भाषा के दैनिक प्रयोग करने पर बल दिया और हिन्दी भाषा उपयोग को लज्जा का नहीं अपितु सम्मान की बात बताया। रेजीना ने अन्तर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय हिन्दी दिवस की अलग-अलग तिथियाँ 10 जनवरी व 14 सितंबर से बच्चों को अवगत कराया तथा सरकारी नीति कि 1 से 5 तक के बच्चे शनिवार को स्कूल बस्ता लेकर नहीं जायेंगे। अपितु वहां पर अध्यापक उन्हें संस्कृति का कार्टून कहानियां आदि दिखाकर संस्कृत का ज्ञान देंगे जिससे आगे चलकर हिन्दी की और उन्नति होगी। छात्राओं ने भी कविता, भाषण, सद्विचार सुनाकर आज के दिन को महत्वपूर्ण बनाया। इस मौके पर प्राचार्या व समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद प्राचार्या, शिक्षकगण व छात्रायें

### पुलिस ने चोर को दबोचा

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर नगर के मोहल्ला पट्टी निवासी सुभाष को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में युवक ने बताया कि वह नशे का आदी है। रुपए न होने पर उसने शुक्रवार देर रात मोहल्ले के मंदिर से दानपात्र को तोड़कर उसमें रखे रुपए चोरी कर लिए। मंदिर से निकलते समय मोहल्ले के ही राजेश शर्मा ने उसे देख लिया। राजेश ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की। तहरीर के आधार पर आरोपित के खिलाफ देर रात चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया।

# हिंदी भाषा में सभी भावों को भरने की अद्भुत क्षमता है.....

प्रस्तुति- लक्ष्मीकान्त भारद्वाज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रभाषा हिन्दी के प्रेमी आज भी हिन्दी बोलते हैं। अंग्रेजी भाषा को लोगों ने इतना बढ़ावा दे दिया कि अपनी मात्र भाषा को भूलने लगे हैं, जबकि प्रारम्भिक शिक्षा के बाद उच्च शिक्षा में सभी भाषाओं को पढ़ाया जाता है। इंग्लिश मीडियम पद्धति के कारण मातृ भाषा को कमजोर किया गया है। अभी भी समय है कि हम लोग अपनी मातृ भाषा को प्रयोग व उपयोग करें और जन-जन तक इस भाषा को पहुंचायें। हिन्दी भाषा में सभी भावों भरने की अद्भुत क्षमता है। भाषा हमने सारी सीखी, पर हिन्दी जैसी बात नहीं। संस्कृत से संस्कृति मिली, हिन्दी से हिन्दुस्तान, पर आज अंग्रेजी के चक्कर में हम भूल गये अपनी पहचान, स्वामी विवेकानन्द ने अपनी मातृ भाषा के विषय में एक अमेरिकन से कहा था कि हमें हिन्दी भाषा पर गर्व है और उनके उद्बोधन के दौरान अमेरिका में उनके सम्मान में मंच तक हिल उठा।

**हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में विशेष साक्षात्कार**

### हिन्दी भाषा को उचित सम्मान मिलेः डा0 शालिनी


डा0 शालिनी

मान्यवर काशीराम महाविद्यालय की शिक्षिका डा0 शालिनी ने बताया कि हिन्दी भाषा को उचित सम्मान मिले। देश के महान कवियों मैथली शरण गुप्त, महादेवी वर्मा ने हिन्दी भाषा के उत्थान के लिए सराहनीय प्रयास किये। डाकघर, बैंकों व एलआईसी व शैक्षिक संस्थानों में हिन्दी पखवाड़ा बड़े जोर शोर से मनाया जाता है, आज भी खाता खोलने बैंकों में जाओं तो अंग्रेजी के फार्म दिये जाते है।

### हिन्दी के प्रचार प्रसार के लिए सरकार ठोस कदम उठायेः संतोष गुप्ता


संतोष गुप्ता, प्रधानाध्यापक

प्रा0वि0 अलीगढ़ के प्रधानाध्यापक संतोष गुप्ता ने बताया कि सरकार हिन्दी भाषा का उत्थान करें, प्रचार-प्रसार के लिए ठोस कदम उठाये। हमें गर्व है कि किंग जार्ज मेडिकल कालेज के डा0 सूर्यकान्त त्रिपाठी ने चिकित्सा के क्षेत्र में पहली बार हिन्दी भाषा में शोध लिखा, जो इतिहास के पन्नों में दर्ज है।हम लोग मिलकर हर क्षेत्र में हिन्दी भाषा का प्रयोग करें, जिससे हिन्दी भाषा को राष्ट्र भाषा का दर्जा मिले।

### हिन्दी भाषा संस्कृति व सम्मान से ओतप्रोत हैः भूपेश प्रकाश पाठक


भूपेश प्रकाश पाठक

उत्तर प्रादेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष व अध्यापक भूपेश प्रकाश पाठक ने बताया कि संस्कृति और संस्कार से हिन्दी भाषा ओतप्रोत है। इसकी विशिष्ठता के लिए हम लोग जाने जाते हैं। हिन्दी भाषा का विदेशों में भी डंका है। राष्ट्र भाषा हिन्दी के विकास में हम लोग अपना अहम योगदान दें, जिससे देश से लेकर विदेशों में भी हिन्दी भाषा का लोहा मानवाया जा सके।

### हम सब मिलकर मातृ भाषा हिन्दी को बढ़ावा देंः आदेश अवस्थी


सहायक अध्यापक आदेश अवस्थी

कम्पोजिट विद्यालय अरियारा के सहायक अध्यापक व संस्कार भारती के सह विभाग संयोजक आदेश अवस्थी ने बताया कि हमें गर्व है कि हिन्दी भाषा मेरी मातृ भाषा है। हम हिन्दी का सम्मान करते है। मैं सभी लोगों से अपील करता हूं कि अपने द्वारा लेखन कार्य में हिन्दी का ही प्रयोग करें, जिससे हिन्दी का प्रचार-प्रसार बढ़े और हमें अपनी राज भाषा कहने में गर्व बना रहे।

# हिन्दी दिवस पर भारती मिश्रा की पुस्तक कर्मक्षेत्रे का हुआ विमोचन

▸ विद्यार्थियों का हिन्दी के प्रति लगाव कम होना चिंतनीय: डा. शिवओम अम्बर




पुस्तक का विमोचन करते अतिथिगण — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**हिन्दी दिवस** के तत्वाधान में अभिव्यंजना संस्था द्वारा एनएकेपी महिला महाविद्यालय में विचार गोष्ठी व काव्यांजलि का आयोजन हुआ। आयोजक भूपेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आज हिंदी को संविधान सभा में अपनाए जाने को लेकर 75 वर्ष पूर्ण हुए और इसलिए आज हिंदी का अमृत महोत्सव है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्योति स्वरूप अग्निहोत्री ने की। भारती मिश्रा की पुस्तक कर्मक्षेत्रे (संकल्प से लेकर लक्ष्य तक) का लोकार्पण किया गया। यह पुस्तक डॉ0 राजेन्द्र पैंसिया आईएएस मुख्य विकास अधिकारी के फर्रुखाबाद के कार्यकाल पर लिखी गई है। डॉ0 शिवओम अम्बर ने कहा कि आज विद्यार्थियों का हिन्दी के प्रति जो लगाव कम होता जा रहा है यह दशा अत्यंत चिंतनीय है। उन्होंने कहा कि कम से कम कार्यक्रमों में तो अधिक से अधिक लोगों को विचार सुनना चाहिए। हिन्दी को आज की स्थिति में लाने के लिए कितना संघर्ष करना पड़ा, यह जानना जरूरी है। डॉ0 राजकुमार सिंह ने कहा कि आज 60 करोड़ से ज्यादा लोग विश्व भर में हिन्दी बोल रहे हैं और डेढ़ सौ से अधिक विश्वविद्यालय में हिन्दी पढ़ाई जा रही है। कॉलेज की प्राचार्या डॉ0 शशि किरण सिंह ने कहा कि हमें हिन्दी बोलने में संकोच नहीं करना चाहिए। डा0 रजनी सरीन ने कहा महादेवी वर्मा छायावाद की बड़ी कवियत्री होते हुए नारी शिक्षा और नारी सम्मान की बड़ी पक्षधर थी। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में भी भाग लिया। नारी को सशक्त बनना है, परन्तु अपनी शालीनता और गरिमा नहीं भूलनी चाहिए। उन्होंने प्रतिवर्ष हिंदी में सर्वोच्च अंक लाने वाली छात्राओं को अभिव्यंजना की ओर से सम्मानित करने और पुरस्कार देने की घोषणा की। डॉ0 हरिदत्त द्विवेदी ने सभी का आभार व्यक्त किया। डॉ0 गरिमा पाण्डेय, गीता भारद्वाज, स्मृति अग्निहोत्री, राममोहन शुक्ल, रामावतार शर्मा इन्दु ने काव्यपाठ किया। भारती मिश्र ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर कृष्णकांत त्रिपाठी अक्षर, सुरेन्द्र पाण्डेय, अनिल प्रताप सिंह, सूक्ष्मा पांडेय सहित बड़ी संख्या छात्रायें उपस्थिति रही।

# स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत एनसीसी कैडेट्सों ने किया श्रमदान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**




स्वच्छता अभियान में भाग लेत एनसीसी कैडेट्स — समृद्धि न्यूज

**2यूपी बटालियन** एनसीसी फतेहगढ़ के कैडेट्स ने जिला सैनिक पुनर्वास केंद्र पर स्थित शहीद स्मारक पर स्वच्छता अभियान चलाया। 12 यूपी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल अमरजीत सिंह मलिक के दिशा निर्देशन में 1 सितंबर से 15 सितंबर तक चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत एमआईसी प्रधानाचार्य लेफ्टि0 गिरिजाशंकर द्वारा एनसीसी कैडेट्स से स्वच्छता अभियान चलाया गया। कर्नल अमरजीत सिंह मलिक के आदेश अनुसार चलने वाले स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत कैडेट्सों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य ले0 गिरिजाशंकर द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर, किला घाट पर, विद्यालय में तथा शहीदों की प्रतिमाओं व स्मारकों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। 15 सितंबर को पखवाड़ा का समापन होगा। पखवाड़े के अंतिम दिवस सोल्जर बोर्ड स्थित शहीद स्मारक पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्मारक पर पड़े कूड़े को एनसीसी कैडेट्स द्वारा साफ किया गया। प्रधानाचार्य ले0 गिरिजाशंकर ने स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सोल्जर बोर्ड के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रवीन्द्र सिंह तथा हवलदार रामवीर सिंह उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### टेबल टेनिस टूर्नामेंट क्लस्टर-4 का ब्रिगेडियर ने किया शुभारम्भ



दीप प्रज्वलित करते ब्रिगेडियर मनीष जैन

▸ मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को दिलायी शपथ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में चल रहे सी0बी0एस0ई द्वारा आयोजित तीन दिवसीय टेबल टेनिस टूर्नामेंट क्लस्टर-4 के दूसरे दिन मुख्य अतिथि सिख लाइट रेजीमेंट के ब्रिगेडियर मनीष जैन ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन तथा झंडारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य डॉ0 लकी चावला ने पौधा भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा मंचसीन अतिथिगणों को बैच लगाकर सम्मानित किया। छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विभिन्न जिलों से आए हुए प्रतिभागी तथा उनके खेल शिक्षक उपस्थित रहें। मुख्य अतिथि ने टेबल टेनिस टूर्नामेंट प्रतियोगिता में शामिल होने वाले अंडर-14, अंडर-17 तथा अंडर-19 बालक एवं बालिकाओं को खेलों का महत्व बताते हुए शपथ ग्रहण करवाई तथा उनका उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य ने विद्यालय की आख्या प्रस्तुत की। निदेशक राजीव मोहन पांडे ने सी0बी0एस0ई पर्यवेक्षक पीयूष त्रिपाठी, टी0टी फेडरेशन संजय टंडन एवं मोहन लाल अग्रवाल को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। प्रबंधक प्रमोद कुमार अग्रवाल ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर चेयरमैन सत्य मोहन पांडे, प्रबंधक विनोद कुमार अग्रवाल, शैक्षिक निदेशक कन्हैया तिवारी, संदीप मोहन पांडे के अलावा शिक्षक-शिक्षिकायें मौजूद रही।

### काकुत्स्थ महासभा के स्थापना दिवस पर सम्मेलन आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** काकुत्स्थ विकास महासभा का स्थापना दिवस एवं जिला सम्मेलन 15 सितम्बर रविवार को निसाई स्थित गैस प्लांट के सामने पंचमुखी हनुमान मंदिर पर कार्यक्रम का आयोजन होगा। यह जानकारी जिलाध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद काकुत्स्थ ने दी है।

### गड्ढे में भरे पानी में डूबकर युवक की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शौच करने गये युवक की गड्ढे में भरे बरसात के पानी में डूबकर मौत हो गयी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त अपने पुत्र के रुप में की। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार सोनू पुत्र मुनीराम उम्र 18 साल निवासी मंगलीपुर रूपपुर थाना मऊदरवाजा बीती शाम शौचक्रिया करने के लिए घर से निकाला था, तभी रास्ते में पानी से भरे गड्ढे में गिर गया। जब वह रात 9 बजे तक घर नहीं पहुंचा, तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरु की। दूसरी गांव खन्नी नगला के लोगों ने गड्ढे में उतराता एक युवक का शव देखा। सूचना पाकर मृतक के परिजन भी पहुंच गये। उन्हेंने शव की शिनाख्त अपने पुत्र सोनू के रुप में की। शव देखकर परिजन रोने बिलखने लगे। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### मेड़ काटने का आरोप लगाकर मारापीटा

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगला समई निवासी रंजीत यादव ने गांव के रवी, कौशल, कमलेशस मंशुख यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया है कि 3 सितंबर 2024 की सायं 4.30 बजे मै अपने ट्रैक्टर से अपना खेत जोतने गया था, तभी आरोपियो ने मेड़ काटने का आरोप लगाते हुए मुझे गाली-गलौज करने लगे। मैने उनसे कहा कि मैने मेड़ नही काटी है और आप लोग हमे गाली-गलौज न करिए, तो सभी ने लात-घूंसा, लाठी-डण्डा से मुझे पीट दिया।

### एसडीएम ने सुनीं समस्यायें, पांच का मौके पर हुआ निस्तारण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना समाधान दिवस पर एसडीएम तथा नवागंतुक थाना अध्यक्ष ने जनता की समस्याएं सुनीं। थाना समाधान दिवस के मौके पर नवागंतुक थाना अध्यक्ष बलराज भाटी ने राजस्वकर्मियों के साथ मिलकर जनता की समस्याएं सुनी। जिसमें थाना अध्यक्ष के बताएं अनुसार नौ प्रार्थना पत्र आए। जिसमें पांच प्रार्थना पत्र पुलिस से संबंधित थे। जिन प्रार्थना पत्रों का थानाध्क्ष ने पुलिस मौके पर भेजकर तुरंत ही निस्तारण करवा दिया। बाकी चार प्रार्थना पत्रों पर राजस्व कर्मियों को आदेश किया गया है कि वह पुलिस बल लेकर मौके पर जाकर निस्तारण करायें।

# हिन्दी दिवस पर सीपी इंटरनेशनल स्कूल में संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**




संगोष्ठी में विचार व्यक्त करती शिक्षिका — समृद्धि न्यूज

**सीपी इंटरनेशनल** स्कूल में हिंदी दिवस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। हिंदी शिक्षकों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। निर्देशिका डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल ने अपने संदेश में सभी को हिंदी दिवस की बधाई दी। उपनिदेशिका अंजू राजे ने कहा दूसरी भाषाएं तो संपर्क की भाषाएं हैं, परंतु हिंदी जीवन जीने की कला सिखाती है। प्रधानाचार्य संजय बिष्ट ने बताया कि किसी भी भाषा को पढ़ना अच्छी बात है, परंतु अपनी राजभाषा हिंदी का समुचित ज्ञान होना आवश्यक है, क्योंकि हिंदी व्यवहारिक भाषा है। हेड मिस्ट्रेस संदीपा कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा हिंदी दिवस की बधाई दी। हिंदी प्रवक्ता शिवानी मिश्रा ने अंधा राजा सभा है बहरी किसे सुनाए पीर, कविता के माध्यम से हिंदी की दशा को प्रस्तुत किया। कविता त्रिपाठी ने बताया कि केवल सभा ऑन और आयोजनों से काम नहीं चलेगा, बल्कि हिंदी भाषा को समस्त कार्यों में क्रियान्वयन करना पड़ेगा। श्रवण कुमार मिश्रा ने भारत की परिभाषा हिन्दी कविता के माध्यम से हिंदी की विशेषताओं का वर्णन किया। नंदिता जैन ने आने वाले समय में हिंदी ही राष्ट्र भाषा होनी चाहिए नामक कविता प्रस्तुत की। संगीता मिश्रा ने हिंदी भाषा पर प्रकाश डालते हुए बताया अपनी भाषा से ही वास्तविक विकास संभव है। प्रीती दीक्षित, दीक्षा तिवारी सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# डीएन कालेज में चलाया गया स्वच्छता अभियान




स्वच्छता अभियान में भाग लेते एनसीसी कैडेट्स व शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**दुर्गा नारायण** महाविद्यालय फतेहगढ़ में स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत सफाई अभियान चलाया गया। एनसीसी प्रभारी डा0 सतेन्द्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में कैडेट्सों द्वारा महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर स्थापित सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा की साफ-सफाई की गई। महाविद्यालय के उप प्राचार्य प्रो0 विनोद कुमार तिवारी ने कैडेट्सों को स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर शिक्षक डा0 हरिशिवनाथ गुप्ता, डा0 अजहर जुनैद आलम, डा0 मोहम्मद अमीन, सरस पाठक व समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

# आजादी के 78 साल बाद भी हिन्दी भाषा के साथ दोयम दर्जे का सलूक: राजकिशोर



प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ला

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। आजादी के 78 वर्ष बाद भी हिन्दी भाषा के साथ दोयम दर्जे जैसा सलूक हो रहा है। कायमगंज विकास खण्ड प्राथमिक विद्यालय मदारपुर के प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ला ने हिन्दी दिवस पर कहा कि हिन्दुस्तान में हर वर्ष चौदह सितम्बर को हिन्दी दिवस मनाया जाता है, लेकिन हमारे देश का संविधान आजादी के 78 साल बाद भी हिन्दी भाषा को वह स्थान नहीं दिला पाया जिसकी वह अधिकारी है। आज के दिन हम राष्ट्र भाषा हिन्दी दिवस मनाने का ढोंग तो खूब करते हैं, लेकिन देश की संसद और न्याय पालिका में हिन्दी भाषा बोलने में अपनी तौहीन समझते हैं, यह राष्ट्र भाषा हिन्दी का अपमान नहीं तो और क्या है। सोशल मीडिया में भी अब हिन्दी का चलन खूब बढ़ता जा रहा है। हमारे देश के प्रधानमंत्री भी विदेशों में जाकर हिन्दी में भाषण देकर राष्ट्र भाषा हिन्दी के गौरव को बढ़ावा दे रहे हैं। इसलिए सच्चे अर्थों में हिन्दी को राष्ट्रभाषा का दर्जा तभी मिलेगा जब देश की संसद में, न्याय पालिका में, चिकित्सा और कानून की पढ़ाई हिन्दी भाषा में तथा बैंकिंग आदि की सेवाओं में पूरी तरह हिन्दी भाषा का प्रयोग किया जायेगा।

# हिन्दी दिवस पर कनोडिया बालिका इंटर कालेज में प्रतियोगितायें सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



प्रतियोगिता के दौरान मौजूद छात्रायें व शिक्षिकायें — समृद्धि न्यूज

**मदन मोहन** कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज में हिंदी दिवस के उपलक्ष में विद्यालय की छात्राओं को हिंदी भाषा के महत्व की जानकारी देने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी की अध्यक्षता में प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई। संचालन करते हुए पूनम शुक्ला ने अपने देश की मातृभाषा हिंदी पर गर्व करते हुए कहा कि हिंदी का सम्मान अपने देश में ही नहीं विदेश में भी हो रहा है। यह हम सबको गौरवान्वित करता है। विद्यालय में आयोजित होने वाली सुलेख प्रतियोगिता में शिक्षिका अंजना व वर्षा मिश्रा के नेतृत्व में कक्षा 1 से 5 की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। शिक्षिका सीमा देवी ने कक्षा 6 की छात्राओं के मध्य स्लोगन प्रतियोगिता संपन्न कराई। दर्शना आर्या ने कक्षा 7 की छात्राओं के मध्य कविता पाठ, कुमारी स्मृति दुबे ने कक्षा 8 की छात्राओं के मध्य रचनात्मक लेखन कहानी प्रतियोगिता संपन्न कराई। अर्चना देवी ने कक्षा 9 की छात्राओं के मध्य कवीर व रहीम के दोहे, मंजू व विजयलक्ष्मी ने कक्षा 10 व 12 की छात्राओं के मध्य निबंध प्रतियोगिता संपन्न कराई। कुमारी ताहिरा तथा चेतना कुशवाह ने हिंदी दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किये। इन सभी प्रतियोगिताओं में विजेता छात्राओं को प्रधानाचार्या द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में इंदिरा राठौर, राधा दीक्षित, सुनीता पांडे, अर्चना मिश्रा, दीपा व सीमा तिवारी उपस्थित रही।

# गणेश महोत्सव पर बच्चों ने सांस्कृतिक झांकियां की प्रस्तुत



कान्हां के स्वरुप के साथ झांकी प्रस्तुत करते बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गणेश महोत्सव समारोह के 8वें दिन के कार्यक्रम में बच्चों ने अलग-अलग दिव्य स्वरूपों की झांकियां प्रस्तुत कर भगवान श्रीगणेश की स्तुति की। साथ ही गौरी ने बालकृष्ण मुरली वाले की झांकी प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध किया। वहीं छवि ने मां मंगलागौरी का स्वरूप प्रस्तुत किया। श्रीगणपति की लीलाओं के अन्तर्गत अष्टविनायक भगवान के स्वरूपों के सभी ने दर्शन कर अपने को कृतार्थ किया। सुनील अवस्थी एवं मीना अवस्थी ने बच्चों को उपहार भेंट किये। महिला मण्डल द्वारा भजन, कीर्तन एवं मंगलगीत गाये गये। रिद्धि-सिद्धि के दाता..गजानन्द महाराज पधारो मेरे आंगन में.., सजा दो घर को फूलों से मेरे गणराज पधारे हैं आदि गीतों को प्रस्तुत किया गया। साथ ही सभी मोहल्ले के लोगों ने भगवान की पूजा-अर्चना करके समाज, देश व राष्ट्र की शान्ति के लिये मंगल कामना की। प्रथम पूज्यनीय भगवान श्रीगणेश की महाआरती सुनील अवस्थी एवं मीना अवस्थी ने की। इस अवसर पर अनुराग मिश्रा, अमित शुक्ला, सूरज दीक्षित, नन्हें तिवारी, मनोज दीक्षित, संजू शुक्ला आदि लोग उपस्थिति रहे।

# एसएस पब्लिक स्कूल में मनाया गया हिन्दी दिवस

▸ प्रतियोगिताओं में बच्चों ने लिया भाग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



हिन्दी मनाते बच्चे मौजूद शिक्षक — समृद्धि न्यूज

**शनिवार को** एसएस पब्लिक स्कूल नारायणपुर में हिंदी दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। चैयरमैन सुरेश चंद्र अवस्थी ने हिन्दी दिवस पर राष्ट्र भाषा के प्रति बोलने व समर्पित होने पर प्रकाश डाला। मैनेजर अनुपम अवस्थी ने कहा कि हिन्दी भाषा मेरी जननी है। इसी से मेरी पहचान है। सभी लोग इसे ज्यादा से ज्यादा बोले। प्रधानाचार्य देवेश नारायण अवस्थी ने कहा कि हिन्दी को राष्ट्र भाषा का दर्जा दिया जाये। क्योंकि यह सबसे ज्यादा बोलने वाली भाषा है। डायरेक्टर जतिन नारायण अवस्थी ने हिंदी दिवस के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही बच्चों को हिंदी दिवस के प्रारंभ होने के बारे में बताने के साथ ही हिंदी के महत्व को रेखांकित किया। कोआर्डिनेटर राहुल मिश्रा, राजेश तिवारी, प्रतिभा सिंह, पूजा, आयुषी, कशिश तथा सोनू सिंह आदि शिक्षकों ने हिंदी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न कविताएं प्रस्तुत की। इस अवसर गौरव, हर्षित, प्रिया, वैष्णवी, आरिश, पीयूष, अविरल, श्याम, रिवांश, अक्षिता, कार्तिक, आरव, सोनल, प्रयांशी, रिशव, अनुष्का आदि बच्चो ने कविता लेखन, निबंध लेखन के साथ ही पोस्टर बनाए।

# हिन्दी दिवस पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में निबंध प्रतियोगिता हुई आयोजित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



निबंध प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र

**सरस्वती** शिशु विद्या मंदिर सेनापति में राष्ट्रीय हिन्दी दिवस धूमधाम से मनाया गया। हिन्दी दिवस पर विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता कृष्ण कुमार कटियार ने हिन्दी भाषा पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वतंत्रता के बाद भारत की संविधान सभा में 14 सितम्बर 1949 को देव नगरी लिपि में लिखी गयी हिन्दी को आधिकारिक भाषा के रुप में स्वीकार किया। यह निर्णय हिन्दी को भारत की भाषा के रुप में बढ़ावा देने और विकसित करने तथा राष्ट्र के विविध थाबाई और संस्कृति क्षेत्रों को एकजुट करने के लिए हिन्दी का विकास आवश्यक है। संचालन करते हुए रामानंद पाण्डेय ने कहा कि बिना हिन्दी के हम विकसित राष्ट्र की कल्पना नहीं कर सकते है। हिन्दी ही भारत की भारतीयता निहित है। हमारे देश में कालीदास से लेकर तुलसीदास, महादेवी वर्मा, भारतेन्दु, हरिश्चन्द्र आदि अनेकों लेखकों ने हिन्दी संस्कृत में अहम योगदान दिया। जिसको राष्ट्र नमन करता है। इस अवसर पर विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। संचालन प्रदीप अवस्थी ने किया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक एवं बच्चे मौजूद रहे।

**गोष्ठी** — वाणी विनायक द्वारा काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन

# ऐसे कार्यक्रमों से स्वर्णिम समाज की होती है स्थापना: राजगौरव पाण्डेय

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



महेश पाल सिंह उपकारी को सम्मानित करते राजगौरव पाण्डेय व संजय गर्ग

**वाणी विनायक** संस्था की ओर से चतुर्थ गणेश महोत्सव घुमना स्थित राधा गोपाल मंदिर में गजानन काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय कवि डा0 शिवओम अम्बर ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभाम्भ किया। मुख्य अतिथि रामशंकर अवस्थी अबोध ने काव्य पाठ किया। प्रीती तिवारी ने वाणी वंदना के साथ शुभारम्भ किया। अम्बर ने गणेश के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गणेश की मुद्राये मानव को मानवीयता की ओर इशारा करती है। जिस तरह भारत देश विषम परिस्थितियों से गुजर रहा है। सावधान रहने की आवश्यकता है। संस्था उपाध्यक्ष राकेशानंद ने कहा कि मानवीय मूल्यों को ध्यान में रखते हुए जातिविहीन समाज की स्थापना हो। इसी कारण मैं राकेश शुक्ला की बजाय राकेशानंद कहने की प्रार्थना करता हूं। संचालन वैभव सोमवंशी ने किया। काव्यपाठ में महेश पाल सिंह उपकारी, रामऔतार शर्मा इंदु, दिलीप कश्यप, राममोहन शुक्ला, निमिष टंडन, उपकार मणि आदि को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। राजगौरव पाण्डेय ने आंगतुकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि संस्था साहित्य प्रेमियों के सहयोग से इस तरह का कार्य करती रहती है। ऐसे कार्यक्रमों से संस्कार प्राप्त होते है और गुरुजनों और माता-पिता का आशीर्वाद मिलता है। जिससे स्वर्णिम समाज की स्थापना होती है। इस अवसर पर संध्या पाण्डेय, सरिता पाण्डेय, भानू प्रकाश गुप्ता, संजय गर्ग, परमेश्वरी दीन वर्मा, राजदीपक पाण्डेय, पार्थिवी पाण्डेय, यश पाण्डेय, अमित सक्सेना, धीरज मौर्या, रितुल मौर्या, रामजी राजपूत, देव पटेल, अरविन्द दीक्षित, अनुभव सारस्वत, शैलेन्द्र सक्सेना, संजीव कुमार वर्मा, राममोहन शुक्ला, किरन गुप्ता, लवी गुप्ता, सिमरन सिंधी आदि लोग मौजूद रहे।

# जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव तीन खानदानों व युवाओं के बीच : मोदी

एजेंसी

**डोडा/नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परिवारवाद की राजनीति पर हमला करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर का इस बार का विधानसभा चुनाव तीन खानदानों और जम्मू-कश्मीर के युवाओं के बीच है।

जम्मू क्षेत्र के डोडा जिले में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में आयोजित एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आ रहा बदलाव हमारी सरकार की बीते 10 सालों की कोशिशों का नतीजा है। उन्होंने कहा कि हम और आप मिलकर जम्मू-कश्मीर को देश का एक सुरक्षित और समृद्ध हिस्सा बनाएंगे। जम्मू कश्मीर का इस बार का विधानसभा चुनाव तीन खानदानों और जम्मू-कश्मीर



के युवाओं के बीच में है। उन्होंने कहा कि एक खानदान कांग्रेस का है, एक खानदान नेशनल कॉन्फ्रेंस का है और एक खानदान पीडीपी का है। जम्मू-कश्मीर में इन तीन खानदानों ने मिलकर आप लोगों के साथ जो किया है वो किसी पाप से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में दशकों से जो दुर्दशा हुई है, उसके लिए ये तीन परिवार जिम्मेदार हैं। वे भ्रष्टाचार में लिप्त रहे और आपको अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष करना पड़ा। इन परिवारों ने घाटी में आतंकवाद और उग्रवाद की नींव रखी। उन्होंने निजी लाभ के लिए आतंकवाद के प्रचार-प्रसार के लिए एक सुरक्षित पनाहगाह प्रदान की। उन्होंने कहा कि इस बार जम्मू-कश्मीर का चुनाव, जम्मू-कश्मीर का भाग्य तय करने वाला है। आजादी के बाद से ही हमारा प्यारा जम्मू-कश्मीर विदेशी ताकतों के निशाने पर आ गया। इसके बाद इस खूबसूरत राज्य को परिवारवाद ने खोखला करना शुरू कर दिया। यहां जिन राजनीतिक दलों पर आपने भरोसा किया, उन्होंने आपके बच्चों की चिंता नहीं की। उन्होंने सिर्फ और सिर्फ अपने बच्चों को आगे बढ़ाया। जम्मू-कश्मीर के मेरे नौजवान आतंकवाद में पिसते रहे।

## बिहार को आज पीएम देंगे चार वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात

पटना। बिहार को रविवार यानी 15 सितम्बर को चार वंदे भारत ट्रेन की सौगात मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इन ट्रेनों का उद्घाटन करेंगे। गया–नवादा–किऊल के रास्ते वाराणसी और देवघर के बीच चलने वाली वंदे भारत, दुमका होकर भागलपुर–हावड़ा वंदे भारत, गया– हावड़ा के मध्य चलने वाली वंदे भारत ट्रेन और टाटानगर से गोमो के रास्ते पटना तक चलने वाली वंदे भारत ट्रेन का शुभारंभ किया जायेगा। भागलपुर–हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस का ट्रायल रन शुक्रवार को सफल रहा। रविवार को इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री करेंगे। इस ट्रेन को बांका होकर चलाया जा रहा है। रविवार को यह उद्घाटन स्पेशल ट्रेन बनकर चलेगी। भागलपुर से सुबह 11 बजे ट्रेन रवाना होगी और 11.30 बजे बाराहाट, 12.05 बजे मंदार हिल, 13.10 बजे हंसडीहा, 13.50 बजे नोनीहाट, 14.35 बजे दुमका, 15.55 बजे रामपुरहाट, 17.00 बजे बोलपुर शांति निकेतन रूकते हुए 20.00 बजे यानी रात के आठ बजे हावड़ा पहुंचेगी। यह ट्रेन 17 सितम्बर से स्थायी तौर पर आम यात्रियों के लिए चलेगी।

## खाई में गिरी अनियंत्रित कार, चालक समेत तीन की मौत, दो घायल

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा में भारी बारिश के बीच एक दर्दनाक घटना सामने आई है। लमगड़ा तहसील के सांगड़ मोटर मार्ग पर हल्द्वानी से पिथौरागढ़ जा रही अल्टो कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हादसे में चालक सहित तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि दो घायल हो गए। आपदा प्रबंधन टीम और पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू कर सभी को बाहर निकाला और घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से बेस अस्पताल पहुंचाया। आपदा प्रबंधन कार्यालय अल्मोड़ा के अनुसार यूके 05 टीए 4577 नंबर की अल्टो कार में पांच लोग सवार थे। सभी हल्द्वानी से पिथौरागढ़ जा रह थे। रास्ते में लमगड़ा तहसील के सांगड़ मोटर मार्ग पर कार अनियंत्रित होने से हादसा हो गया। देर रात हुए कार हादसे में कार सवार रजनी पुत्री रविंद्र कुमार निवासी बीसा बजेठा पिथौरागढ़ व सुनीता देवी पत्नी रविंद्र कुमार निवासी कुमौड़ा पिथौरागढ़ की मौके पर ही मौत हो गई।

# चैंपियंस ट्रॉफी : भारत ने पाक को 2-1 से हराया

एजेंसी



**मोकी।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोलों की बदौलत शनिवार को एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के अपने अंतिम ग्रुप स्टेज मैच में पाकिस्तान को 2-1 से हरा दिया। छह टीमों की राउंड-रॉबिन प्रतियोगिता में यह भारत की लगातार पांचवीं जीत थी।

पाकिस्तान ने अहमद नदीम (आठवें मिनट) की मदद से बढ़त बनायी लेकिन हरमनप्रीत सिंह (13वें, 19वें मिनट) ने दो पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलकर भारत को जीत दिलायी। इस मैच से पहले, भारत ने 2013 के बाद से 25 मैचों में 16 जीत के साथ पाकिस्तान पर अपना दबदबा कायम कर लिया है। यह सिलसिला जारी रहा और हरमनप्रीत ने दो गोल करके यह सुनिश्चित किया कि उनकी टीम प्रतियोगिता में अपनी अजेय लय बनाए रखे। पाकिस्तान ने मैच के 50वें मिनट में वीडियो रेफरल जांच के बाद भारतीय सर्कल के अंदर जुगराज सिंह के टैकल में बाधा डालने के कारण अपने प्रमुख खिलाड़ी अशरफ राणा को 10 मिनट के पीले कार्ड के कारण खो दिया। इसके बाद मनप्रीत सिंह को भी 5 मिनट का पीला कार्ड मिलने के बाद दोनों टीमों ने 10-10 खिलाड़ियों के साथ खेला।

## इंग्लैंड ने दूसरे टी-20 में ऑस्ट्रेलिया को 3 विकेट से हराया

**कार्डिफ।** अनुभवी लियाम लिविंगस्टोन के हरफनमौला प्रदर्शन की मदद से इंग्लैंड ने शुक्रवार को कार्डिफ में ऑस्ट्रेलिया को तीन विकेट से हराकर तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में 1–1 की बराबरी कर ली है। इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की टीम ने जेक फ्रेजर–मैकगर्क (50) के पहले अर्धशतक और जोश इंग्लिस के 26 गेंदों पर 42 रनों की तेज पारी की बदौलत 20 ओवर में 6 विकेट पर 193 रन बनाए। इन दोनों के अलावा मैथ्यू शॉर्ट ने 28 और कप्तान ट्रेविस हेड ने 31 रन बनाए। अंत में आरोन हार्डी ने 9 गेंदों में 20 रन की तेज पारी खेली। इंग्लैंड के लिए लिविंगस्टोन और ब्रीडन कार्स ने 2–2 और सैम करन, आदिल राशिद ने 1–1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम एक समय 79 रनों पर 3 विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी, लेकिन यहां से लिविंगस्टोन (47 गेंदों पर 87 रन) और जैकब बेथेल (24 गेंदों पर 44 रन) के बीच केवल 47 गेंदों पर 90 रनों की साझेदारी ने उन्हें वापस मैच में ला दिया और इंग्लैंड ने 1ओवर शेष रहते 194 रन बनाकर 3 विकेट से जीत दर्ज कर ली। इंग्लिश कप्तान फिलिप शॉर्ट ने भी 39 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली।

## विजयवाड़ा-नई दिल्ली के बीच इंडिगो की विमान सेवा का शुभारंभ

**नई दिल्ली।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा अंतरराष?ट्रीय एयरपोर्ट पर शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम में विजयवाड़ा से नई दिल्ली के बीच इंडिगो की सीधी उड़ान सेवा का शुभारंभ किया। नायडू ने विजयवाड़ा एयरपोर्ट पर एक नए प्रवेश और निकास मार्ग का भी शुभारंभ किया। मंत्री के कार्यालय ने एक?स पोस?ट पर एक बयान में कहा कि केंद्रीय मंत्री नायडू ने विजयवाड़ा-नई दिल्ली के बीच इंडिगो की उड़ान का उद्घाटन किया है। इसके साथ ही उन?होंने विजयवाड़ा एयरपोर्ट पर एक नए प्रवेश और निकास मार्ग का भी शुभारंभ किया। इससे एयरपोर्ट पर आने-जाने वाले यात्रियों के लिए दूरी 400 मीटर कम हो गई है। मंत्री नायडू ने कहा कि मुझे हवाई अड्डे के संचालन की समीक्षा करने का भी मौका मिला। नए एकीकृत टर्मिनल को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

# डॉक्टरों की सभी मांगों को पर किया जाएगा विचार : ममता

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शनिवार को अचानक साल्ट लेक स्थित स्वास्थ्य भवन पहुंचीं, जहां आरजी कर मेडिकल कॉलेज में हुए घटनाक्रम के खिलाफ जूनियर डॉक्टरों ने धरना दिया है। इस धरने में शामिल डॉक्टरों को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि वह मुख्यमंत्री के रूप में नहीं बल्कि उनकी दीदी के रूप में आई हैं और उनकी सभी मांगों को सहानुभूतिपूर्वक सुना जाएगा।

मुख्यमंत्री के साथ इस मौके पर राज्य के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार भी मौजूद थे। ममता ने डॉक्टरों के धरनास्थल पर जाकर प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से डॉक्टरों को अपना संदेश दिया। हालांकि, जब ममता मंच पर पहुंचीं, तो धरना स्थल से नारेबाजी जारी रही और कुछ देर तक असमंजस वाली स्थिति बन गई। ममता ने डॉक्टरों



से शांत रहने और उन्हें बोलने का मौका देने की अपील की।ममता बनर्जी ने कहा, मैं यहां अपनी सुरक्षा के निर्देशों के बावजूद आई हूं। मैं आपके आंदोलन को सलाम करती हूं। मैं खुद एक छात्र आंदोलन से निकली हूं। मैं समझ सकती हूं कि 34 दिन से धरने पर बैठे रहना कितना कठिन है। आप सड़क पर हो तो मुझे भी आपकी निगरानी करनी पड़ती है। मुख्यमंत्री ने जूनियर डॉक्टरों से अपील की कि अगर वे काम पर लौटना चाहते हैं, तो सरकार उनकी सभी मांगों पर विचार करेगी। ममता ने कहा, मैं अकेले सरकार नहीं चलाती। मैं सभी से सलाह-मशविरा करूंगी। अगर कोई दोषी होगा, तो उसे सजा मिलेगी।

## आईसीएमआर ने परीक्षण के लिए शैक्षणिक भागीदारों के साथ किया समझौता

**नई दिल्ली।** भारत के नैदानिक अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने चरण-1 क्लिनिकल परीक्षणों के अपने नेटवर्क के तहत कई प्रायोजकों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओए) को औपचारिक रूप दिया है। ये समझौते चार आशाजनक अणुओं के लिए प्रथम-इन-ह्यूमन क्लिनिकल परीक्षणों में से एक हैं। इनमें ऑरिजीन ऑन्कोलॉजी लिमिटेड के साथ मल्टीपल मायलोमा के लिए एक छोटे अणु पर सहयोगात्मक अनुसंधान, इंडियन इम्यूनोलॉजिकल्स लिमिटेड के साथ जीका वैक्सीन विकास के लिए साझेदारी, मायनवैक्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ मौसमी इन्फ्लूएंजा वायरस वैक्सीन परीक्षण का समन्वय और एक नए संकेत के लिए सीएआर-टी सेल थेरेपी उन्नति अध्ययन शामिल है।

# हिप्पो होम्स के नए होम इम्प्रूवमेंट व इंटीरियर स्टोर का शुभारंभ

समृद्धि न्यूज

**ग्रेटर नोएडा वेस्ट।** होम बिल्डिंग, रेनोवेशन और इंटीरियर सॉल्यूशंस के प्रमुख ओमनी चैनल प्रोवाइडर, डालमिया भारत एंटरप्राइज़ के हिप्पो होम्स ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट में अपने नए रिटेल स्टोर का शुभारंभ किया है। यह भारत में ब्रांड का चौथा और नोएडा व ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में तीसरा स्टोर है। हिप्पो होम्स के एमडी और सीईओ अरविंद मेदिरत्ता द्वारा भारत में कंपनी के प्रमुख भागीदारों और सीनियर लीडरशिप टीम के साथ मिलकर नए स्टोर का उद्घाटन किया गया।

गोल्डन आई मॉल में स्थित यह नया स्टोर 9,000 वर्ग फुट के व्यापक क्षेत्र में फैला हुआ है। यह स्टोर घर के इंटीरियर सॉल्यूशंस के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन है, जो शहर में ग्राहकों की घरेलू और मॉड्यूलर सॉल्यूशंस की बढ़ती माँग को पूरा करने के लिए तैयार है। इस स्टोर में 100 से अधिक प्रमुख



होम बिल्डिंग और इम्प्रूवमेंट ब्रांड्स के 10,000 से अधिक प्रोडक्ट्स उपलब्ध हैं।

यह स्टोर घर खरीदारों और घर के मालिकों के लिए अपनी तरह का पहला वर्चुअल रियलिटी (वीआर) अनुभव प्रदान करता है। नए स्टोर में लाइव एक्सपीरियंस ज़ोन्स और बाथरूम व मॉड्यूलर किचन के सैंपल सेटअप की सुविधा भी है। हिप्पो होम्स के बारे में बोलते हुए, एमडी और सीईओ श्री अरविंद मेदीरत्ता ने कहा, हम ग्रेटर नोएडा वेस्ट में हिप्पो होम्स के होम इम्प्रूवमेंट एक्सपर्टाइज को लाकर और एनसीआर क्षेत्र में इसका विस्तार करने के लिए बेहद रोमांचित हैं।



दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल के साथ कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर और भगवान भोलेनाथ के दर्शन-पूजन करते हुए।

